आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 336 | उज्जैन, शुक्रवार 19 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण अमावस्या संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

## पीएम मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान सम्मान मिला

**ओमान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओमान का दूसरा सर्वोच्च सम्मान मिला। उन्हें सुल्तान हैथम बिन तारिक ने ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। इससे पहले दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर साइन हुए। समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्युएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे सेक्टर्स को सीधा फायदा होगा। इस पर नवंबर 2023 में बातचीत शुरू हुई थी। इससे पहले पीएम ने बताया कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता आने वाले कई दशकों तक दोनों देशों के रिश्तों की दिशा तय करेगा।

## सीएम नीतीश बिना शर्त माफी मांगें : जावेद अख्तर

**पटना।** सीएम नीतीश के मुस्लिम डॉक्टर के हिजाब खींचने का मामला शांत नहीं हो रहा है। राइटर जावेद अख्तर ने अपने एक्स पर लिखा है कि, 'जो भी मुझे थोड़ा बहुत भी जानता है, उसे पता है कि मैं पर्दा प्रथा के कितना खिलाफ हूं, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि मैं नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला डॉक्टर के साथ किए गए कृत्य को किसी भी तरह से स्वीकार कर लूं। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। नीतीश कुमार को उस महिला से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।' वहीं, एनडीए के नेता मामले पर नीतीश कुमार का बचाव करते नजर आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने हिजाब हटाने को सही ठहराया है। उन्होंने कहा, 'नीतीश कुमार ने कोई गलत काम नहीं किया है। अगर कोई नियुक्ति पत्र लेने के लिए जा रही है तो क्या वो अपना चेहरा नहीं दिखाएगी?'

## नीला ड्रम पहनकर पहुंची राखी सावंत



कहा- जया जी के लिए पहनकर आई हूं, मेरठ की मुस्कान ने ब्लू ड्रम में पैक की थी पति की लाश

**मेरठ।** मेरठ का चर्चित नीला ड्रम अब सेलेब्स के बीच भी चर्चा का विषय बन गया है। बालीवुड अभिनेत्री राखी सावंत ने ब्लू ड्रम पहनकर वॉक किया। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी इस ड्रेस को पेपराजी के सपोर्ट में बताया। साथ ही कहा कि वो ये नीला ड्रम जया बच्चन के लिए पहनकर आई हैं। राखी सावंत प्लास्टिक का ही नीला ड्रम पहनकर शो में आ गईं। राखी का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साथ ही लोगों को मेरठ का मुस्कान कांड याद आ रहा है, जब मुस्कान ने अपने पति मर्चेंट नेवी ऑफिसर सौरभ की हत्या कर लाश को नीले ड्रम में भरकर सील कर दिया था। दरअसल राखी सावंत मुंबई में हुए एक इवेंट में प्लास्टिक का नीला ड्रम ही पहनकर पहुंची। रेड कार्पेट पर राखी सावंत नीला ड्रम लेकर पहुंचीं और उन्होंने अपना चेहरा नीले रंग के बड़े ड्रम के बीच छिपा रखा था। इसके बाद अचानक से ड्रम हटाकर सीधे कैमरों की ओर देखते हुए कहा, जया जी, मेरे पैप्स को कुछ मत कहना, नहीं तो मैं आपको इस ड्रम में लेकर चली जाऊंगी। उन्होंने फोटोग्राफर्स की शक्ल-सूरत को लेकर जया बच्चन के पुराने बयान पर भी तंज कसा। कहा कि किसी पर टिप्पणी करने से पहले इंसान को खुद पर ध्यान देना चाहिए। कैमरों के सामने उन्होंने कहा, आज पैप्स हैं तो हम हैं। मुझे अपने पैप्स पर गर्व है, लव यू। कुछ दिन पहले जया बच्चन ने पेपराजी को लेकर नेगेटिव कमेंट कर दिए थे। उसके बाद राखी सावंत पेपराजी के सपोर्ट में उतरी हैं।

## प.म.रे. भोपाल रेल मंडल में लोको इंस्पेक्टर भर्ती प्रक्रिया रद्द

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल में लोको इंस्पेक्टर के पद पर चल रही चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान डीआरएम भोपाल की ओर से जवाब पेश किया गया, जिसमें स्पष्ट किया गया कि संबंधित चयन प्रक्रिया पहले ही रद्द की जा चुकी है। अदालत ने प्रस्तुत जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिका को सारहीन मानकर निराकृत कर दिया। याचिका में चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए इसे चुनौती दी गई थी। मामले में बताया गया कि रेलवे की ओर से 28 नवंबर 2024 को लोको रनिंग सुपरवाइजरों के लिए चीफ लोको इंस्पेक्टर पद पर चयन के लिए अधिसूचना जारी की गई थी।

## दिल्ली से मुंबई तक भारत हार नहीं भूलेगा : शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने बुधवार को कहा कि उनकी सेना ने भारत को कभी न भूलने वाला सबक दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई तक भारत इस हार का दर्द कभी नहीं भूलेगा। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने देश की जनता की दुआओं से यह जीत हासिल की। उन्होंने यह बयान खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में हरिपुर यूनिवर्सिटी में दिया। शहबाज ने दावा किया कि 87 घंटे तक चले इस संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। साथ ही कई ड्रोन भी मार गिराए। पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले का पाकिस्तान पर गलत इल्जाम लगाया है।

### विपक्ष ने कागज फाड़े, शिवराज ने कहा- चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम

# हंगामे के बीच वीबी-जी-राम-जी बिल लोकसभा से पास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी वीबी-जी-राम-जी पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष ने बिल के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और कागज फेंके। हंगामे के बीच बिल ध्वनि मत से पास हो गया।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मनरेगा का नाम पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया। वह तो पहले नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तब चुनाव और वोट के कारण महात्मा गांधी याद आए, बापू याद आए। तब उसमें जोड़ा गया महात्मा गांधी।

इससे पहले विपक्ष ने इस बिल के विरोध में संसद परिसर में मार्च निकाला। इसमें विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया और वीबी-जी-राम-जी बिल वापस लेने के नारे लगाए।

बुधवार को लोकसभा में वीबी-जी-राम-जी बिल पर 14 घंटे चर्चा हुई। कार्यवाही देर रात 1.35 बजे तक चली। इसमें 98 सांसदों ने हिस्सा लिया। विपक्ष ने मांग की कि प्रस्तावित कानून को स्टैंडिंग कमेटी के पास भेजा जाए। यह 20 साल पुराने एमजीएनआरईजी एक्ट की जगह लेगा।

### 5 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों में एक भी स्टूडेंट नहीं

- देशभर में 10.13 लाख सरकारी स्कूलों में से 5,149 में एक भी छात्र नहीं है। 2024-25 शैक्षणिक सत्र में जीरो नामांकन वाले इन स्कूलों में से 70% से ज्यादा तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में हैं। यह जानकारी शिक्षा मंत्रालय ने संसद में दी है। शून्य या 10 से कम छात्रों वाले स्कूलों की संख्या में बीते दो साल में 24% की बढ़ोतरी हुई है।
- **43 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की पहुंच देशभर में बंद-** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने एक सवाल के जवाब में लोकसभा में बताया कि 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की पहुंच को ब्लॉक कर दिया गया है। यह कार्रवाई उन प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ की गई है, जो कानून द्वारा प्रतिबंधित कंटेंट प्रसारित कर रहे थे।

### गडकरी ने प्रियंका को स्पेशल डिश खिलाई

#### कहा- भाई का काम किया तो बहन का भी करना होगा



संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच तल्खी देखने को मिल रही है। इस बीच गुरुवार को दोनों पक्षों के नेताओं के बीच हंसी मजाक भरी बातचीत देखी गई। केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका वाड्रा गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलने उनके कार्यालय पहुंची। यहां गडकरी से वायनाड की सड़क और कनेक्टिविटी से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रियंका ने छह प्रमुख सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। इस पर गडकरी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि पहले राहुल गांधी का काम किया था, अब बहन का काम नहीं करेंगे तो सवाल उठेंगे। बैठक के बाद गडकरी ने प्रियंका को चावल की एक खास डिश भी खिलाई, जिसे उन्होंने खुद यूट्यूब देखकर बनवाया था। दरअसल, प्रियंका वाड्रा ने संसद में प्रश्नकाल के दौरान नितिन गडकरी से मिलने का समय मांगा था और कहा था कि जून से अपॉइंटमेंट नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद गडकरी ने उन्हें मिलने बुलाया था।

### नशीले पदार्थों के विरुद्ध निरंतर चलाए जा रहे अभियान के तहत

# 12.55 किग्रा एमडी और कार जब्त

## टीम ने मंदसौर जिले के ढोढर टोल प्लाजा से एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो एमपी युनिट की टीम ने मंदसौर जिले के ढोढर टोल प्लाजा से मंगलवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 किलो 55 ग्राम अवैध मेफेड्रोन एवं एक कार जब्त की है। उप नारकोटिक्स आयुक्त, केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, नीमच ने अपनी जारी विज्ञप्ति में अधिकृत तौर पर यह जानकारी दी है।

नशीले पदार्थों के विरुद्ध निरंतर चलाए जा रहे अभियानों के क्रम में, विशिष्ट आसूचना के आधार पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), एमपी यूनिट की एक प्रिवेंटिव टीम ने मंगलवार की देर रात्रि के दौरान ढोढर टोल प्लाजा, तहसील जावरा, जिला रतलाम पर चित्तौड़गढ़ पासिंग एक मारुति स्विफ्ट कार को रोका तथा उसकी तलाशी के दौरान 10 पैकेटों में छिपाकर रखी गई 12.0055 किलोग्राम अवैध मेफेड्रोन बरामद की।





### सूचना के आधार पर टीम ने की कार्रवाई

सूचना प्राप्त हुई थी कि एक मारुति स्विफ्ट कार प्रतापगढ़ क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ लेकर मंदसौर-रतलाम हाईवे के माध्यम से गुजरात की ओर तस्करी करने वाली है। उक्त सूचना के आधार पर मंगलवार को दिन के समय ही सीबीएन एमपी यूनिट की एक विशेष टीम का गठन कर संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी गई। टीम द्वारा सतर्कतापूर्वक संदिग्ध वाहन की पहचान कर उसे ढोढर टोल प्लाजा पर रणनीतिक रूप से रोका गया।

### अब तक कि सबसे बड़ी बरामदगी

कार्रवाई के दौरान मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वाहन की गहन तलाशी के दौरान 10 पैकेटों में रखी 12.0055 किलोग्राम अवैध मेफेड्रोन की बरामदगी हुई। विधिक औपचारिकताओं की पूर्ति के उपरांत जब्त मादक पदार्थ एवं वाहन को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (एनडीपीएस एक्ट) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि मेफेड्रोन की यह बरामदगी इस प्रकार के मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## सुकमा में डीआरजी-नक्सली मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

एजेंसी ▶▶ सुकमा



छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, अब तक एक महिला नक्सली सहित तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गोलापल्ली क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर डीआरजी की टीम ने जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। गुरुवार सुबह जैसे ही सुरक्षाबल इलाके में पहुंचे, नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई, जो रुक-रुक कर जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन अभी जारी है और क्षेत्र की पूरी तरह से घेराबंदी कर तलाशी ली जा रही है। अभियान के पूरा होने के बाद ही स्थिति की आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी। बताया जा रहा है कि वर्ष 2025 में अब तक छत्तीसगढ़ में विभिन्न मुठभेड़ों में कुल 284 नक्सली मारे जा चुके हैं। इनमें से अधिकांश नक्सली बस्तर संभाग के जिलों–बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा में ढेर किए गए हैं।

## वेनेजुएला के साथ जंग की घोषणा कर सकते हैं ट्रम्प

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी ब्रॉडकास्टर टकर कार्लसन ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वेनेजुएला के साथ युद्ध की घोषणा कर सकते हैं। टकर कार्लसन ने यह बात अपने ऑनलाइन शो जजिंग फ्रीडम में कही।

उनके मुताबिक, एक अमेरिकी सांसद ने उन्हें बताया कि सांसदों को ट्रम्प के संबोधन से पहले एक बंद कमरे में ब्रीफिंग दी गई थी। इस ब्रीफिंग में कहा गया कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सैन्य टकराव की स्थिति बन सकती है और राष्ट्रपति इसे भाषण में सार्वजनिक कर सकते हैं। यह दावा ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस करें जिन्हें अवैध रूप से छीन लिया गया था।



ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला ने 1976 में अमेरिकी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था और उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली थी। ट्रम्प ने वेनेजुएला पर दबाव बढ़ाते हुए प्रतिबंधित तेल टैंकरों के वेनेजुएला आने-जाने पर पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया है। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा कि वेनेजुएला दक्षिण अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ी नौसेना घेराबंदी से घिरा हुआ है। यह घेराबंदी और बढ़ेगी, जब तक कि वेनेजुएला अमेरिका से चुराए गए तेल, जमीन और दूसरी संपत्तियों को वापस नहीं लौटाता।

## यूपी में शीतलहर और कोहरे का कहर जारी पारा 6 डिग्री पर

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

यूपी में शीतलहर और कोहरे का कहर जारी है। गुरुवार को प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और अयोध्या सहित 30 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। पाकिस्तान के रास्ते आ रही नमी और ठंडी हवाओं (पश्चिमी विक्षोभ) ने ठिठुरन बढ़ा दी। बरेली में ठंड ने 8 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। स्कूल 20 दिसंबर तक बंद कर दिए गए। बुधवार की बात करें तो प्रदेश में कानपुर सबसे ठंडा रहा। न्यूनतम पारा 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### करूर भगदड़ के बाद विजय की तमिलनाडु में पहली रैली

## 35,000 लोग पहुंचे, एक समर्थक बेहोश

एजेंसी ▶▶ इरोड

एक्टर और तमिलगा वेत्री कझगम प्रमुख विजय ने कहा कि डीएमके और प्रॉब्लम्स अच्छे दोस्तों की तरह हैं, दोनों एक-दूसरे से अलग नहीं रह सकते। अब यह लड़ाई अच्छाई और बुराई के बीच है।

विजय गुरुवार को तमिलनाडु के ईरोड में रैली को संबोधित कर रहे थे। ये 27 सितंबर को करूर में हुई भगदड़ के बाद तमिलनाडु में विजय की यह पहली पब्लिक रैली थी। करूर भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई थी, इसको लेकर विजय पर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। रैली में करीब 35 हजार लोग शामिल हुए। हालांकि रैली के दौरान एक सपोर्टर बेहोश होकर गिर पड़ा। इससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, बेहोश व्यक्ति को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। विजय ने कहा कि, दिवंगत मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन और जे जयललिता भी डीएमके को थीया शक्ति (बुरी ताकत) कहते थे, जबकि टीवीके थोया शक्ति (अच्छी ताकत) है। इसलिए अब तमिलनाडु चुनाव 2026 की लड़ाई टीवीके की अच्छाई और डीएमके की बुराई के बीच है।



# मध्यप्रदेश में जुगाड़ से तैयार हो रही मौत वाली शराब

## महुआ वाली शराब बनाने में सड़े-गले गुड़ से लेकर धतूरा, यूरिया और यहां तक कि ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन का भी इस्तेमाल किया जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इन्दौर

मध्य प्रदेश में कच्ची व जहरीली शराब पकड़े जाने के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची व जहरीली शराब जमकर बनाई व बेची जाती है और इसी शराब की वजह से कई लोग अपनी जान गंवा बैठते हैं। ताजा मामला छतरपुर का है, जहां ड्रमों में भारी मात्रा में जहरीली शराब मिली है। क्या आप जानते हैं कि आखिर यह कच्ची शराब बनती कैसे है और कैसे ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी आसानी से यह अवैध कारोबार पनप जाता है?

दरअसल, कच्ची या महुआ वाली शराब बनाने में सड़े-गले गुड़ से लेकर धतूरा, यूरिया और यहां तक कि ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसी वजह से ऐसी शराब जहरीली हो जाती है और इसे पीने वाले कई लोगों की मौत भी हो जाती है। मध्य प्रदेश में जहरीली शराब से मौत के मामलों को कमी नहीं है, बावजूद इसके सड़ा गला गुड़, भैंस के इंजेक्शन, महुआ, धतूरे के बीज और यूरिया का हो रहा इस्तेमाल आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में गुपचुप तरीके से कच्ची शराब बनाई जाती है।

### भैंस को लगने वाले इंजेक्शन का भी इस्तेमाल

एक्सपर्ट बताते हैं कि कच्ची शराब बनाने के लिए पहले जहां महुआ, खमीर, गुड़ आदि को सड़ा कर चूल्हे पर चढ़ाया जाता था, तो वहीं आज ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए खतरनाक रसायनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी शराब बनाने में महुआ, यूरिया, धतूरे के बीज, सड़ा-गला गुड़, शीय, खमीर और ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन को मिलाया जाता है। ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन वही इंजेक्शन होता है, जिसका इस्तेमाल गाय-भैंस का दूध उतारने में किया जाता है। कच्ची शराब बनाने वाले अक्सर ग्राहकों की मांग पर नशा बढ़ाने के लिए खतरनाक रसायनों और धतूरे के बीज आदि की मात्रा बढ़ा देते हैं, लेकिन एक निश्चित मात्रा के बाद इन तत्वों से शराब जहरीली हो जाती है और इसके सेवन से मल्टीपल ऑर्गन फेलियर हो जाता है और व्यक्ति की जान चली जाती है। कई बार ये शराब लोगों के शरीर में स्लो पॉइजन का काम करती है और धीरे-धीरे मौत की ओर ले जाती है।



### भट्टी पर पकाई जाती है जहरीली शराब

कुछ क्षेत्रों में कच्ची शराब बनाने के लिए महुआ, गुड़ और पानी के साथ यूरिया और यीस्ट मिलाकर उसे जमीन में गाड़ दिया जाता है। इसके बाद इस मिश्रण से लाहन उठने पर इसे चूल्हे या भट्टी पर चढ़ा दिया जाता है। इसके बाद इस मिश्रण के मुहाने पर मटके नुमा बर्तन को ढककर उसमें पाइप लगाई जाती है। जब मिश्रण खौलता है तो इससे उठने वाली भाप से शराब उतारी जाती है। इसके अलावा सड़े संतरे, सड़े गले अंगूर आदि से भी शराब का लाहन तैयार किया जाता है।

- **मुरैना में जहरीली शराब से हुई थी 24 मौतें-** जनवरी 2021 में मुरैना में जहरीली शराब पीने से 24 लोगों की मौत हो गई थी। यूं तो इस मामले में 28 लोगों की मौत की बात सामने आई थी पर पुलिस की केस डायरी में 24 मौतों का जिक्र किया था, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल था। हाल ही में इस मामले में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने 14 आरोपियों को दोषी मानते हुए 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई है।
- **मंदसौर में जहरीली शराब ने ली थी 11 जानें-** मंदसौर में भी जहरीली शराब पीने से 2021 में 11 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, इस मामले में भी प्रशासन ने शराब से चार मौत होने की बात स्वीकारी थी। इसे लेकर मंदसौर में काफी बवाल हुआ था, विपक्षी दल ने दावा किया था कि 11 लोगों की मौत के मामले में प्रशासन ने गंभीर लापरवाही बरती और परिजनों के कहने के बाद भी पोस्टमॉर्टम नहीं कराया था। इसी घटना के बाद 3 अगस्त को शिवराज कैबिनेट ने अवैध शराब की बिक्री व निर्माण के खिलाफ कड़े कानून पर मुहर लगा दी थी।

### जहरीली शराब के मामलों में कमी नहीं

- सरकार द्वारा जहरीली अवैध शराब की बिक्री व निर्माण के खिलाफ भले ही कड़े कानून बना दिए गए हों, इसके बावजूद इन मामलों में कमी नहीं आ रही है। हाल ही में छत्तरपुर में जहरीली शराब की एक देशी फैक्ट्री पर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां ड्रमों और कैन में भारी मात्रा में जहरीली शराब को जब्त कर नष्ट किया गया है। यह कार्रवाई बिजावर थाना क्षेत्र के ग्राम कंजरपुर में की गई, जहां कच्ची अवैध शराब की फैक्ट्री चल रही थी।
- यहां चूल्हे पर शराब को उबाल कर डिब्बों में भरा जा रहा था, तभी आबकारी टीम ने दबिश दे दी। मौके से देशी व कच्ची शराब बनाने बाला 4800 किलोग्राम महुआ लाहन व भट्टियां बरामद की गई है। अवैध शराब की कीमत लगभग 4 लाख 80 हजार रु बताई गई हैं।
- आबकारी इंस्पेक्टर गजेंद्र यादव ने बताया, कि आबकारी अधिकारी के निर्देश पर टीम के साथ कार्रवाई की गई है, जिसमें 4800 लीटर शराब को जब्त किया गया है। इसके बाद मौके पर शराब व भट्टियों को नष्ट कर दिया गया।

## गुरुवार का महाकाल श्रृंगार



## नगर निगम में प्रतिनियुक्ति के अधिकारियों पर फिर सवाल खडा हुआ, कर्मचारियों ने निगम गेट पर जमकर की नारेबाजी, सैकड़ों कर्मचारी रहे उपस्थित

# निगम में बाहर से आये अधिकारी स्वार्थ सिद्धि में लगे- कोरट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में प्रतिनियुक्ति के अधिकारियों के अधिकारियों पर एक बार फिर सवाल खडा हो गया है। नगर निगम उज्जैन में शासन ने जब से उज्जैन के बाहर से अधिकारियों को पहुंचाना शुरू किया है तब से आज तक ये अधिकारी अपनी स्वार्थ सिद्धि की पूर्ति कर यहां से चले जाते हैं। उक्त बात भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कही।

उनका कहना था कि पहले स्थानीय स्तर के अधिकारी होते थे, जो नगर निगम के कार्यों को लगन एवं ईमानदारी से करते थे। नगर निगम की गरिमा को उनके द्वारा समझा जाता था, लेकिन ये बाहर से आये अधिकारियों (आयुक्त के अतिरिक्त) को केवल अपनी स्वार्थ की पूर्ति करना होता है। नगर निगम के अधिकारियों को ऐसे कर्मचारियों से कोई लेना-देना नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा करोड़ों रुपये के कार्य सौंपे जाते हैं लेकिन अधिकारियों को उज्जैन शहर के कार्यों से कोई मतलब नहीं होता है। नगर निगम में आयुक्त के साथ मीटिंग में सभी मांगों पर सहमति बन जाती है लेकिन उनके अधिनस्थ अधिकारियों द्वारा कोई रुचि नहीं ली जाती है। जिससे निगम का कर्मचारी आज परेशान हो रहा है, जिनकी कोई सुनवाई नहीं होती है। इसलिए हमें आंदोलन की राह अपनाना पड़ती है।

### पहले भी उठ चुका है मामला

प्रतिनियुक्ति का मामला ऐसा नहीं है कि नगर निगम उज्जैन में पहली बार ही उठ रहा है। वर्ष 2005 में भी प्रतिनियुक्ति के अधिकारियों को लेकर मामला उठा था। तत्कालीन दौर में इस मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया गया था। शासन की प्रतिनियुक्ति के नियमों के विपरित उज्जैन नगर निगम में वर्षों तक अधिकारी जमे रहते हैं,जबकि नियम 3 वर्ष का ही है। शासन की और से प्रतिनियुक्ति मूलतः नवाचार के लिए दी जाती है,लेकिन अधिकारी यहां आकर नवाचार की बजाय सिस्टम को ही जाम कर देते हैं।



### प्रमुख रूप से ये कर्मी थे उपस्थित

इस अवसर पर रामविलास गुप्ता, रमेशचंद्र मकवाना, दशरथ लोदवाल, अजयप्रकाश मेहता, कमलकिशोर गेहलोत, लक्ष्मीनारायण चंदेल, उमाशंकर मिश्रा, जफर आलम अंसारी, अमरनाथ झा, वजीर बेग, अल्काब भाई, गय्यूर भाई, अजय दावरे, महेश झांझोट, राजेश लोट, शैलेन्द्र तेजी, सोनू पटोना, शैलेष नागर, दिलीप घावरी, जयनारायण आर्य, मुकेश कल्याणे, सुधीर भारती, मनोज सक्सेना, संतोष शर्मा, धीरज कलोसिया, अजय संगत सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अन्य नेताओं ने भी किया संबोधित

भारतीय मजदूर संघ एवं राज्य कर्मचारी संघ नेता मनोहर गिरी ने भी कहा कि आपकी समस्त मांगों का निराकरण कराने हेतु राज्य कर्मचारी संघ हमेशा निगम कर्मचारियों के साथ खड़ा है।

सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ अध्यक्ष डॉ. पवन व्यास ने कहा कि निगम अधिकारियों की बदतमीजी कर्मचारियों के प्रति बढ़ती ही जा रही है, एक अदने से प्रभारी अधिकारी के कहने पर अपर आयुक्त (वित्त) ने एक कर्मचारी से दुर्व्यवहार किया गया, जो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र रघुवंशी ने कहा कि अखबारों में पढ़ा कि सम्पत्तिकर वसूली में रिकार्ड 5 करोड़ से अधिक की आय निगम ने अर्जित की है। इसके बावजूद सम्पत्तिकर के अधिकारियों-कर्मचारियों का 7 दिवस का वेतन रोक दिया गया। इनके अतिरिक्त रमेशचंद्र निगम, पी.एल. टटवाल, नितिन मुसले, मनसुख मेहरवाल आदि ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया। गेट मीटिंग का संचालन सफाई कामगार संघ सचिव संदीप कलोसिया ने किया।

## एक माह पर उलझे भूमिपूत्र...

महाआयोजन की जमीन पर पक्के निर्माण की योजना निरस्त को लेकर भूमिपुत्रों एवं सत्ता पक्ष के बीच खाई खींच गई। भूमिपूत्रों के साथ निरस्त की बात का समझौता हुआ और बाद में संशोधन जारी किया गया। भूमिपूत्रों को समझ नहीं आया । बात निरस्त की थी और संशोधन बीच में कहां से आ गया। उन्होंने इसे लेकर पहल की। पहले दो दिन फिर सात दिन और अंत में आंदोलन की तिथि घोषित करना पडी। इस बीच एक माह का समय निकल गया। इस एक माह के समय को लेकर आम और खास भूमिपुत्र विचार मंथन में लगा हुआ है। यह तो भूमिपुत्रों को भी नवंबर समझौते में ही लग गया था कि महाआयोजन की जमीन को लेकर अब योजना निरस्त होना ही है लेकिन आदेश आखिर क्यों नहीं निकल रहा यह सबकी समझ से परे था। पहले सबको लगा था कि कुछ दिनों में आदेश जारी हो जाएगा। फिर मामला थोडा खिंचा तो चिंतन भी बढ गया। धीरे-धीरे इसमें करीब एक माह का समय बीत गया। भूमिपुत्र बराबर इसके मंथन में रहे आखिर इतना समय क्यों। पिछली बार भी आंदोलन घोषित होने और उसके बाद समझौता वार्ता हुई। इस बार भी आंदोलन घोषित होने के दो दिन बाद निरस्त आदेश सामने आया। आम भूमि पुत्र के समझ में यही मंथन का प्रश्न था कि आखिर वार्ता हुई,निरस्त को लेकर समझौता हुआ फिर एक माह का समय क्यों लग गया। इस प्रश्न का जवाब न तो आम भूमिपुत्रों को उनके मार्गदर्शक दे पाए और न हीं कोई अन्य। खुसूर-फुसूर है कि इस सवाल के जवाब को जानने के लिए कई आम एवं खास भूमिपुत्र खोजबीन भी करते पाए गए और जवाबों पर सवालों का दौर एवं उसके पीछे की रणनीति को भी समझने की कवायद करते पाए गए। आखिर निरस्त आदेश का ही मुद्दा था और वो निकला भी तो उसमें इतना समय किन कारणों से निकल गया और अगर समय लगना था तो अनुषांगिक संगठनों में फिर तकरार क्यों बढी ये आमजन के लिए भी जानने वाले प्रश्न बनकर रह गए हैं।




# रात में पारा 7.3 तक आया, दिन में तापमान 29.5 रहा

## शीतलहर से रात में कडाके की ठंड,दिन रहा कुनकुना, पहाडों से आ रही ठंडी हवाओं ने तापमान को गिराया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन ।उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी एवं एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उज्जैन भी प्रभावित हुआ है। न्यूनतम तापमान में गिरावट की स्थिति बन गई है। पिछले एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है। पहाडों से आ रही ठंडी हवाओं ने बुधवार झगुरूवार की रात को पारा 7.3 डिग्री पर ला दिया। गुरूवार दिन में तापमान 29.5 डिग्री रहा है।

पहाडों पर बराबर हो रही बर्फबारी और वहां की ठंडी हवाओं का असर उज्जैन एवं मालवांचल तक हो रहा है। इसके चलते अब कडाके की ठंड के दौर का प्रभाव होने जैसे हाल हो गए हैं। बुधवार झगुरूवार दरमियानी रात इस ठंड के मौसम में पहली बार तापमान 7.3 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंचा है। ठंड के साथ हल्की शीतलहर ने रात में आम आदमी को ऊनी वस्त्रों के पहने होने के बाद भी कपकपाने पर मजबूर कर दिया । गुरूवार सुबह सूरज ने दिन भर अपनी रौशनी से ठंड को कमजोर किया है। दिन में सूरज से आमजन ने कुनकुनी गर्माहट महसूस की है।

### न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री पर आया

उज्जैन में बुधवार गुरुवार की रात इस वर्ष सीजन की सबसे ठंडी रात रही। वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार गुरूवार सुबह न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री दर्ज हुआ है। गुरूवार शाम दिन का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। इस दौरान दिन में 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। रात को कोहरा छाने के साथ ही ओस ने भी लोगों को ठिठुरा दिया था। वेधशाला अधीक्षक राजेन्द्र कुमार गुप्त के अनुसार 14 दिसंबर 2024 को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया था। इस बार जिस तरह से ठंड का असर बढ़ता दिखाई दे रहा है उससे लग रहा है कि दिसंबर के अंत तक उज्जैन में न्यूनतम तापमान का नया रिकार्ड बन सकता है। आगामी दिनों में अधिकतम तापमान भी कम हो सकता है। इससे पहले 2 दिसंबर 2021 को अधिकतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया था।

### आगामी दिनों के लिए अलर्ट

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी से पूरे देश में ठंड का कहर बढ़ गया है। मध्यप्रदेश में भी रात का तापमान लगातार कम हो रहा है। ठंड के साथ ही शीतलहर की संभावना भी बढ़ती दिखाई दे रही है। दिन में हवा की गति कम है लेकिन रात में रफ्तार तेज हो रही है। इस बार जनवरी माह भी ठंड के बीच गुजर सकता है। एक-दो दिन में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसका असर जनवरी तक बना रह सकता है। कश्मीर में भी आगामी दिनों में बडी बर्फबारी को लेकर संभावना जताई गई है जिसका असर भी देश के अन्य भागों में पडेगा।

### रात में जलने लगे अलाव

ठंड बढने की स्थितियों के चलते शहर में अब कई स्थानों पर अलाव जलने की स्थिति देखी जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर तो अलाव नगर निगम जलवा ही रहा है। इसके अलग अब सामान्य घरों के बाहर भी कई लोग अलाव जला रहे हैं। इससे आमजन तो रात को खाना खाने और घुमने के दौरान ताप ले ही रहे हैं। आवारा मवेशी एवं कुत्ते भी ऐसे स्थानों के पास गर्माहट के लिए देर रात को बैठ रहे हैं।

# ईओडब्ल्यू उज्जैन में पदस्थ देवड़ा को डीजीसीआर सम्मान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, मध्यप्रदेश (ईओडब्ल्यू) द्वारा ईओडब्ल्यू मुख्यालय, भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में डीजीसीआर (डायरेक्टर जनरल्स कमेंडेशन रोल) सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर ईओडब्ल्यू के महानिदेशक श्री उपेन्द्र जैन द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए ईओडब्ल्यू उज्जैन में पदस्थ श्री लोकेन्द्र सिंह देवड़ा को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।

डीजीसीआर सम्मान पुलिस विभाग में कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी तथा उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए प्रदान किया जाता है। श्री लोकेन्द्र सिंह देवड़ा को यह सम्मान ईओडब्ल्यू में पदस्थ रहते हुए उनके द्वारा की गई प्रभावी जांच, महत्वपूर्ण आर्थिक अपराध प्रकरणों में उल्लेखनीय योगदान एवं समर्पित सेवा के लिए प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि से उज्जैन जिले सहित सम्पूर्ण ईओडब्ल्यू एवं मध्यप्रदेश पुलिस विभाग गौरवान्वित हुआ है। इस अवसर पर ईओडब्ल्यू मध्यप्रदेश के डीआईजी श्री यूसुफ कुरैशी, ईओडब्ल्यू उज्जैन के पुलिस अधीक्षक श्री रॅं१ वर्मा, ईओडब्ल्यू की अन्य इकाइयों के पुलिस अधीक्षकगण तथा विधि सलाहकार श्री एस. के. सरैया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## रुद्रसागर से जलकुंभी हटाने का कार्य जारी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम द्वारा रुद्रसागर से जलकुंभी हटाने का कार्य जारी है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निर्देश दिए है कि यह कार्य 30 दिसंबर से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएं। जलकुंभ हटाने का यह अभियान शहर के सौंदर्यीकरण और जल प्रदूषण नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। काम के दौरान विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इस पहल से रुद्रसागर का जलक्षेत्र साफ-सुथरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्य पूरी गति से जारी है और जल्द ही जलकुंभ से मुक्त रुद्रसागर की तस्वीरें देखने को मिलेंगी।

## उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के दल ने

# प्रयागराज कुंभ का अनुभव साझा कर उज्जैन का भ्रमण किया और आवश्यक सुझाव दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में गत दिवस आयोजित मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की उच्च स्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से आए वरिष्ठ अधिकारियों के दल ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान विद्युत आपूर्ति के लिए वहां की पूर्व की तैयारी, एग्जीक्यूशन तथा मेले के दौरान अपने अनुभव एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपना प्रस्तुतिकरण देकर मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के उच्च अधिकारियों के साथ अनुभव साझा किया।

इसके उपरांत मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा सिंहस्थ 2028 मेले एवं शहर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक तैयारी का प्रस्ताव, प्लानिंग तथा अन्य आवश्यक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रस्तुतीकरण कार्यपालन यंत्री श्री जयेंद्र ठाकुर द्वारा दल के समक्ष दिया। सिंहस्थ 2016 में सेवा देने वाले वर्तमान में विभाग में कार्यरत तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया था। सिंहस्थ 2016 के दौरान तत्कालीन उज्जैन जिले के अधीक्षण यंत्री रहे श्री एनसी गुप्ता,तात्कालीन महाकाल जोन प्रभारी श्री एसएन वर्मा, तत्कालीन दत्त अखाड़ा जोन प्रभारी श्री वी के मालवीय, तत्कालीन सिंहस्थ संभाग प्रभारी श्री आशीष आचार्य, तत्कालीन पूर्व शहर संभाग प्रभारी श्री केके शर्मा एवं तत्कालीन सहायक यंत्री श्री एसके जैन, श्रीमती पल्लवी तैलंग, श्री एसके यादव द्वारा बैठक के दौरान अपने सिंहस्थ 2016 के अनुभव साझा किए व महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक के उपरांत मुख्य अभियंता कॉरपोरेट कार्यालय श्री एसएल करवाड़िया , श्री एससी वर्मा श्री सी ए ठकार आदि ने विभाग के अधिकारियों को प्रयागराज में किए गए नवाचारों तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को सिंहस्थ 2028 के दौरान समाहित करने एवं सिंहस्थ के कार्य उच्च गुणवत्ता तथा समयबद्ध करने के लिए निर्देशित किया ।

बैठक के अंत में आभार प्रदर्शन अधीक्षण यंत्री श्री वीके मालवीय द्वारा किया गया। इसके उपरांत दल द्वारा शिप्रा नदी के महत्पूर्ण घाटों का , पेशवाई मार्ग का , श्री महाकाल मंदिर परिसर तथा मेला क्षेत्र का भ्रमण कर वहां की विद्युत आपूर्ति की प्लानिंग को समझा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक एवं भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से अधीक्षण यंत्री श्री मनोज कुमार गुप्ता, श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं श्री अनूप सिन्हा , मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से मुख्य अभियंता श्री एस एल करवाडिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एस सी वर्मा भी उपस्थित रहे।

# पेंशनर डे पर राठौर की स्मृति में पौधारोपण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पेंशनर डे के उपलक्ष में दिवंगत श्री राठौर जो कि जिला पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं कि इस स्मृति में 563 वैशाली नगर पर उनके पेंशनर साथियों द्वारा एकत्रित होकर उनकी स्मृति में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं स्मृति में घर के बाहर फलदार पौधे का पौधारोपण कर उन्हें याद किया गया.उल्लेखनीय कि सेवा निवृत्ति डिप्टी कलेक्टर श्री राठौड़ का हाल ही में निधन हुआ है और वह लंबे समय तक जिला पेंशनर फोरम के अध्यक्ष भी रहे हैं. इस अवसर पर मोहन लाल राठौर, मनोहर सोनी, विजय सिंह गहलोत, अनूप सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे.।

# 2026 में शुक्र 2 बार होंगे वक्री, चमकेगा इन राशियों का भाग्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



धन और वैभव के दाता शुक्र किसी भी व्यक्ति के जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। आर्थिक समस्याओं के साथ-साथ करियर और कारोबार में आ रही बाधाओं को भी दूर करते हैं। कुंडली में इस ग्रह का खास महत्व होता है। इसकी हर एक चाल जातकों के जीवन को नकारात्मक और सकारात्मक तौर पर प्रभावित करती है। इसकी शुभ स्थिति पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ दोनों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। ज्योतिष शास्त्र में शुक्र का वक्री होना शुभ नहीं माना जाता। लेकिन 12 राशियों पर इसका अलग-अलग प्रभाव देखने को मिलता है। साल 2026 में शुक्र दो बार वक्री यानि उल्टी चाल चलने वाले हैं पहले तुला राशि और फिर कन्या राशि में वक्री होंगे। यह संयोग अक्टूबर-नवंबर में बनेगा। कुछ राशियों को इससे खूब फायदा होगा। जीवन में खुशियों का आगमन होगा। किस्मत साथ देगी। आइए जानें ये भाग्यशाली लोग कौन हैं?

**वृषभ राशिः** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह समय बेहद ही शुभ रहने वाला है। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। दोस्तों और परिवार के साथ यात्रा की योजना बन सकती है। छात्रों को भी दौरान अच्छा रिजल्ट मिलेगा। सरकारी नौकरी की इच्छा पूरी होगी। पर्सनल लाइफ में भी खुशहाली आएगी। प्रमोशन के प्रबल योग बन रहे हैं। करियर में भी सफलता मिलेगी, बड़ी जिम्मेदारियाँ भी मिल सकती है। भौतिक सुख सुविधाओं की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि के जातकों का भी जीवन इस दौरान खुशहाल होने वाला है। अटका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। इनकम में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी। दोस्तों और परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। कोई भी नया काम शुरू करने पर भी फायदा होगा। लव मैरिज के योग भी बना रहे हैं। वैवाहिक वैवाहिक जीवन में आ रही समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा। करियर के लिए भी यह समय अनुकूल रहेगा। सहकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। बिजनेस का भी विस्तार होने वाला है।

**मकर राशिः** मकर राशि के जातकों के लिए धन लाभ और सफलता के प्रबल योग बनने वाले हैं। लग्जरी आइटम की खरीदारी हो सकती है। हालांकि खर्चों पर काबू पाने की जरूरत है। जॉब में बदलाव होगा, जिससे करियर में फायदा होगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होगी। दांपत्य जीवन भी सुखमय होगा। परिवार में खुशहाली आएगी। धन और समृद्धि में वृद्धि के प्रबल योग बन रहे हैं। कोर्ट कचहरी से जुड़े मामलों में भी सफलता मिल सकती है।

सप्तम पुण्य स्मरण



आज आप नहीं किंतु
आपकी सीख, प्रेरणा और यादें
हमारे जीवन की अमुल्य धरोहर है
स्व. श्री शिवनारायण जी साँखला
(उस्ताद)
के सप्तम पुण्य स्मरण पर
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि
स्वर्गारोहण : दिनांक 19.12.2018
- श्रद्धावनत् -
दिनेश, प्रदीप, चिंतामन, बंटी, रवि, राहुल, मोहित, हर्षित, मयुर, मोनु, माधवराज
लव, देवांश, यश, सोनु, शिवाय, सुरेश एवं समस्त साँखला परिवार, उर्दुपूरा, उज्जैन

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका




## न्यूज ब्रीफ

### शिप्रा शुद्धिकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिप्रा शुद्धिकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने शिप्रा नदी में भू - जल से पानी की आवक बढ़ाने वाले कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने नदी किनारे के क्षेत्रों में जैविक खेती के संबंध में जागरुकता फैलाकर जैविक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने नदी किनारे अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए और नदी किनारे अतिक्रमण ना हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सामाजिक कार्यकताओं और नगर निगम समन्वय कर शिप्रा शुद्धिकरण के लिए सतत कार्य करें।

### पेंशनर डे पर श्री राठौर की स्मृति में पौधारोपण

**उज्जैन।** पेंशनर डे के उपलक्ष में दिवंगत करण सिंह राठौर जो कि जिला पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं कि इस स्मृति में 563 वैशाली नगर पर उनके पेंशनर साथियों द्वारा एकत्रित होकर उनकी स्मृति में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं स्मृति में घर के बाहर फलदार पौधे का पौधारोपण कर उन्हें याद किया गया.उल्लेखनीय कि सेवा निवृत्ति डिप्टी कलेक्टर श्री राठौड़ का हाल ही में निधन हुआ है और वह लंबे समय तक जिला पेंशनर फोरम के अध्यक्ष भी रहे हैं. इस अवसर पर मोहन लाल राठौर, मनोहर सोनी, विजय सिंह गहलोत अनूप सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन होगा

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन करवाया जाकर डिजिटल सिक्यूरिटी पद्धति पर कार्य किया जाएगा।विश्वविद्यालय के अकादमिक परिसर स्थित कृषि आवास गृह परिसर स्थित (नौ-खोली एवं छः खोली) कुल 21 आवास गृह डिस्मेंटल किए जाएंगे।शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्ययन शालाओं में अध्यापन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु अतिथि विद्वानों को आमंत्रित करने के संबंध में कार्यपरिषद ने कमेटी गठित की। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के वरिष्ठ कार्यपरिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने 17 दिसम्बर को आयोजित कार्यपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में कुल 45 विषय विचारार्थ थे। 15 विषय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय सम्मिलित थे, जिनमें से 65 बिंदुओं में से 25 बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। श्री कुशवाह ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुक्रम में परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन कराए जाने पर सहमति बनी और विश्वविद्यालय स्वयं डिजिटल मूल्यांकन कराए जाने के स्तर पर डिजिटल मूल्यांकन की पद्धति अपनाए जाने हेतु टेंडर करने या अन्य आवश्यक कार्यवाही करने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करें। मूल्यांकन कराए जाने के संबंध में डिजिटल सिक्योरिटी का भी ध्यान रखा जाएगा।

## निर्माण कार्य के कारण शहनाई द्वार से श्रद्धालु करेंगे प्रवेश

# महाकाल मंदिर में गेट एक से प्रवेश व्यवस्था बदली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में नववर्ष पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रवेश व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण गेट क्रमांक एक (अवंतिका द्वार) को शहनाई द्वार की ओर स्थानांतरित कर दिया गया है। श्रद्धालु अब इसी नए मार्ग से प्रवेश कर दर्शन कर सकेंगे।





### नई व्यवस्था गुरुवार से लागू हो गई

यह नई व्यवस्था गुरुवार से लागू हो गई है। अवंतिका द्वार को उसके वर्तमान स्थान से हटाकर शहनाई द्वार, पालकी निर्गम स्थल के पास स्थापित किया गया है। यहां से प्रवेश करने वाले श्रद्धालु फेसिलिटी सेंटर से होते हुए भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे। इसके अतिरिक्त, बड़ा गणेश मंदिर के पास स्थित एंबुलेंस निर्गम द्वार पर एक नया शीघ्र दर्शन टिकट काउंटर भी शुरू किया गया है। यहां से श्रद्धालु 250 रुपए का टिकट लेकर प्रवेश कर सकेंगे। टिकटधारी श्रद्धालु गणेश मंडप से भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कर निर्धारित निर्गम द्वार से बाहर निकलेंगे।



### नवीन प्रवेश द्वारों पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई

नवीन प्रवेश द्वारों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लॉकर, जूता-स्टैंड और मेटिंग जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। दर्शन मार्ग को छोटा और सुगम बनाया गया है, जिससे भक्तों को शीघ्र और सहजता से दर्शन लाभ मिल सके।

## सिंहस्थ के पहले नहीं चल सकेगी उज्जैन तक मेट्रो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ में भाग लेने के लिए आने वाले श्रद्धालु इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो ट्रेन से नहीं जा सकेंगे। उज्जैन तक मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो गई है। इस रिपोर्ट पर इसी माह भोपाल में प्रजेंटेशन रखा जा रहा है। अब यह योजना बनाई गई है कि सिंहस्थ समाप्त होते ही इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो चलाने के लिए काम शुरू किया जाए।

कुंभ के रूप में पहचाने जाने वाले उज्जैन के सिंहस्थ के आयोजन में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में देश और दुनिया के श्रद्धालु पहुंचते हैं। बाबा महाकाल की नगरी में आयोजित होने वाले सिंहस्थ का अपना एक अलग महत्व है। उज्जैन के महाकाल मंदिर को महाकाल लोक के रूप में परिवर्तित किए जाने के बाद से इस स्थान की तरफ श्रद्धालुओं का रुझान ज्यादा बढ़ गया है। इस रुझान को देखते हुए ही सरकार द्वारा यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार के सिंहस्थ में श्रद्धालुओं का जो सैलाब आएगा, वह अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा। इस हिसाब से ही सरकार के द्वारा व्यवस्थाओं को जुटाने की भी कोशिश की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा यह मंशा व्यक्त की गई थी कि इंदौर में ट्रायल रन पर चल रही मेट्रो ट्रेन को सिंहस्थ के पहले उज्जैन तक चलाया जाए।

# उज्जैन में रात का पारा 7.3 डिग्री पर

## सीजन की सबसे ठंडी रात, दिन का तापमान दो डिग्री बढ़ा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में बीती रात इस सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात दर्ज की गई। रात का न्यूनतम तापमान गिरकर 7.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि इससे एक दिन पहले मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया था। पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही सर्द हवाओं के कारण शहर में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। सर्द हवाओं के चलते रात के समय लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दिन के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया, जो बुधवार के 28 डिग्री की तुलना में दो डिग्री अधिक रहा। इससे पहले सोमवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया था। इस तरह तीन दिन के अंतराल में दिन का तापमान कुल 4 डिग्री बढ़ गया है।

### पहाड़ों में बर्फबारी का असर

उज्जैन जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक राजेंद्र गुप्त के अनुसार पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और वहां से आने वाली बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। आने वाले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना है।

### शाजापुर में 50 मीटर बाद कुछ नहीं दिखा, भोपाल-ग्वालियर में भी कोहरा

इससे पहले बुधवार सुबह भोपाल, ग्वालियर समेत 22 जिलों में कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से ट्रेनें-फ्लाइट भी डिले हुई। भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर और विदिशा में घना कोहरा छाया रहा।

ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन, मंडला, रीवा, सतना में 1 से 2 किलोमीटर तक विजिबिलिटी रही। वहीं, भोपाल, जबलपुर, खजुराहो, नौगांव, मलाजखंड, दतिया, गुना, इंदौर, रतलाम में 2 किमी के बाद कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था। कोहरा छाने के दौरान वाहनों को सावधानी से चलाने की समझाइश भी दी गई।

## महाकाल मंदिर में भक्तों को मिली कैशलेस दान की सुविधा





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में देशभर से आने वाले भक्त कैशलेस दान कर रहे हैं। मंदिर समिति ने विभिन्न दान काउंटर तथा मंदिर परिसर में बारकोड लगाए हैं। इनके माध्यम से भक्त बिना किसी परेशानी के दान कर रहे हैं। मंदिर समिति जल्द ही लड्डू प्रसाद काउंटर पर भी कैशलेस सुविधा प्रदान करने वाली है।

मंदिर समिति महाकाल दर्शन करने आने वाले भक्तों को पूरी तरह कैशलेस सुविधा प्रदान करना चाहती है। भक्तों को भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग तथा शीघ्र दर्शन टिकट में पहले से ही ई-वालेट की सुविधा दी जा रही है। लड्डू प्रसाद काउंटर, महाकालेश्वर व हरसिद्धि धर्मशाला, अन्न क्षेत्र तथा दान काउंटरों पर कैशलेस सुविधा प्रदान करने की शुरूआत हो गई है। मंदिर के दान काउंटर व परिसर में बारकोड लगाए गए हैं। देशभर से आने वाले दर्शनार्थी मंदिर के किसी भी कोने से बारकोड स्कैन कर दान कर सकते हैं।

### 36 करोड़ रुपए से अधिक की खरीदी गई फॉरेंसिक वैन


**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई मोबाइल फॉरेंसिक वैनों को पुलिस मुख्यालय भोपाल से झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पुलिस विभाग द्वारा की गई यह पहल फॉरेंसिक-आधारित, त्वरित और सटीक विवेचना को बढ़ावा देगी, जिससे अपराधों के शीघ्र खुलासे, दोषसिद्धि दर में वृद्धि और नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और सुदृढ़ होगा।

# क्रिसमस: प्रार्थना भवनो में सजावट, गूंजने लगे कैरोल गीत

### कैथोलिक चर्च से निकलेगी प्रभु यीशु जन्म संदेश यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

क्रिसमस पर्व ईसाई समुदाय के प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की तैयारिया शुरू हो चुकी है। चर्च और प्रार्थना भवनो को सजाया जा रहा है। समाजजनों के घरों में कैरोल गीत गूंजने लगे हैं। 25 दिसंबर को मनाए जाने वाले क्रिसमस से पहले रविवार को ऋषि नगर स्थित कैथोलिक चर्च से प्रभु यीशु जन्म संदेश यात्रा निकल जाएगी।



ईसाई समाज का सबसे बड़ा पर्व क्रिसमस 6 दिन बाद मनाया जाएगा। 25 दिसंबर को प्रभु यीशु का जन्म हुआ था। इस दिन को समाजजन धूमधाम के साथ मानते हैं। क्रिसमस की तैयारी शहर के चर्च और प्रार्थना भवनो में शुरू हो चुकी है। चर्चो के बाहर सितारा (स्टार) लगाया जा चुका है। आकर्षक सजावट की जा रही है। शाम ढलते ही समाजजनों के घरों में प्रभु यीशु के जन्म से जुड़े कैरोल गीत की गूंज सुनाई देने लगी है। सांता क्लॉस समाज के बच्चों को उपहार देने भी पहुंच रहा है। मरिया नगर कैथोलिक चर्च ऋषि नगर चौराहा पर 24-25 दिसंबर की रात 12 बजे प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। रात 10 बजे बाद चर्च भवन में विशेष प्रार्थना की शुरूआत होगी, जिसमें समाज के हजारों अनुयाई शामिल होंगे। मसीही चर्च में 25 दिसंबर की सुबह विशेष प्रार्थना सभा के साथ क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा। नववर्ष तक मनाए जाने वाले क्रिसमस पर्व के चलते सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

क्रिसमस पर्व से पहले 21 दिसंबर रविवार को हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रभु यीशु जन्म संदेश यात्रा निकाली जाएगी। कैथोलिक चर्च से निकलने वाली यात्रा में यीशु के जन्म से जुड़ी झांकियां शामिल होगी। कैथोलिक चर्च से निकलने वाली यात्रा में मसीही चर्च के सदस्य भी शामिल होंगे।

### यूपी के दल ने उज्जैन का भ्रमण किया

**उज्जैन।** गत दिवस आयोजित मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की उच्च स्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से आए वरिष्ठ अधिकारियों के दल ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान विद्युत आपूर्ति के लिए वहां की पूर्व की तैयारी, एग्जीक्यूशन तथा मेले के दौरान अपने अनुभव एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपना प्रस्तुतिकरण देकर मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के उच्च अधिकारियों के साथ अनुभव साझा किया।

# उज्जैन के भड़ला में बच्चों को स्कूल भवन का इंतजार

## 12 साल में नहीं बन पाया भवन,बुजुर्ग की दहलान में पांच कक्षाओं को एक साथ पढ़ा रहे शिक्षक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





**पैसों के अभाव में अधूरा पड़ा स्कूल भवन**

सांदीपनि स्कूल पर करोड़ों रुपए खर्च करने वाली मध्य प्रदेश सरकार ग्राम भड़ला (प्रेम नगर नई आबादी) में एक अदद प्राइमरी स्कूल भवन नहीं बना पा रही है। हालात ऐसे हैं कि पहली से पांचवीं तक के बच्चों को पहले झोंपड़ी और अब गांव के 80 वर्षीय बुजुर्ग अंबाराम परमार की दहलान (ओटला) में बैठकर भविष्य के सपने बुनने पड़ रहे हैं। इस गांव के लोगों और बच्चों को साल 2013 से स्कूल भवन का इंतजार है। परमार भी राष्ट्रपति, पीएम, सीएम तक फरियाद कर चुके हैं।

गांव में साल 2013 में सरकारी प्राइमरी स्कूल स्वीकृत हुआ था। दो शिक्षकों की नियुक्ति भी हुई पर भवन नहीं था। शिक्षकों ने झोंपड़ी में कक्षाएं प्रारंभ कीं। जब झोंपड़ी में बैठना मुश्किल हुआ, तो बुजुर्ग अंबाराम परमार ने कहा कि मेरे ओटले पर कक्षाएं लगा लो। अब 29 बच्चे (सभी कक्षाएं एक साथ) ओटले पर बैठकर पढ़ रहे हैं। गांव की समस्या सिर्फ स्कूल नहीं है, गांव तक रास्ता भी बड़ी परेशानी है। सड़क न होने से स्कूल में बच्चों की संख्या भी नहीं बढ़ रही है।

शिक्षक हंसा बैरागी ने बताया कि वर्ष 2013 से स्कूल की शुरूआत हुई थी। पहले झोपड़ी में पढ़ाई कराई गई, अब बच्चों को अंबाराम परमार के घर के आंगन में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। शिक्षक मनोज दास ने बताया कि वे दोनों शिक्षक स्कूल में हैं, लेकिन बारिश और खराब सड़क के कारण बच्चों का आना-जाना मुश्किल है।

ऐसा नहीं कि स्कूल भवन के लिए पहल नहीं हुई। गांव को भवन भी मिला, पर पैसों के अभाव में पूरा नहीं बन पाया। भवन बनाने के लिए समय-समय पर राशि न मिलने के कारण ठेकेदार ने काम छोड़ दिया और भवन अधूरा ही रह गया। वह भी अब खंडहर हो चुका है।

## उज्जैन शांति नगर-नीलगंगा मार्ग पर रहवासी स्वयं तोड़ रहे अपने मकान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 से पहले नगर के प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। पिछले माह हुए भूमि पूजन के बाद अब दो मार्गों पर जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है। शांति नगर-नीलगंगा मार्ग पर मकान मालिक स्वयं अपने मकान हटा रहे हैं।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार चौड़ीकरण के लिए जारी वर्क ऑर्डर के मुताबिक हामूखेड़ी मार्ग तथा शांति नगर-नीलगंगा चौराहा मार्ग पर चौड़ीकरण के लिए प्रभावित भवनों को नोटिस दिए जा चुके हैं। कई स्थानों पर मकान मालिक स्वयं आगे बढ़कर चिह्नित हिस्सों को हटा रहे हैं। नालियों, चबूतरों और अन्य अस्थायी निमार्णों को भी हटाया जा रहा है, ताकि निर्माण एजेंसियों को बिना बाधा कार्य स्थल मिल सके। हामूखेड़ी-बिजासन माता मंदिर से देवास रोड तक का मार्ग लगभग 900 मीटर लंबा और 18 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इस परियोजना पर सिंहस्थ मद से 10.40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां फोरलेन सीसी रोड के साथ सेंट्रल डिवाइडर, स्ट्रीट लाइटिंग, पैदल पथ और नाली निर्माण जैसे सभी कार्य एक साथ किए जाएंगे।

# कलेक्टर ने सिंहस्थ निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार दोपहर सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत मंगलनाथ से चककमेड मार्ग, नागझिरी से दताना मार्ग की प्रगति की समीक्षा की गई। नागझिरी-दताना मार्ग में आशानुरुप प्रगति नहीं पाई जाने पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि सदावल हेलीपेड बन चुका है। वहां का पहुंच मार्ग प्रगति पर है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की प्रगति वेबसाईट पर भी अपलोड की जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। हेलीपेड से समीप के घाट तक मार्ग बनाया जाए। जहां अतिविशिष्ट व्यक्तियों के स्नान की व्यवस्था की जाएगी। सभी संबंधित विभाग निर्माण कार्यों की साईट का नियमित रुप से निरीक्षण करें।

लोकनिर्माण विभाग (सेतु) के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि फ्रीगंज रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण में रेल्वे पावर हाउस शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। वहां नगर निगम द्वारा पाईपलाईन शिफ्टिंग का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। लोकनिर्माण विभाग (सेतु) के ईई पी एस पंत ने बैठक में जानकारी दी कि वाकणकर ब्रिज, कर्कराज पार्किंग से भूखी माता, तपोभूमि से हामूखेडी, दुगार्दास की छतरी से रणजीत हनुमान और पीपलीनाका से भैरवगढ ब्रिज का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुके है। उनके निर्माण कार्य इस माह में प्रारंभ किए जाए। पीआईयू द्वारा आयुर्वेद महाविद्यालय में किए जा रहे नवीन निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन शहर के आंतरिक मार्गों के दोनों तरफ साफ-सफाई कर प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाए जाने निर्देश दिए गए। बैठक में एनएचएआई, एमपीआरडीसी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान विशेष कर्तव्स्थ अधिकारी गोपाल डाड एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना 1933 पर दें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में एनकार्ड(नार्को कार्डिनेशन समिति) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि नार्कोटिक एवं अन्य मादक दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के तारतम्य में गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकार्ड समिति का गठन किया गया है। बैठक में समिति के सदस्य सचिव एएसपी अभिषेक रंजन ने बताया कि जिला उज्जैन में वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट के कुल 71 अपराध विभिन्न थानों पर पंजीबद्ध हुए है जिनमें 104 आरोपियों की गिरफ्तारी की जाकर उनके कब्जे से गांजा 54 किलो 594 ग्राम, डोडाचूरा 87 किलो 950 ग्राम, स्मैक / ब्राउन शुगर 18 ग्राम, चरस 506.28 ग्राम, मेकाडीन एमडी ड्रग्स 109.3 ग्राम, मेकाडीन 58 ग्राम, एमडीए 279.66 ग्राम व अफीम के हरे पौधे 820 नग जिनका कुल वजन 53 किलो 600 ग्राम तथां अफीम 1 किलो 6 ग्राम जप्त की गई है।

## महापौर द्वारा लोक निर्माण तथा उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की



### अंतिम सूचना पत्र जारी करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों की अमानत राशि राजसात की जाए – महापौर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए उज्जैन शहर में नगर निगम द्वारा चहूं और विकास एवं निर्माण कार्य प्रारंभ किए गए हैं लेकिन देखने में आ रहा हैं कि जिन कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात वर्क आर्डर जारी किए गए हैं किंतु संबंधित कार्य के ठेकेदारों को कार्य प्रारंभ करने हेतु निगम द्वारा बार-बार सूचना पत्र जारी करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है साथ ही अंतिम सूचना पत्र भी जारी किए जा चुके है ऐसे ठेकेदारों की अमानत राशि राज सात की जाए उक्त निर्देश गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में महापौर मुकेश टटवाल द्वारा समस्त जोन अंतर्गत निगम द्वारा प्रचलित विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जोन क्रमांक 01 अंतर्गत चक्रतीर्थ पर आने वाले नागरिकों की सुविधा एवं सौंदर्यकरण को ध्यान में रखते हुए वाटर प्रूफ शेड निर्माण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है, जोन क्रमांक 02 अंतर्गत नगरकोट माता मंदिर क्षेत्र के पास रिटनिंग वॉल बनाई गई है जिससे अब मंदिर में पानी भरने की समस्या नहीं रहेगी इसी के साथ फाजलपुरा कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है शीघ्र ही लोकार्पण किया जाएगा, जोन क्रमांक 03 अंतर्गत संजीवनी क्लीनिक एवं धार्मिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग का कार्य किया गया है, जोन क्रमांक 04 अंतर्गत वार्ड 45 में महापौर मद की राशि से बैक लाइन गलियों का सौंदर्यकरण कार्य स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान को ध्यान में रखते हुए किया गया है इसी के साथ महिलाओं के स्नान हेतु महिला स्नान गृह का निर्माण, दशहरा मैदान स्टेडियम का निर्माण किया गया है, जोन क्रमांक 05 एवं 06 अंतर्गत भी विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य प्रचलित है, साथ ही सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा किए जा रहें चौड़ीकरण कार्यों एवं कायाकल्प अंतर्गत रोड निर्माण की जानकारी ली गई एवं निर्देशित किया गया कि कार्यों में गति लाई जाकर कार्य में गुणवत्ता का भी ध्यान रखें इसी के साथ प्रोजेक्ट सेल, मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत विभिन्न रोड़ के निर्माण कार्यों के साथ-साथ उद्यान विभाग के कार्य की समीक्षा की गई।

बैठक में विभाग के प्रभारी शिवेंद्र तिवारी, अपर आयुक्त संदीप शिवा, उपायुक्त संजेश गुप्ता, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, सहायक आयुक्त पवन कुमार फुलफकीर, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, पीयूष भार्गव, लक्ष्मण प्रसाद साहू, सभी जोन के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहें।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक हुई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार शाम कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जिला सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के दौरान ट्रेक्टर ट्रॉली में रिफ्लेक्टर लगाए जाने की प्रतिमाह रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही रिफ्लेक्टर लगाए जाने की फोटो भी संलग्न करने के निर्देश दिए गए। रामघाट पर समस्त 04 व्हीलर वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से बंद करने के निर्देश दिए गए। वहां पर बेरिकेड लगाए जाकर सख्ती से इसका पालन करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि दो पहिया वाहन चालकों के वाहन चलाते समय हेलमेट ना पहनने और मोबाईल फोन पर बात करने पर कुल 12,963 प्रकरण आज दिनांक तक बनाए गए है। वर्तमान में सभी इंटर सिटी बसें नानाखेडा बस स्टेंड से ही संचालित की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय कार्यालयों के प्रमुख इस ओर विशेष ध्यान दे कि कार्यालय के आस-पास अव्यवस्थित तरीके से वाहन पार्क न किए जाए।

बैठक में एजेंडे पर चर्चा के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए कि श्री महाकालेश्वर मंदिर के आस-पास यातायात व्यवस्था के सुचारु रूप से संचालन के लिए ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा को जहां रोका जाना है वहां उनकी पार्किंग की व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनाई जाए और ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा जिन मार्गों से मंदिर के आस-पास आ रहे है उनका भी चिन्हांकन किया जाए। शनिवार और रविवार को यातायात व्यवस्था तथा आम दिनों में आने वाले वाहनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाई जाए।

## नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित 1352 प्रकरणों का समझौते से हुआ समाधान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नेशनल लोक अदालत में लंबित 1352 प्रकरणों का समझौते से समाधान हुआ। नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के लगभग 3894 प्रकरण तथा न्यायालय में लंबित लगभग 1352 प्रकरण निराकृत हुये। लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन एवं लंबित कुल 5046 प्रकरणों का निराकरण हुआ और कुल 1,24,369,303 / की राशि के अवॉर्ड पारित हुए। जिसमें मोटर दुर्घटना के 57 क्लेम प्रकरणों में पीड़ित व्यक्तियों को रू 15896000/- के अवॉर्ड पारित हुए । वनविभाग के सहयोग से प्रकरणों में समझौता करने वाले पक्षकारों को न्याय वृक्ष प्रदान किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष जसबीर कौर सासन की खण्डपीठ में 05 उपभोक्ता मामलों में समझीले से लंबित प्रकरणों का निराकरण हुआ। विगत शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में पिछली लोक अदालतों की अपेक्षा इस बार कई हजारों की संख्या में पक्षकारगण, आम नागरिक उपस्थित होकर लांभावित हुए। विशेषकर पारिवारिक प्रकृति के विवादों के साथ-साथ क्लेम, विद्युत चोरी, बाउंस, आपराधिक एवं दीवानी प्रकरणों का काफी संख्या में निराकरण हुआ। पारिवारिक प्रकरणों में अनेक बिछड़े हुए परिवारों को मिलाया गया। मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरणों में पीड़ित व्यक्तियों को लाखों रूपए की क्षतिपूर्ति राशि के अवॉर्ड भी पारित हुए। नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को दी गई समझाईश के आधार पर लगभग 26 परिवार टूटने से बचें।

नेशनल लोक अदालत के शुभांरभ अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष पूरन चंद्र गुप्ता विशेष न्यायाधीश एवं संयोजक नेशनल लोक अदालत अरविंद प्रताप सिंह चौहान, संजीव कुमार गुप्ता प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय उज्जैन, राकेश कुमार गोयल, अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, सर्वन्यायाधीशगण संजय श्रीवास्तव एवं पक्षकारगण सम्मिलित रहें।


**कर्मचारी की आवश्यकता**

**क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर, किचन हैल्पर, तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है।**

**पता : हरिफटक फ़्वरब्रीज इंदौर रोड, उज्जैन**
**मो. 7610571808**
**9098080060**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी संगीता बाई पति मनोहर सिंह जाती राजपूत निवासी ग्राम निनोरा इंदौर रोड उज्जैन एवं कृषक ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर 489/1 रकबा 0.30 हैक्टर, कुल किता 01 कुल रकबा 0.30 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म0प्र0* में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।
इति दिनांक - 18-12-2025

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर) तह. कार्यालय के सामने बस स्टैंड दुकान नं 07 ग्राम घट्टिया तह.घट्टिया जिला उज्जैन म. प्र.**
**मो.नं. 8719997462, 6268326716**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्री तुफानसिंह पिता श्री बहादुरसिंह निवासी ग्राम भांग्या तहसील सांवेर जिला इन्दौर व श्री चन्द्रशेखर गिरी पिता श्री मोहन गिरी निवासी ग्राम कुढ़ाना तहसील सांवेर जिला इन्दौर से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 36/1/1 रकबा 0.30 हैक्टर भूमि कुल कित्ता 01 कुल रकबा 0.30 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम पिपलई तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिटठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर * किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण्ण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।
इति दिनांक 18-12-2025

**अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर) तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन मोबाईल 99265-32350**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे द्वारा भगवानी इन्फ्राटेक उज्जैन द्वारा भागीदार हेमेन्द्र शर्मा से भूखण्ड क्रमांक 356, "मंगल रेसीडेंसी" ग्राम लालपुर तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक MP432022020A1044023 दिनांक 20/01/2020 द्वारा क्रय किया है. यह मूल दस्तावेज भी मुझे सुपुर्द किया गया था।
सर्व साधारण को सुचित किया जाता है, कि, उपरोक्त मूल दस्तावेज भगवानी इन्फ्राटेक उज्जैन द्वारा भागीदार हेमेन्द्र शर्मा के द्वारा राहुल पाटीदार के हित में दस्तावेज पंजीयन क्रमांक MP432022020A1044023 दिनांक 20/01/2020 को निष्पादित्त कर पंजीयन करवाया था, यह दस्तावेज नानाखेडा आते समय रास्ते में दिनाक 15/12/2025 को कहीं गिरकर गुम हो गया है जो काफी तलाश करने के पश्चात भी नहीं मिल पा रहा है, मेरे पक्षकार ने उक्त दस्तावेज का अन्यत्र कही उपयोग नहीं किया है, इस बाबत मेरे पक्षकार द्वारा पुलिस में भी विधिवत्त रिपोर्ट की जा रही है, जिस किसी सज्जन को मिले कृपया निम्न पते पर लौटाने का कष्ट करें। किसी के द्वारा उक्त दस्तावेज का कही दुरूपयोग किया जावे तो उससे संबंधित सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित की होगी।
दिनांक 18/12/2025 उज्जैन

**राहुल पाटीदार पिता गोविन्द पाटीदार निवासी ग्राम बिरमावल जिला रतलाम एवं बी-3/4, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र उज्जैन मो. नंबर 7999234783**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकारगण श्रीमती कमलाबाई पत्नि श्री बालाराम व सुभाष पिता बालाराम निवासी ग्राम बकानिया, उज्जैन व कमलाबाई पति अम्बाराम जाट निवासी उदूर्पुरा उज्जैन के द्वारा प्रदत्त जानकारी एवं दस्तावेजों के आधार पर हर आम व खास को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण की स्वामित्व व आधिपत्य की सम्पत्ति सर्वे नम्बर 567 रकबा 0.86 हे., स्थित ग्राम बकानिया तह व जिला, उज्जैन के स्वामित्व अतरण सम्बन्धि समस्त अधिकार, हित मेरे पक्षकारगण में निहित है परन्तु वर्णित सम्पत्ति सर्वे नम्बर 567 रकबा 0.86 हे., स्थित ग्राम बकानिया तह.व जिला, उज्जैन पर मेरे पक्षकारगण द्वारा एक साम्पत्तिक अपील की थी जिसमें निर्णय व जयपत्र के माध्यम से न्यायालय द्वारा मेरे पक्षकारगण को स्वामी माना गया हैं। दिनेश पिता कैलाश जायसवाल व कैलाश पिता धुला जी जायसवाल राजस्व रिकार्ड का गलत लाभउठाकर विक्रय करने हेतु प्रयासरत है जबकि दिनेश पिता कैलाश जायसवाल व कैलाश पिता धुला जी जायसवाल को सम्पत्ति के अन्तरण के सम्बन्ध में अधिकार व हित प्राप्त नही है।
अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास एवं आम को सूचित किया जाता है कि वर्णित सम्पत्ति सर्वे नम्बर 567 रकबा 0.86 हे., स्थित ग्राम बकानिया तह.व जिला, उज्जैन का किसी भी प्रकार के क्रय विक्रय करने का अधिकार या अंतरित करने का अधिकार केवल मेरे पक्षकारगण को है व इसके पश्चात भी यदि कोई व्यक्ति दिनेश पिता कैलाश जायसवाल व कैलाश पिता धुला जी जायसवाल से किसी प्रकार का कोई सम्पत्ति के सम्बन्ध में लेनदेन करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे पक्षकारगण दिनेश पिता कैलाश जायसवाल व कैलाश पिता धुला जी जायसवाल के किसी भी अवैधानिक सम्पत्ति अंतरण के लिए जिम्मेदार नही है। सो सूचित हो।
इति दिनांक 18-12-2025

**रितेश कुमार शर्मा, एडव्होकेट,**
**8/51 विनायक कांपलेक्स लखेरवाड़ी उज्जैन एमपी**

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति आगर जिला-आगर (म.प्र.)**

क्रमांक/मंडी/नि./25-26/2364 आगर दिनांकः-17.12.2025

**-//निविदा आमंत्रण सूचना //-**

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारो से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदाएँ क्रमांक 2025_MPSAM_469459_1, 2025_MPSAM_469460_1, 2025_MPSAM_469461_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 22.12.2025 समय 05.30 से दिनांक 12.01.2026 को साय 5:30 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल http//www.mptenders.gov.in/nicgep/app पर प्राप्त होगी. एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल http//www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोटः-आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।**

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति**
**आगर जिला आगर**
**मालवा (म.प्र.)**

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति**
**आगर जिला आगर**
**मालवा (म.प्र.)**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी रमेश चंद्र राठौर पिता भंवरलाल जाति तेली निवासी ग्राम रलायती तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश व देव बाई पिता भंवरलाल जाति तेली निवासी ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश समस्त कृषक ग्राम रलायती तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 326 रकबा 0.34 हेक्टेयर में से रकबा 0.11 हेक्टेयर एंव सर्वे नम्बर 327 रकबा 0.32 हेक्टेयर में से रकबा 0.11 हेक्टेयर कुल किता 02 कुल विक्रीत रकबा 0.22 हेक्टर याने 1 बीघा 2 बिसवा भूमि स्थित ग्राम रलायती तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में होकर उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय मे यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक निकाय शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य विक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार ही या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो।
इति दिनांक 19-12-2025

**भरत अम्जेरिया सर्विस प्रोवाइडर**
**तहसील कार्यालय घटिया जिला उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नम्बर 7580980225**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्री धर्मेन्द्र पाटीदार पिता श्री विक्रमसिंह जाति कुल्मी निवासी 175 सिल्वर पार्क, फेज-1, मांगल्या, बाल्याखेड़ा इन्दौर से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 353/1 रकबा 0.38 हैक्टर, सर्वे नम्बर 355/3 रकबा 0.02 हैक्टर व सर्वे नम्बर 354 रकबा 1.69 हैक्टर भूमि कुल किता 03 कुल रकबा 2.09 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम बिरमखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक :- 18-12-2025

**अश्विन पलोड़, (सर्विस प्रोवाईडर) तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन मोबाईल 99265-32350**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आलोक मिश्रा पिता श्री कैलाशचंद्र जी मिश्रा, निवासी 46, साईधाम कॉलोनी गदापुलिया, उज्जैन के द्वारा भवन कमांक 22 दशरथनंदन परिसर चिंतामण जवासिया उज्जैन का एक अनुबंध पत्र विक्रय करने का दिनांक 20.06.2024 को कराया था। उक्त अनुबंध पत्र में अनुबंधकर्तागण श्रीमती ममता वर्मा पति सोनू वर्मा एवं सोनू वर्मा पिता बद्रीलाल वर्मा निवासी 22 दशरथनंदन परिसर चिंतामण जवासिया उज्जैन थे। उक्त अनुबंध पत्र 14,00,000/- रुपए में तय हुआ था जिसमें से 12,32,000/- रुपए की राशि मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 20.06.2024 को आरटीजीएस के माध्यम से किया था व शेष राशि 1,68,000/- रुपए दिनांक 19.12.2025 तक की अवधि में अदा करना तय हुआ था। मेरे पक्षकार के पास शेष राशि एवं विक्रय पत्र में लगने वाली समस्त राशि उपलब्ध है परन्तु सोनू वर्मा एवं ममता वर्मा के द्वारा अनुबंध पत्र के पेटे शेष राशि लेने में एवं विक्रय पत्र करने में टालमटोल की जा रही है। सोनू वर्मा एवं ममता वर्मा के कृत्य से ऐसा परिलक्षित होता है कि वे भवन की शेष राशि नियत अवधि में प्राप्त नहीं करना चाहते हैं एवं मेरी राशि हडपना चाहते हैं। साथ ही भवन का विक्रय पत्र भी निष्पादित नहीं करना चाहते हैं इसलिए मेरे द्वारा इनके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में स्पेसिफिक परफोर्मेंस ऑफ द कांट्रेक्ट का वाद प्रस्तुत किया जा रहा है। मेरे पक्षकार के द्वारा एक सूचना पत्र सोनू वर्मा व ममता वर्मा को प्रेषित किया गया है।
अतः मेरे पक्षकार की ओर से सर्व संबंधित व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, सरकारी / साहूकारी वित्तीय संस्था या कोई भी उक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार करता है, किसी तृतीय पक्ष का हित कायम करता है या जमानत आदि में भारित करता है, भवन कमांक 22 दशरथनंदन परिसर चिंतामण जवासिया उज्जैन मेरे पक्षकार के स्वत्वों को चुनौती होगा व मेरे पक्षकार पर वह बंधनकारक नहीं होगा व इसके उपरांत भी किसी व्यक्ति, सरकारी / साहूकारी वित्तीय संस्था द्वारा उक्त भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारक व पालनीय नहीं होगा व मेरे पक्षकार के स्वत्वों चुनौती होगा। इसके समस्त परिणामों को उत्तरदायित्व तत्संबंधी का होगा। अपने पक्षकार के आदेश एवं निदेर्शानुसार यह जॉहिर सूचना सर्व साधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ प्रकाशित करवाई जा रही है। अतः सूचित हो।
दिनांकः 18/12/2025

**अभिलाप व्यास, एडवाकेट**
**कार्यालयः 39/1, सनराईज प्लाजा कमला नेहरु मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.) 456001**
**फोन न. 07343566165**

खास न्यूज

## भैंस बांधने की बात पर 2 भाईयों में जमकर चले लट्ठ

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम मोलाखेड़ी में रहने वाले विक्रमसिंह पिता भैरूसिंह पंवार 50 साल और उसके भाई डूंगरसिंह पंवार 35 साल के बीच जमकर लट्ठ चल गये। दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। मामला थाने पहुंचने पर सामने आया कि दोनों के बीच घर के सामने भैंस बांधने की बात पर विवाद हुआ था, दोनों पास-पास रहते है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

## रास्ता रोक 4 बदमाशों ने फोड़े ईको कार के कांच

**उज्जैन।** ग्राम सिलारखेड़ी में रहने वाला अभिषेक पिता कमलसिंह परमार दोपहर में ईको कार से घर लौट रहा था, उसी दौरान ग्राम दताना रेलवे पुलिया के पास 4 बदमाशों ने उसे रोक लिया और डंडो से हमला कर उसकी कार के कांच फोड़ दिया। अभिषेक के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। नरवर थाना पुलिस ने मामले में अभिषेक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। अभिषेक ने आशंका जताई है कि उक्त हमला उसके रिश्तेदार अजय परमार ने कराया है। अजय के परिवार से पिछले पांच सालों से विवाद चला आ रहा है। वहीं यह बात भी सामने आई है कि अभिषेक के परिवार ने 2 साल पहले अजय पर हमला किया था। जिसमें उसका एक पैर टूट गया था, जिसे बाद में काटना पड़ा है। अभिषेक को आंशका है कि उसकी बदला लेने के लिये अज्ञात लोगों से हमला कराया गया है।

## मासूम की जघन्य हत्या करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**उज्जैन।** खाचरौद में 13 दिसंबर को पडोसी ने हैवानियत में नाकाम होने पर 9 साल की बालिका को बुरी तरह मोगरी से पीटकर लहूलुहान कर दिया था। बालिका की 24 घंटे चले उपचार के बाद मौत हो गई थी। पुलिस ने पहले डॉक्टरी रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था, जिसे बालिका की मौत के बाद हत्या में बदला गया था। हत्या पड़ोस में रहने वाले रियाज पिता शब्बीर खां ने की थी। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था। इस दौरान सामने आया था कि बालिका को देख उसकी नियत खराब हो गई थी। बालिका के शोर मचाने पर उसने मोगरी से पीटा था और छत से गिरना बताकर अस्पताल में भर्ती करने भी लेकर गया था। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि रिमांड खत्म होने पर गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। मामले में जल्द विवेचना पूरी कर 30 दिनों में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जायेगा, ताकि फास्ट ट्रेक कोर्ट में आरोपी की सजा का फैसला जल्द हो सके।

## गुर्जर समाज के 2 पक्ष भिड़ें, एक को मारा चाकू

उज्जैन। ग्राम बोरदा गुर्जर में खेत के पाइप निकालने की बात पर गुर्जर समाज के 2 पक्षों में विवाद हो गया। एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। दूसरे पक्ष ने लात-घूसों से मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। तराना थाना पुलिस ने बताया कि विवाद नदी के रास्ते पर देवकरण पिता आत्मराम गुर्जर 20 साल और ज्ञानसिंह पिता मांगीलाल गुर्जर 34 साल के बीच हुआ। दोनों ने एक दूसरे पर खेत के पाइप निकालने का आरोप लगाया और विवाद करने लगे। दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गये। ज्ञानसिंह की ओर से देवकरण को चाकू मारा गया, जो उसके गाल पर लगा। दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 456-5 | 339-5 |
| मेन बाजार | | 235-0 | - |
| कल्याण नाइट | | 277-6 | - |
| मिलन डे | | 124-7 | 200-0 |
| मिलन नाइट | | 689-3 | 170-8 |
| मधुर डे | | 689-3 | 480-2 |
| मधुर नाइट | | 460-0 | 246-2 |
| शुभांक | 4 | 6 | 0 |

# लीवर में चोट लगने से हुई थी युवक की मौत

### नशामुक्ति केन्द्र संचालक के साथ 5 पर गैर इरादतन हत्या के मामला दर्ज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती युवक की मौत का मामला गैर इरादतन हत्या में बदल गया है। केन्द्र के संचालक और पांच अन्य के खिलाफ गुरूवार को मामला दर्ज किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट के दौरान मृतक का लीवर ड्रेमेज होना सामने आया है।

मक्सीरोड शंकरपुर में रहने वाले हरीश पिता ग्यारसीलाल निर्मल 40 साल को परिजनों ने 5 दिसंबर को मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर नव मानस नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया था। 12-13 दिसंबर की रात नशा मुक्ति केन्द्र से परिजनों को बताया गया कि हरीश की तबीयत बिगड़ गई है। उसे आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है, सायलेंट अटैक आया है। परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे, जहां हरीश की मौत होना सामने आया था। परिजन रात में शव घर ले आये थे। 13 दिसंबर की सुबह अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान मृतक हरीश के शरीर पर चोंट के कई निशान दिखाई दिये। परिजनों ने मारपीट करने और हत्या का आरोप लगाया। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि पांच दिन बाद मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आया कि



मृतक के साथ मारपीट हुई थी, जिसके चलते उसका लीवर ड्रेमेज हुआ था, इसी के चलते मौत हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार पीएम रिपोर्ट के आधार पर नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक उमेश वैष्णव के साथ केन्द्र में काम करने वाले केयर टेकर,गार्ड सहित 6 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता में गैर इरादतन हत्या की धारा 105 और 3 (5) में प्रकरण दर्ज किया गया है। 4 को हिरासत में ले लिया गया है, 2 की तलाश जारी है। हिरासत में आये आरोपी कपिल वर्मा, कमलेश राव, शुभम चौहान और चंद्रशेखर को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा। संचालक उमेश वैष्णव और एक अन्य की तलाश जारी है।

### 2 बच्चों का पिता था हरीश

हरीश की मौत के बाद पोस्टमार्टम रूम के बाहर परिजनों ने बताया था कि हरीश बिल्डिंग मटेरियल सप्लाय का काम करता था और 2 बच्चों का पिता था। उसे नशे की लत लग गई थी। जिसके चलते उसे 5 दिसंबर को नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती किया गया था। 2 दिन बाद पिता उसे रोज की जरूरतों का सामान देने भी गये थे, उस दौरान वह पूरी तरह से ठीक था।

### केन्द्र में मारपीट कर पिलाई जाती थी दवा

पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती लोगों के साथ वहां काम करने वाले दवा पिलाने के दौरान मारपीट करते थे। केन्द्र में कुछ ऐसे लोगों को भी दवा पिलाने में शामिल कर लिया गया है, जिनका खुद का उपचार केन्द्र में चल रहा है। केन्द्र में कोई डॉक्टर की नियुक्ति नहीं थी, देखभाल के लिये नर्सिंग स्टाफ भी नहीं रखा गया है। हरीश के साथ घटनावाली रात यहीं हुआ था। उसे दवा पिलाने से पहले बुरी तरह पीटा गया था। उसके बाद सीने पर चढ़कर दवा पिलाने की कोशिश की गई थी। मारपीट में उसे अंदरूनी चोंट लगे थी।

### नशा मुक्ति केन्द्र में होती है अमानवियता

शहर में नशा मुक्ति केन्द्रों की संख्या बढ़ती जा रही है। पूर्व में भी नशा मुक्ति केन्द्रों में अमानवियता और मारपीट के मामले सामने आ चुके है। कुछ महिनों पहले ही वेदनगर नशा मुक्ति केन्द्र का मामला पुलिस तक पहुंचा था। यहीं नहीं चिमनगंज थाने के सामने मेन रोड पर नशा मुक्ति केन्द्र से युवक ने कूदकर अपनी जान दी थी। यहीं नहीं जुलाई 2024 में तराना के एक युवक को नशा मुक्ति केन्द्र वाले एम्बुलेंस से इंदौररोड स्थित केन्द्र ला रहे थे, रास्ते में उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गई थी। जिसके चलते युवक की मौत होना सामने आया था। उक्त मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज किया था।

# सबसे बड़ी चोरी में शामिल बदमाशों को पूरी थी जानकारी

### 200 कैमरे देखने के बाद भी नहीं मिला सुराग, सिर्फ मकान के बाहर मिले फुटेज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अमरनाथ एवेन्यू में मंगलवार-बुधवार रात हुई चोरी सबसे बड़ी मानी जा रही है। 200 कैमरे खंगालने के बाद भी बदमाशों का सुराग नहीं मिल पाया है। अब आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों को मकान और परिवार के बारे में पूरी जानकारी थी।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के अमरनाथ एवेन्यू में रहने वाले पुरूषोत्तम गोयल के यहां हुई चोरी के बाद पुलिस लगातार बदमाशों का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को सिर्फ गोयल परिवार के घर के बाहर लगे कैमरों ही फुटेज मिले है। जिसमें बदमाश नकाबपोश होकर बाउंड्रीवाल कूदते और घर में घुसते दिखाई दे रहे है। गुरूवार शाम तक पुलिस आसपास क्षेत्रों के करीब 200 कैमरों को खंगाल चुकी थी। चोरी अब तक की सबसे बड़ी मानी जा रही है, लेकिन पुलिस द्वारा इस बात का खुलासा नहीं किया जा रहा है कि कितनी नगदी थी और कितने तोला आभूषण चोरी हुए है। पुलिस जांच में अब यह आशंका भी जताई जा रही है कि बदमाशों को मकान और परिवार के बारे में पूरी जानकारी थी। वह कालोनी से भी परिचित थे, जिसके चलते पीछे के रास्ते से आये थे। नानाखेड़ा थाना एसआई अनिल ठाकुर के अनुसार बदमाशों का पता लगाने के पूरे प्रयास जारी है, अलग-अलग टीम तकनीकी साक्ष्यों के साथ कैमरों के फुटेज देख रही है। परिवार द्वारा चोरी गये सामान आंकलन किया जा रहा है। उनके द्वारा बताई जाने वाली राशि और आभूषणों का वजन सामने आने पर ही स्पष्ट होगा कि बदमाशों ने कितनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।

### सरकारी कामों का ठेका लेता है परिवार

बताया यह जा रहा है कि पुरूषोत्तम गोयल सरकारी कामों के ठेके लेते थे, अब उनका पुत्र आनंद गोयल ठेके लेने का काम करता है, जो इंदौर में रहता है। अमरनाथ एवेन्यू में पुरूषोत्तम गोयल पत्नी के साथ निवास करते है। गोयल परिवार ने कुछ माह पहले ही मकान खरीदा है। वारदात वाली रात से एक दिन पहले पुरूषोत्तम गोयल बसंत विहार में रहने वाली बेटी के घर गये थे। मकान में कैमरे लगे है, लेकिन बदमाश चोरी के दौरान डीवीआर भी ले गये है।

# जानलेवा हमले में घायल युवक ने 5 माह बाद तोड़ा दम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पांच माह पहले जानलेवा हमले में घायल युवक की गुरूवार को मौत हो गई। वह ऑपरेशन के बाद भी बिस्तर से नहीं उठ पाया था। घटनाक्रम के बाद पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया था। अब युवक की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर धारा बदल सकती है।

नरसिंहघाट पर रहने वाले संजू पिता मदनलाल शर्मा 34 साल का पांच माह पहले आधी रात को घर के बाहर घूमने की बात पर अजय, गणेश, लक्की और 2 अन्य से झगड़ा हो गया था। दोनों ओर से मारपीट हुई थी, संजू के सिर में चोंट लगी थी। महाकाल थाना पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। संजू के सिर में लगी चोंट डॉक्टरी रिपोर्ट के बाद गंभीर होना सामने आई थी। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में प्रकरण दर्ज किया था। संजू को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसके सिर का ऑपरेशन हुआ था, लेकिन वह ठीक नहीं हो पाया था। डॉक्टरों ने अस्पताल से छुट्टी कर दी थी, वह घर पर ही रहता था। शुक्रवार को अचानक उसकी मौत हो गई। परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मृतक पहले से घायल था उसका ऑपरेशन भी हुआ था। मौत होने पर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है। रिपोर्ट आने पर पुष्टि होगी कि मृतक की मौत का कारण क्या रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## बाइक की टक्कर से घर लौट रहे पति-पत्नी घायल

**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम झूटावद में रहने वाला लखन पिता गोवर्धन पंवार अपने ससुराल ग्राम सुरजाखेड़ी पत्नी कविता को लेने गया था। दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे, रास्ते में ग्राम ढाबला के समीप सामने से तेजगति में आई बाइक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों पति-पत्नी घायल हो गये।

दोनों को एम्बुलेंस की मदद से चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया गया है।

# ट्रेन छूटने पर पुलिस ने दिखाई मानवीयता



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

छत्तीसगढ़ से आये परिवार में शामिल सदस्य लापता हो गया था, पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की, लापता को तलाश गया, लेकिन देरी होने पर ट्रेन छूट गई। पुलिस मानवीयता दिखाते हुए दूसरी ट्रेन के आने तक अपने खर्च पर होटल में ठहरने की व्यवस्था कराई।

महाकाल दर्शन करने छत्तीसगढ़ से परिवार उज्जैन पहुंचा था। इस दौरान मंदिर परिसर क्षेत्र में परिवार का वृद्ध सदस्य अचानक परिजनों से बिछड़ गया। परिजनों अपने स्तर पर तलाशने के प्रयास किये, नहीं मिलने पर पुलिस से मदद मांगी गई। महाकाल थाना एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान एक बार फिर आगे आये और वृद्ध की तलाश शुरू की। कुछ घंटों की तलाश के बाद वृद्ध मिल गया। इस बीच परिवार को वापस ट्रेन से लौटना था, परिवार के वृद्ध सदस्य के मिलने पर देरी होने के चलते ट्रेन छूट गई। परिवार परेशान हो गया, एएसआई ने मानवीयता दिखाते हुए परिवार को होटल में ठहराया और दूसरी ट्रेन के आने पर उन्हे स्टेशन तक पहुंचाया। महाकाल थाना पुलिस की मदद देख परिवार ने उज्जैन पुलिस का आभार माना

# आर्थिक परेशानी से तंग युवक ने झोपड़ी में लगाई फांसी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पैर में चोंट लगने पर काम नहीं कर पा रहे युवक ने आर्थिक परेशानी से तंग आकर गुरूवार को फांसी लगा ली। भाई ने उसे फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी।

नीलगंगा थाना एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि अर्जुन नगर में झोपड़ी बनाकर रहने वाले महेश नामक युवक ने सूचना देकर बताया था कि भाई राजेश पिता मदनलाल ने फांसी लगा ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो झोपड़ी में लगी बल्ली पर दुपट्टेनुमा कपड़े से लटका मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। जहां भाई महेश ने बताया कि राजेश मजदूरी करता था कुछ माह पहले पैर में चोंट लगने पर वह काम नहीं कर पा रहा था। राजेश की शादी भी नहीं हुई थी। दोनों भाई साथ रहते थे वह भी मिस्त्री का काम करता है। एएसआई राठौर के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंपा गया है। मृतक की बहन काला पत्थर क्षेत्र में रहती है, वह भी सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच गई थी।

### मोबाइल पर बात करते समय खाया जहर

पंवासा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में रहने वाले विशाल पिता विष्णु राठौर ने बुधवार-गुरूवार रात मोबाइल पर बात करते समय जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां गुरूवार को मौत हो गई। प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि सूचना मिलने पर विशाल का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने बताया कि मोबाइल पर किसी युवती से बात करता था। मृतक का मोबाइल जांच में लेकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिये दिया गया है।

### 6 बच्चों के पिता की मौत

उन्हेल का रहने वाला जितेन्द्र पिता चंदरसिंह राजपूत 15 सालों से ग्राम कालूहेडा स्थित ससुराल में रहकर मिस्त्री का काम कर रहा था। उसकी 4 बेटियां और 2 बेटे है। मंगलवार को जितेन्द्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसकी उपचार के दौरान गुरूवार को चरक अस्पताल में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी में विवाद होता था। संभवतः इसी के चलते उसने जहर खाया था।

## लोडिंग वाहन चालक की लापरवाही से हुई थी दुर्घटना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

रूनिजा चौपाटी रतलाम रोड पर 11 दिसंबर की रात बाइक पर सवार विशाल पिता राजेन्द्र ओहरी, रोहित पिता रतनलाल और अर्जुन पिता रमेश सिंघाड़ निवासी झरखेड़ी रतलाम खड़े लोडिंग वाहन में पीछे से टकरा गये थे। हादसे में विशाल की मौके पर मौत हो गई थी। भाटपचलाना थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था।

पांच दिनों बाद पता चला कि बीच रास्ते में चालक ने बिना संकेतक अपना लोडिंग वाहन खड़ा किया था। अंधेरा होने पर बाइक सवार पीछे से टकराये थे। जांच में आये तथ्यों के बाद पुलिस लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर लोडिंग वाहन जप्त कर लिया है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्व नम्बर 316 रकबा 0.150 हेक्टर, सर्वे नम्बर 378 रकबा 0.150 हेक्टर, सर्वे नम्बर 379/1 रकबा 0.170 हेक्टर, सर्वे नम्बर 379/3 रकबा 0.310 हेक्टर, सर्वे नम्बर 380/1 रकबा 0.030 हेक्टर कुल कित्ता 5 कुल रकबा 0.910 हेक्टर स्थित ग्राम निपान्या सुनार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को अशोक पिता रतनलालजी, निवासी ग्राम कागदी कराडिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त भूमिः का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित में रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।
अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 18/12/2025
स्थान - उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर 9826534221, 8839920862**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि सर्वे क्रमांक 136/1/2 रकबा 0.40 हेक्टेयर अर्थात 2 बीघा स्थित ग्राम चक जयरामपुरा तहसील व जिला उज्जैन को भूमि स्वामी 1 देवकन्या बाई पति स्व, शंकरलाल 2. नितेश पिता स्व, शंकरलाल भदोरिया 3. दिनेश पिता शंकरलाल भदोरिया निवासीगण 51 क्षिप्रा विहार कालोनी शंकरपुर मक्सी रोड उज्जैन म. प्र. से उक्त वर्णित भूमि मेरे पक्षकार ने क्रय सौदा चिटठी संम्पादित कर बयाना राशि भूमि स्वामी को अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का ई पंजियन करवाना शेष रहा है। उक्त भूमि भाग पर किसी अन्य व्यक्ति संस्था समूह वित्तिय निकाय बैंक पेढी शासकीय व अर्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया गया हो अथवा स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार बोझ दान विक्रय बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेगा अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी ।
इति दिनांक 18/12/2025

**अजय शंकर तिवारी एडव्होकेट, कार्यालय- पुराना नाका मक्सी रोड चकोर पार्क के सामने उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं.- 9827068234**

## जाहिर सूचना

ग्राम चन्देसरी तह. व जिला उज्जैन सर्वे क्रमांक 330/1/2 बाबद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुजम्मिल एहमद पिता श्री अनीस एहमद, निवासी-ग्राम दताना तहसील व जिला उज्जैन द्वारा मूल भूमि स्वामी 1-मदनलाल चौधरी पिता श्री बद्रीलाल जी, निवासी ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन व 2-श्रीमती संतोष बाई पति श्री हीरालाल जी पुत्री श्री बद्रीलाल जी निवासी-ग्राम सिंगावदा तहसील घट्टिया उज्जैन व 3-श्रीमती सुगन बाई पति श्री जंगदीश पुत्री श्री बद्रीलाल जी, निवासी-104, नई आबादी सिमरोड, इन्दौर से क्रय अनुबंधित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 330/1/2 रकबा 0-1000 हेक्टर होकर ग्राम चंदेसरी प.ह.नं. 86 तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग पर स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की है को मेरे पक्षकार द्वारा मुजम्मिल एहमद पिता श्री अनीस एहमद, निवासी-ग्राम दताना तहसील व जिला उज्जैन से क्रय करने हेतू अनुबंध कर आंशिक राशि दे दी गई है यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनो में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से प्रेषित करें, अवधि पश्चात सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा इसके पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी।

**शैलेन्द्र प्रजापत (एड्व्होकेट), कार्यालयः ऑफिस नं. 143, प्रथम तल, सी-21 मॉल नानाखेडा, उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 9713540193**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 193 रकबा 2.190 हेक्टर स्थित ग्राम मुंजाखेडी तहसील व जिला उज्जैन को विजयसिंह पिता श्री प्रभुलालजी, निवासी ग्राम मुंजाखेडी जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।
अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 18-12-2025
स्थान - उज्जैन


**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बरः 9826534221, 8839920862**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 49/1 रकबा 0.300 हेक्टर स्थित ग्राम मेलान्या तहसील महिदपुर जिला उज्जैन को श्रीमती जतनबाई पति स्व. देवीसिंहजी, जाति आंजना निवासी ग्राम महुडी तहसील मजिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने टोकन बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।
अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन ककी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 18-12-2025 स्थान - उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर : 9826534221, 8839920862**

# यदि आप खुश रहेंगे



बाहरी परिस्थितियों को मानसिक रूप से स्वीकार कर लेने पर एक खास तरह की अनुभूति होती है और उसे अस्वीकार करने पर एक अलग तरह का अनुभव होता है। दोनों को पैदा करने वाले आप ही हैं। इस मामले में यदि आप सावधान रहें, तो खुद के लिए दर्द क्यों पैदा करेंगे? आप जो भी करेंगे, उससे मधुर अनुभूति ही मिलेगी। ज्यादातर मौकों पर एहतियात और जागरूकता के बिना आपका मन आपके लिए कष्टदायक अनुभवों को पैदा कर बैठता है। जब कोई अनचाही घटना घट जाती है, तब आपके अंदर गुस्सा, खीझ, निराशा, वेदना जैसी कितनी सारी भावनाएं पैदा होती हैं, मगर बाहरी परिस्थितियां जैसी भी हों, अपनी क्षमता के अनुरूप उनका सामना करते हुए आंतरिक परिस्थिति को शांतिपूर्ण रखें, तो कोई भी चीज समस्या नहीं लगेगी। यदि अपने चारों ओर होने वाली सभी बातों को उसी रूप में स्वीकार करके हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे, तो वह सत्यानाश का रास्ता खोल देगा। आप किसी काम के नहीं रहेंगे। अपनी जो जरूरत है, आप जो चाहते हैं, उसका निर्माण करने के लिए आवश्यक सारे काम कीजिए। लाखों लोग आपकी इच्छा के खिलाफ चाहत रख सकते हैं। विरोध तो बना ही रहेगा। कोई भी खास परिस्थिति सभी के लिए अनुकूल नहीं हो सकती, इसलिए इधर कोई बाधा आड़े आए या उधर कोई अनचाहा मोड़ आ जाए, तभी जीवन में कुछ उपलब्ध करने की इच्छा मन में पैदा होगी? विरोधी टीम के बिना कौन सा खेल रुचिकर रह जाएगा? जीवन दूर खड़े होकर तमाशा देखने के लिए नहीं है। मैदान में उतरकर जो भी आए, उसका सामना करते हुए, उम्मीद न छोड़कर डटे रहकर सफलता पाने में ही संतोष मिलता है। किसी मोटे पेड़ को काटना है। आप चाहें भी, तो एक मामूली ब्लेड से काट नहीं सकते। पैने दांतों वाली मजबूत आरी का प्रयोग करके ही उसे काटना होगा। उसे साधारण ब्लेड से काटने की कोशिश करेंगे, तो अपने हाथ को घायल कर सकते हैं, पर पेड़ नहीं कटेगा। हर परिस्थिति आपसे खास तरह के व्यवहार की मांग करती है, वह मांग कैसी होगी, इसका निर्णय करने वाले आप नहीं हैं। उस परिस्थिति की जरूरत उसका निर्णय करती है। मानव जिन बुलंदियों को छू सकता है, उनको न छू पाना कितनी दयनीय स्थिति है? ईश्वर को छोड़िए। सामने वाले व्यक्ति को छोड़िए। अपने बारे में गौर कीजिए। एक सूत्र याद रखिए कि यदि आप खुश रहेंगे, तो आपके चारों ओर की जिंदगी भी खुश रहेगी। मनुष्य ऊंचे उठेंगे, तभी मानवता ऊपर उठेगी, वह महान बनेगी। मानवता उन्नत हो जाए, तो फिर किसी सीख की जरूरत नहीं होगी। इसीलिए योग में भगवान पर गौर नहीं किया जाता, इंसानों पर ही गौर किया जाता है।



## सम्पादकीय

# छोटे शहरों की प्रतिमाएँ

इंडियन प्रीमियर लीग अर्थात आईपीएल अच्छे क्रिकेटरों के लिए एक ऐसी मंजिल बन गया है, जहां से पीछे देखने की जरूरत नहीं पड़ती है। आईपीएल के साथ जुड़े अनेक क्रिकेटरों की ऐसी-ऐसी गाथाएं हैं, जो किसी को भी प्रेरित कर सकती हैं। अबू धाबी में हुई आईपीएल की एक लघु नीलामी से तीन-चार ऐसे खिलाड़ियों के नाम उभरे हैं, जिनकी चर्चा जरूरी है। उत्तर प्रदेश के युवा क्रिकेटर प्रशांत वीर को रिकॉर्ड 14.20 करोड़ रुपये की बोली लगाकर चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है। एक शिक्षा मित्र व किसान के पुत्र प्रशांत वीर कभी रोज 15 किलोमीटर साइकिल चलाकर अभ्यास के लिए पहुंचते थे। अब वह जैसी गेंदबाजी करते हैं, वैसी ही उम्दा बल्लेबाजी भी। उनकी मेहनत रंग लाई है, तभी उनके खेल की कीमत 30 लाख रुपये से शुरू होकर 14.20 करोड़ रुपये तक पहुंची है। एक अन्य मिसाल जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी हैं, जिनके पिता उन्हें खेलने से रोका करते थे, पर मेहनत-लगन से नबी आज ऐसे मुकाम पर जा पहुंचे हैं, जहां एक खिलाड़ी के रूप में उनकी कीमत 8.40 करोड़ रुपये आंकी गई है। नबी कश्मीर में न जाने कितने युवाओं की प्रेरणा बन गए हैं। ठीक ऐसी ही एक सफल गाथा राजस्थान के 19 वर्षीय बल्लेबाज-विकेटकीपर कार्तिक शर्मा की है। छक्के मारने के लिए मशहूर इस युवा को चेन्नई सुपर किंग्स ने रिकॉर्ड 14.20 करोड़ रुपये में अनुबंधित किया है। कार्तिक ने पांच साल की उम्र में ही बता दिया था कि मुझे छक्के मारने वाला खिलाड़ी बनना है। यह वह देश है, जहां एक औसत इंसान साल भर में लाख रुपये भी नहीं कमा पाता है, पर यहां क्रिकेटरों को एक-एक साल के अनुबंध के लिए करोड़ों रुपये मिलना आम बात हो गई है। भारतीय क्रिकेट का यह नया दौर है, जहां अच्छे खिलाड़ियों को अपनी जिंदगी संवारने में वक्त नहीं लगता है। एक ऐसा दौर भी था, जब हमारे खिलाड़ियों को खेलने जाने के लिए अपने यात्रा टिकट खुद खरीदने पड़ते थे। आज भारत में आईपीएल क्रिकेट एक स्वर्णिम अवसर है, जहां मेहनत-लगन से कम समय में ही आसमान की ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। सबसे अच्छी बात है कि अब क्रिकेट में मुंबई, दिल्ली जैसे महानगरों के खिलाड़ियों का वर्चस्व नहीं है, छोटे शहरों और गांवों से आने वाले खिलाड़ी भी झंडे गाड़ने लगे हैं। उत्तर प्रदेश से ही इस बार 13 खिलाड़ी नीलामी में शामिल थे, जिनमें से पांच के लिए बोली लगी।

### लगातार व्यवधानों के दौर में संसदीय लोकतंत्र को सशक्त करने की संस्थागत राह

# संसद का अवरुद्ध स्वर और लोकतंत्र की कसौटी



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संसद लोकतंत्र की आत्मा मानी जाती है। यही वह मंच है जहाँ जनता की विविध आकांक्षाएँ, असहमतियाँ और अपेक्षाएँ बहस के माध्यम से नीति और कानून का रूप लेती हैं। किंतु हाल के वर्षों में संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित होने, प्रश्नकाल के स्थगित रहने, विधेयकों के बिना पर्याप्त चर्चा पारित होने और सदन के समय से पहले स्थगन ने इसकी गरिमा और प्रभावशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। संसद, जो संवाद और सहमति का प्रतीक होनी चाहिए थी, वह अनेक अवसरों पर टकराव और अवरोध का अखाड़ा बनती दिखी है। यह स्थिति केवल संसदीय परंपराओं का क्षरण नहीं, बल्कि प्रतिनिधि लोकतंत्र की जड़ों के कमजोर होने का संकेत भी है।

संसद में व्यवधान कोई नया विषय नहीं है। विरोध, असहमति और सरकार को जवाबदेह ठहराने के लिए प्रतिपक्ष की भूमिका लोकतंत्र में अनिवार्य है। किंतु जब विरोध का प्रमुख औजार निरंतर हंगामा, नारेबाजी और कार्यवाही ठप करना बन जाए, तब यह प्रश्न उठता है कि क्या संसद अपने मूल उद्देश्य को पूरा कर पा रही है। बार-बार स्थगित होने वाली कार्यवाही का सबसे बड़ा नुकसान जनता को होता है, क्योंकि संसद का हर खोया हुआ घंटा नीतिगत विमर्श, जनहित के मुद्दों और विधायी समीक्षा से चूक का प्रतीक बन जाता है। यह स्थिति कार्यपालिका को अधिक शक्तिशाली बनाती है और विधायिका की निगरानी भूमिका को कमजोर करती है।

लोकतांत्रिक शासन में संसद केवल कानून पारित करने की मशीन नहीं होती, बल्कि वह कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने, नीतियों की आलोचनात्मक समीक्षा करने और समाज के विभिन्न वर्गों की आवाज को सामने लाने का मंच भी होती है। जब संसद बाधित होती है, तब कार्यपालिका पर सवाल पूछने के अवसर कम होते हैं, अध्यादेशों और ह्यगिलोटिनह्न जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से विधायी निगरानी कमजोर पड़ती है और निर्णय कुछ सीमित हाथों में केंद्रित होने लगते हैं। इस संदर्भ में संस्थागत सुधारों की आवश्यकता केवल तकनीकी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता से जुड़ा प्रश्न है।

संसदीय समितियों की भूमिका इस बहस में अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में संसदीय समितियाँ सदन के बाहर अपेक्षाकृत शांत वातावरण में विधेयकों की बारीकी से जांच करने, विशेषज्ञों और हितधारकों की राय लेने तथा राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर व्यावहारिक सुझाव देने का मंच प्रदान करती हैं। जब अधिकाधिक विधेयकों को बिना समिति जांच के पारित किया जाता है, तो कानून निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। संस्थागत सुधार के रूप में सभी प्रमुख विधेयकों को अनिवार्य रूप से समितियों को भेजना न केवल विधायी प्रक्रिया को मजबूत करेगा, बल्कि संसद के भीतर होने वाले टकराव को भी कम कर सकता है, क्योंकि असहमति का समाधान बहस और प्रमाण के माध्यम से बाहर संभव होगा। प्रश्नकाल को संसदीय लोकतंत्र की रीढ़ कहा जाता है। यही वह समय होता है जब निर्वाचित प्रतिनिधि सीधे-सीधे मंत्रियों से जनता से जुड़े सवाल पूछते हैं और सरकार को अपने निर्णयों का स्पष्टीकरण देना पड़ता है। प्रश्नकाल का बार-बार बाधित होना या औपचारिकता में सिमट जाना कार्यपालिका की जवाबदेही को कमजोर करता है। संस्थागत सुधार के तहत प्रश्नकाल की सुरक्षा और उसकी अनिवार्यता तय करना आवश्यक है, ताकि किसी भी परिस्थिति में इसे स्थगित न किया जाए। इससे सरकार और विपक्ष दोनों को संवाद के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

संसद में अनुशासन और मयार्दा बनाए रखने के लिए आचार-संहिता और दंडात्मक प्रावधान भी आवश्यक हैं। वर्तमान में नियम तो मौजूद हैं, किंतु उनका निष्पक्ष और सुसंगत क्रियान्वयन अक्सर विवादों में घिर जाता है। यदि सांसदों के लिए स्पष्ट, पारदर्शी और सर्वसम्मति से तय आचार-संहिता हो तथा उसके उल्लंघन पर समान रूप से कार्रवाई हो, तो अव्यवस्थित आचरण पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। यह सुधार केवल दंड देने का नहीं, बल्कि संसदीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने का माध्यम बन सकता है।

संसद के कार्यदिवसों की संख्या भी एक महत्वपूर्ण संस्थागत मुद्दा है। भारत की संसद कई विकसित लोकतंत्रों की तुलना में अपेक्षाकृत कम दिन बैठती है। सीमित सत्रों में भारी विधायी एजेंडा न केवल सांसदों पर दबाव बढ़ाता है, बल्कि सार्थक बहस की संभावना को भी कम करता है। न्यूनतम निश्चित बैठक दिनों वाला कैलेंडर तय करना और उसका सख्ती से पालन करना विधायी गुणवत्ता को बेहतर बना सकता है। अधिक बैठकों का अर्थ केवल अधिक कानून नहीं, बल्कि अधिक संवाद, अधिक प्रश्न और अधिक जवाबदेही है। हालाँकि, इन संस्थागत सुधारों की राह आसान नहीं है। राजनीतिक दल अक्सर संसद के भीतर व्यवधान को एक वैध राजनीतिक हथियार मानते हैं। विपक्ष को यह आशंका रहती है कि सुधारों के नाम पर उसके विरोध के अधिकार को सीमित किया जाएगा, जबकि सत्ता पक्ष पर यह आरोप लगता है कि वह संस्थागत नियमों का उपयोग असहमति को दबाने के लिए कर सकता है। इसके अतिरिक्त, स्पीकर या सभापति की निष्पक्षता पर उठने वाले सवाल भी सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा बनते हैं। यदि पीठासीन अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगे, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई भी विवाद का कारण बन जाती है। कार्यपालिका का बढ़ता प्रभुत्व भी एक गंभीर चिंता है। अध्यादेशों का बढ़ता प्रयोग, धन विधेयकों के दुरुपयोग और समयाभाव के नाम पर बहस सीमित करने की प्रवृत्ति संसद की भूमिका को कमजोर करती है। ऐसे में केवल नियम बदलना पर्याप्त नहीं होगा; सत्ता और विपक्ष दोनों को संसदीय मयार्दाओं के प्रति प्रतिबद्धता दिखानी होगी। संस्थागत सुधार तभी सार्थक होंगे जब उन्हें राजनीतिक इच्छाशक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों का समर्थन प्राप्त हो।

अंततः संसद की मजबूती किसी एक सुधार या नियम से सुनिश्चित नहीं हो सकती। यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें संस्थाएँ, परंपराएँ और राजनीतिक आचरण तीनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। संसद को फिर से बहस, सहमति और उत्तरदायित्व का मंच बनाने के लिए आवश्यक है कि विरोध संवाद में बदले, असहमति अवरोध में नहीं, और शक्ति संतुलन संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप बना रहे। तभी भारतीय संसदीय लोकतंत्र न केवल व्यवधानों से उबर पाएगा, बल्कि एक जीवंत, प्रतिनिधिक और जवाबदेह संस्था के रूप में अपनी भूमिका को पुनः स्थापित कर सकेगा।

# डाक्टरेट ऑन डिस्काउंट

पहले मुझे लगता था ज्ञान कोई कठिन तपस्या है, जैसे वेदांत को समझना या समाज की सेवा में जीवन झोंक देना। फिर एक दिन फेसबुक खोला तो पाया कि ज्ञान अब ऑफर पर है–राशि मात्र पैंतीस हजार, सर्टिफि केट फ्री में प्रसिद्धि! क्या जमाना आ गया है! पहले जहाँ शंकराचार्य पैदल दक्षिण से उत्तर तक विवाद करते घूमे, वहाँ अब मोबाइल डेटा और गूगल पे से डाक्टरेट घर पहुँचा दी जाती है। पंडिताई अब परिश्रम नहीं, बल्कि भुगतान माँगती है। अजी, जिस समाज में राय बिकती हो, वहाँ सम्मान का दाम लगना कोई बड़ी बात थोड़ी है!

फोन पर एक मीठी आवाज आई – सर, हम आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डाक्टर बना सकते हैं। सिर्फ 35,000 में। मैंने पूछा – क्या मेरा शोध विषय भी उनकी ओर से तय होगा या साथ में मिलेगा? वह बोली – जी सर, विषय की क्या जरूरत? अब रिसर्च नहीं, रीचार्ज जरूरी है! मैंने दिल थाम लिया। पहले लोग किताबें लिखकर डिग्री पाते थे, अब मोबाइल रिचार्ज से। हद तो तब हुई, जब उसने कहा – सर, आप चाहें तो अवार्ड घर बैठे 25,000 में पा सकते हैं। मोमेंटो, मीडिया पब्लिसिटी सब शामिल! यानी मानो डाक्टरेट नहीं, डीटीएच कनेक्शन लिया जा रहा हो। अब मेरे मन में द्वंद्व चल रहा था। एक ओर डाक्टरेट का लालच–नाम के आगे डॉ. लगेगा, पड़ोसी झुककर नमस्ते करेंगे, और घरवाले कहेंगे अब हमारे भी खानदान में विद्वान पैदा हुआ। दूसरी ओर साहित्य रत्न का आकर्षण–भले ही मैं रत्न से ज्यादा भस्म ही क्यों न बन चुका हूँ, पर फेसबुक पर चमक जरूर बढ़ेगी। मैंने पत्नी से पूछा – कौन सा पैकेज लूं? वह बोली – भई, कम में ज्यादा लो। 25 वाला ले लो। आखिर अवार्ड से ज्यादा जरूरी गैस सिलेंडर है। सच में, वह महिला नहीं, राष्ट्र की अर्थनीति थी–सीमित आय में असीम सम्मान की चाह!

अगले दिन उसने फोन किया – सर, सीरियल की नायिका से सम्मान लेना चाहेंगे या पूर्व सांसद से? मैंने कहा – देखिए, बस किसी ऐसे से दिलवा दीजिए जो मुझे पहचानता न हो, ताकि संकोच न हो। सम्मान समारोह में क्या भीड़ थी! सब लोग फेसबुकिया समाजसेवी, व्हाट्सएप कवि और इंस्टाग्राम महात्मा।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 19 दिसंबर 2025 शुक्रवार
सूर्योदय - 07:06 सूर्यास्त 17:42
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - अमावस्या दिन पूर्ण उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - ज्येष्ठा 22:51 उपरांत मूल
योग - शूल 15:47 उपरांत गण्ड
करण - चतुष्पद
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 22:51 पर धनु में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 27 तारिख

**मेष-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। यात्रा होगी।

**वृषभ-** व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों से न उलझें।

**मिथुन-** रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी, प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क-** स्वयं के ही प्रयासों से जनप्रियता एवं मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा, नई योजनाएं बनेंगी।

**सिंह-** तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहायता से काम होंगे। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी।

**कन्या-** कामकाज की अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। पूंजी संचय की बात बनेगी।

**तुला-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक-** लाभ होगा। कामकाज की अनुकूलता रहेगी। कार्यों में विलंब से चिंता होगी।

**धनु-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। धनार्जन होगा।

**मकर-** रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। प्रेम-संबंधों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ-** पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच?छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न लें।

**मीन-** कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

# कोरे कागज सी है ये जिंदगी

कोरे कागज सी है ये जिंदगी लिख सकते हो खुद तुम अपनी तकदीर,
जैसा होगा तुम्हारा कर्म आज का वैसी ही बनेगी भविष्य की तस्वीर ।
शांति चाहिए तो तुम बनो सर्वप्रथम शांत प्रिय, संतोषी व सदाचारी,
प्रेम का भाव बसा लो तन-मन में जीवों के प्रति बनो दयालु परोपकारी ।
प्रेम चाहिए तो तुम पहले अपने भीतर सात्विकता का भाव जगाओ,
ईर्ष्या-द्वेष के मनोविकार से रहो सुरक्षित शुद्ध विचारों को मन में बसाओ ।
स्वास्थ्य चाहिए तो तुम पहले अपनी दिनचर्या को करो पूर्ण व्यवस्थित,
भोजन हो पूर्ण शुद्ध व आस-पास के वातावरण में शुद्धता हो उपस्थित ।
धन चाहिए तो पहले सीखो करना बचत व अनावश्यक खर्चों पर कटौती,
मत मानो परिस्थितियों को दोषी व हार को जीवन अभिशाप और पनौती।
सुख चाहिए तो पहले जानो मिल-जुलकर रहना व खुशियों को बॉटना,
गलत कर्म से दूर रहो छोड़ो शिकायतें, आलस्य और बेरूखी का तराना।
विजय चाहिए तो तुम हौसलों को बुलंद और तन-मन को शक्तिवान करो,
सपनों के पीछे तुम अकेले मत भागो सही सहयोगियों की तलाश करो ।
आनंद चाहिए जीवन में तो तुम सदा पहले कृतज्ञ बनो और आभार करो,
दुःखों के भंवर से निकल कर आशाओं के पथ पर ज्ञान का विस्तार करो।
बड़ा सोचो भला सोचो छोटी-छोटी बातों में मत उलझों रिश्तों में ईमानदार रहो,
प्रभावशाली वाणी व मन की मधुरता का अपने आचरण
में सुंदर श्रृंगार करो ।
जिंदगी को इस तरह प्रेम से अपनी चाहतों के रंगों
में रंग लो तुम सुनहरा,
जहॉ हर भोर हो उत्साह उल्लास से भरी और हर रात
हो प्रसन्नता का पहरा ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# न्यूरोविज्ञान से अपराधविज्ञान तक: यौन अपराधों की वैज्ञानिक पड़ताल



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

यौन हिंसा केवल सामाजिक अव्यवस्था या नैतिक पतन का परिणाम नहीं, बल्कि इसमें जटिल वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक, न्यूरोलॉजिकल और सामाजिक-आर्थिक कारण गहरे जुड़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2024) के अनुसार, लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं अपने जीवनकाल में किसी न किसी रूप में यौन हिंसा का शिकार होती हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन की रिपोर्ट में हर वर्ष विश्व में करीब 1.2 करोड़ लड़कियाँ यौन शोषण झेलती हैं। भारत में राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (एनसीआरबी, 2023) के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग 32-35 हजार बलात्कार के मामले दर्ज होते हैं, जबकि विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक है क्योंकि ज्यादातर पीड़ित शिकायत दर्ज नहीं करातीं।न्यूरोविज्ञान के अध्ययन बताते हैं कि यौन अपराध केवल यौन इच्छा का परिणाम नहीं हैं, बल्कि मस्तिष्क के आवेग-नियंत्रण, सहानुभूति और नैतिक निर्णय से जुड़े हिस्सों की विकृति इसका कारण हो सकती है। प्री-फ्रंटल कॉर्टेक्स की खराब कार्यक्षमता सोच और नियंत्रण को कमजोर करती है, जबकि अमिग्डाला की अत्यधिक सक्रियता आक्रामकता बढ़ाती है। अनेक अपराधियों में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के असामान्य स्तर पाए गए हैं, जो हिंसक यौन प्रवृत्तियों को बढ़ावा देते हैं। बचपन के आघात और पारिवारिक हिंसा मस्तिष्क के पुरस्कार तंत्र को भी विकृत कर, आवेग नियंत्रण को कमजोर करती हैं।डिजिटल युग में अश्लील सामग्री की बढ़ती उपलब्धता अपराध के स्वरूप को बदल रही है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (2024) के अध्ययन के अनुसार अत्यधिक अश्लीलता देखने से डोपामीन स्तर असंतुलित हो जाता है, जिससे तीव्र उत्तेजनाओं की तलाश बढ़ती है। भारत में स्मार्टफोन की पहुँच ने किशोरों को इस मानसिक जोखिम में और अधिक संवेदनशील बना दिया है।अपराधविज्ञान के अनुसार यौन अपराध जैविक कारणों के साथ-साथ सामाजिक संरचना, पितृसत्तात्मक सोच, लैंगिक असमानता और शक्ति प्रदर्शन से भी जुड़े हैं। इन अपराधों का उद्देश्य यौन संतुष्टि से अधिक प्रभुत्व स्थापित करना होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन बताता है कि 40-55 प्रतिशत यौन अपराधी नशे की हालत में रहते हैं। शराब और नशीली दवाएं मस्तिष्क की निर्णय क्षमता को प्रभावित कर आवेग नियंत्रण कम कर देती हैं। इसके साथ-साथ बढ़ता आर्थिक तनाव और सामाजिक दबाव भी आक्रामकता को बढ़ावा देते हैं।न्याय व्यवस्था की कमजोरियाँ भी यौन अपराधों को प्रोत्साहित करती हैं। भारत में उक्त अपराधों की दोषसिद्धि दर मात्र 25-30 प्रतिशत है। लंबी सुनवाई, फोरेंसिक जांच की कमी, साक्ष्य खराब होना और सामाजिक दबाव अपराधियों को दंड से बचाता है। निरोध सिद्धांत के अनुसार भयभीत दंड व्यवस्था ही अपराध कम कर सकती है।इस समस्या का समाधान बहुआयामी होना चाहिए। बच्चों और युवाओं को उम्र-उपयुक्त यौन शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और भावनात्मक संयम सिखाना आवश्यक है। अश्लील सामग्री से बचाव के लिए कार्यक्रम और मानसिक परामर्श प्रभावी हो सकते हैं। समाज में महिलाओं के सम्मान और समानता को बढ़ावा देना जरूरी है, और मीडिया में महिलाओं के वस्तुकरण पर नियंत्रण होना चाहिए।न्यायिक सुधारों में त्वरित न्यायालय, अत्याधुनिक फोरेंसिक तकनीक, डीएनए परीक्षण और अपराधियों के लिए व्यवहार चिकित्सा मददगार सिद्ध हो सकते हैं। पीड़ितों के लिए मनो-आघात चिकित्सा और सुरक्षित पुनर्वास भी सर्वप्राथमिकता है।यौन हिंसा को केवल सामाजिक या नैतिक समस्या नहीं, बल्कि न्यूरोविज्ञान, मनोविज्ञान, अपराधविज्ञान और सामाजिक संरचना के समग्र दृष्टिकोण से समझना चाहिए। तभी एक ऐसा समाज बनाया जा सकता है जहाँ किसी को हिंसा या उत्पीड़न से न डरना पड़े।

# बेटी की सूझबुझ ने डिजिटल अरेस्ट पिता को ठगी के चुंगल से बचाया

दिल्ली के लाल किला बम विस्फोट करने वाले आतंकियों का साथी बता कर एमपी के मुरेना में एक जूता व्यापारी को साइबर ठग ने उनके हि घर में डिजिटल अरेस्ट कर ठगने का प्रयास किया था परन्तु उनकी बेटी ने अपनी समझदारी एवं होशियारी से अपने? पिता को इस ठगी से बचा लिया। अतः बेटी के इस होशियारी भरे कदम की आज हर कोई प्रशंसा कर रहा है, कारण आज जिस तरह से डिजिटल अरेस्ट के केस में स्वयं परिवार के ही होशियार बच्चे जिस तरह से अपने हि स्वजनों को डिजिटल अरेस्ट से बचाने के लिए आगे आ रहे है वह सराहनीय कहा जा सकता है। वैसे भी अक्सर ही हमारे बच्चे स्कूलों में मिलने वाली कम्पयूटर शिक्षा के कारण मोबाइल, कम्प्यूटर हो या टेबलेट इन सब में काफी होशियार हो जाते हैं। इसी कारण हमारे बच्चे नेट के माध्यम से इन सब सिस्टमों से लगातार जुड़े रहते हैं। अतः यहां तो हम यही कहना चाहते हैं कि आज हमारे बच्चों को अपने माता-पिता हो या अन्य स्वजन उन्हें डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में हर तरह से मदद पहुंचा कर उन्हें किसी भी तरह की साइबर मुसीबत से बचाने का प्रयास अवश्य करना चाहिए। फिर यह भी बेहद जरूरी है कि आज न केवल स्कूल-कालेज में विद्यार्थियों को एवं शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों को?। डिजिटल अरेस्ट सम्बंधी हर तरह की जानकारी देकर उन्हें इससे बचने के हर तरह के उपाय अवश्य ही बताए जाने चाहिए।

**एमएम राजावतराज,**

## धर्म-आस्था

# वाल्मीकिरामायण में विभीषण द्वारा रावण को सीताजी को लौटाने की सम्मति देना



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

रावण को श्रीरामकथा में अनेक पात्रों जैसे मारीच, मन्दोदरी, शुक सारण, कुम्भकर्ण तथा विभीषण आदि ने श्रीराम से वैर न लेने की सम्मति (सलाह) एक बार नहीं वरन अनेक बार दी। अन्त में रावण को इन सबकी सम्मति को न मानने एवं अहंकार में अंधा होने से श्रीराम के द्वारा युद्ध में पराजित होना पड़ा। इसी क्रम में वाल्मीकिरामायण में विभीषण श्रीराम को अजेय बताकर उनके पास सीताजी को लौटा देने की सम्मति दी। यदि रावण विभीषण की बात मान लेता तो सम्भवतः रावण एवं लंका का विनाश नहीं होता किन्तु श्रीराम लीला अनोखी है अतः जो होना था वही हुआ।

राक्षसराज रावण के समक्ष कुम्भकर्ण की गर्जना सुनकर विभीषण ने रावण को बड़े ही सार्थक एवं हितकारी वचनों से इस प्रकार समझाया- राजन! सीता नामधारी विशालकाय महान सर्प को किसने आपके गले में बाँध दिया है? उसके हृदय का भाग ही उस सर्प का शरीर है, चिन्ता ही विष है, सुन्दर मुस्कान ही तीखी दाढ़ है और प्रत्येक हाथ की पाँच-पाँच अँगुलियाँ ही इस सर्प के पाँच सिर हैं। जब तक पर्वत शिखर के समान पूरे ऊँचे वानर जिनके दाँत और नख उनके आयुध हैं। लंका पर आक्रमण नहीं करते, तभी तक आप श्रीराम के हाथ में सीताजी को सौंप दीजिए। जब तक श्रीरामचन्द्रजी के चलाए हुए वायु के समान तीव्र वेगशाली तथा वज्रतुल्य बाण राक्षस शिरोमणियों के सिर नहीं काट रहे हैं तभी तक आप श्रीरामचन्द्रजी की सेवा में सीताजी को समर्पित कर दीजिए।

राजन! ये कुम्भकर्ण, इन्द्रजीत, महापार्श्व, महोदर, निकुम्भ, कुम्भ और अतिकाय- कोई भी रणक्षेत्र में श्रीरामचन्द्रजी के समुख नहीं ठहर सकते। यदि सूर्य या वायु आपकी रक्षा करें, इन्द्र या यम आपको गोद में छिपा ले अथवा आप आकाश या पाताल में प्रवेश (घुस) कर जाए तो भी श्रीराम के हाथों से जीवित नहीं रह सकते। विभीषण की यह बात सुनकर प्रहस्त ने कहा हम देवताओं अथवा दानवों से कभी नहीं डरते। भय क्या वस्तु है? यह हम जानते ही नहीं हैं। हमें युद्धों में यक्षों, गन्धर्वों, बड़े-बड़े नागों, पक्षियों और सर्पों से भी भय नहीं होता है फिर युद्ध के मैदान में राजकुमार राम से हमें कभी भी कैसे भय होगा? विभीषण राजा रावण के सच्चे हितेषी थे। उनकी बुद्धि का धर्म, अर्थ और काम में अच्छा प्रवेश था। उन्होंने प्रहस्त के अहितकर वचन सुनकर बड़ी अर्थयुक्त बात कही। प्रहस्त! श्रीराम अर्थ विशारद हैं- समस्त कार्यों के साधन में कुशल हैं। जिस प्रकार बिना जहाज या नौका के कोई महासागर को पार नहीं कर सकता है उसी प्रकार मुझ से, तुमसे अथवा समस्त राक्षसों से भी श्रीराम का वध कैसे सम्भव है?

तीक्ष्णा न तावत तव कङ्कपत्रा दुरासदा राघवविप्रमुक्ताः।
भित्वा शरीरं प्रविशन्ति बाणाः प्रहस्त तेनैव विकत्थसे त्वम।।
वाल्मीकिरामायण युद्धकाण्ड सर्ग14-13

प्रहस्त! अभी तक श्रीराम के चलाए हुए कङ्कपत्रयुक्त, दुर्जय एवं तीखे बाण तुम्हारे शरीर को विदीर्ण करके भीतर नहीं घुसे हैं इसलिए तुम बहुत बढ़-बढ़कर बोल रहे हो। प्रहस्त! श्रीराम के बाण वज्र के समान वेगशाली होते हैं। वे प्राणों का अन्त करके ही छोड़ते हैं। श्रीरामचन्द्रजी के धनुष से छूटे हुए वे तीखे बाण तुम्हारे शरीर को भेदकर अन्दर नहीं घुसे हैं, इसलिए तुम इतनी शेखी बघारते हो। रावण! महाबलीत्रिशिरा, कुम्भकर्ण, निकुम्भ और इन्द्र विजयी मेघनाद तो रणक्षेत्र में इन्द्रतुल्य तेजस्वी श्रीरामचन्द्रजी का वेग सहन करने में समर्थ नहीं हैं। देवान्तक, नरान्तक, अतिकाय, महाकाय, अतिरथ तथा पर्वत के समान शक्तिशाली अकम्पन भी युद्धभूमि में श्रीरामचन्द्रजी के सामने नहीं ठहर सकते हैं।

अयं च राजा व्यसनभिमूतो मित्रैरमित्रप्रतिमैर्भवद्भिः
अन्वास्यते राक्षसनाशनार्थे तीक्ष्ण प्रकृत्या ह्यमीक्षकारी।।
वाल्मीकिरामायण युद्धकाण्ड सर्ग 14-17

ये महाराज रावण तो व्यसनों (राजाओं में सात व्यसन माने गए हैं, जैसे वाणी और दण्ड की कठोरता, धन का अपव्यय, मद्यमान, स्त्री, मृगया और द्यूत) के वशीभूत है अतः सोच विचारकर काम नहीं करते हैं। इसके अतिरिक्त ये स्वभाव से ही कठोर है तथा राक्षसों के सत्यानाश के लिए तुम जैसे शत्रुतुल्य मित्र को सेवा में उपस्थित रहते हैं। अनन्त शारीरिक बल से परिपूर्ण, सहस्त्र फनवाले और महान बलशाली भयंकर नाग ने इस राजा को बलपूर्वक अपने शरीर से आवेष्टित कर रखा है। तुम सब लोग मिलकर इसे बन्धन से बाहर करके, प्राणसंकट से बचाओ।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेण्डर्ड- 1,32,300, रवा- 1,32,200 चांदी-टंच- 1,93,300 पाट- 1,93,100।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## सीमेंट कांक्रीट सड़क हो रही है ध्वस्त चौपाटी पर भारी वाहनों पर रोक नहीं

**इंगोरिया।** इंगोरिया चौपाटी पर सीमेंट कांक्रीट का सड़क निर्माण कार्य पूरा होने को है। ठेकेदार द्वारा सोमवार रात को चौपाटी उन्हेल_ गौतमपुरा मार्ग पर स्टॉपर लगाकर मार्ग अवरुद्ध किया था। सड़क यातायात हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई थी। गौतमपुरा तरफ जाने वाले वाहनों को ओवर ब्रिज से सर्विस रोड से होकर एच पी पेट्रोल पंप से निकलने की व्यवस्था की थी। दूसरे दिन से ही भारी वाहनों सहित सभी वाहन बे रोकटोक इस मार्ग पर निकल रहे हैं। जिससे यह सीमेंट कांक्रीट की सड़क बनने से पहले ही जगह जगह से उखड़ रही है। सभी वाहन चालक ठेकेदार के गतिरोध एवं स्टॉपर को हटाकर बेखौफ निकल रहे हैं। रहवासियों के मुताबिक इस स्थान पर टाट बिछाकर करीब 20 दिन तक पानी का छिड़काव कर तरी की जाना थी। निर्माण एजेंसी के डी एल तिवारी को इस आशय की शिकायत की गई उन्होंने बताया कि मैं दिखवाता हूं तुरंत इस मामले में कर्मचारियों को हिदायत दी जाएगी। चित्र। नव निर्मित सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क उखड़ रही है।

## नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत



**आगर मालवा।** शहर कांग्रेस कमेटी आगर द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आगर मोहन यादव,बीजानगरी महेंद्र सिंह,बडौद मेहरबान सिंह,कानड़ नितिन पालीवाल का स्वागत किया गया महेंद्रसिंह व नितिंन पालीवाल को दुबारा अध्यक्ष बनाया गया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विभिन्न जिलों में नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियाँ प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी,जीतू पटवारी ,पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर के अनुमोदन उपरांत तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस शेख,जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष देवकरण गुर्जर,अमित अजमेरा,जिला एनएसयूआई अध्यक्ष इमरान अली,विष्णु गुर्जर,राजू मुल्तानी,प्रकाश यादव,भेरू सिंह यादव,सुंदर यादव,श्याम गवली,राधेश्याम मालवीय,जाकिर मुल्तानी,मदन सोलंकी,प्रभुलाल, प्रद्युम्न,आयन लाला, सकलेन,,अंश नगर,दशरथ बना,श्याम सिंह,हरि यादव सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रास्ता खुलवाने जसुनवाई में दिया आवेदन

**आगर मालवा।** पटेलवाडी निवासी नजीबुल हक ने जनसुनवाई में कलेक्टर को न्यायालय के आदेश व सिविल न्यायालय के आदेश व डिकी के पालन में शासकिय जमीन का राजस्व रिकार्ड में भूमि को शासकिय दर्ज करने, व चढे हुवे अवैध नाम हटवाकर जमीन को अफरा तफरा होने से बचाने, अवैध अतिक्रमण हटवाकर शासकिय आम रास्ता खुलवाने व शासकिय आम रास्ते को चिन्हित करवाने बाबत आवेदन दिया।

चाइनीज डोर का हो रहा है व्यापार, खरीद रहे बच्चे

# शहर के कई गली मोहल्लों में बच्चे चाइनीज डोर से पतंग उड़ा रहें हैं, प्रशासन अनजान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

शहर के कई गली मोहल्लों में बच्चे चाइनीज डोर से पतंग उड़ा रहें हैं, वहीं प्रशासन ने अभी तक चाइना डोर की बिक्री तथा स्टोरेज पर पाबंदी तक के आदेश का पालन नहीं हो रहा हैं। परिणाम स्वरूप चाइना डोर किसी इंसान या फिर पशु पक्षी के लिए किसी भी समय घातक साबित हो सकती है। दुकानदारों द्वारा गुपचुप तरीके से चाइना डोर की बिक्री की जा रही है। संक्रांति के त्यौहार को लेकर इस समय शहर में डोर बेचने वाले दुकानदार पूरी तरह से सक्रिय हो चुकें हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चाइना डोर की ब्लैक भी जमकर की जा रही है। क्योंकि चाइना डोर पर कांच व तीखा धातु लगा होता है, जिसके चलते वह डोर आसानी से नही टूटती। ऐसे में पतंगबाजी करते बच्चों का पतंग न कटें, इसलिए बच्चे जबकि युवा भी पतंगबाजी में चाइना डोर को ही पहल देते हैं।



### चाइना डोर मिलने पर करेंगे सख्त कारवाई

चाइना डोर की ब्रिकी पर सरकार की ओर से पाबंदी हैं। अगर ऐसे में कोई दुकानदार चाइना डोर बेचने पाया जाता है, या फिर उसकी दुकान से चाइना डोर की बरामदगी हो जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी। इसके लिए हम बाजारों में स्वयं निरीक्षण करेंगे और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें बनाकर चैकिंग के लिए भेजेंगे।

### चाइना डोर पर लगी है पाबंदी

बता दें कि पतंग उड़ाने के लिए धागे को तीखा करने के लिए किसी धातु या फिर कांच का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं नाइलोन और सथेटिक धागे के कारण इंसान, पशु पक्षियों व धरती के वातावरण को नुक्सान होता है। जिसके चलते सरकार ने इस डोर के निर्माण, सप्लाई, ब्रिकी, स्टोर करने और इसके साथ पतंग उड़ाने पर पाबंदी के आदेश लगा रखें हैं। लेकिन इन दिनों यह आदेश कागजों तक ही सीमित हैं, क्योंकि प्रशासन ने इस ओर अभी तक कोई संज्ञान नही लिया है।

### नवंबर से बिक रही है चाइना डोर

शहर में बीते वर्ष नवंबर माह से दुकानदारों ने चाइना डोर की स्टोरेज करनी शुरू कर दी थी। वहीं चाइना डोर से पतंग उड़ाने के शौकीन लोगों ने दुकानदारों के पहले ही पैसे देकर डोर के बंडल बुक करवा रखे थे। जिसके चलते अब तक शहर में चाइना डोर की ब्रिकी हो चुकी है। अब संक्रांति त्यौहार पास आता देख दुकानदारों द्वारा चाइना डोर की ब्लैक भी शुरू कर दी गई है।

स्टेडियम ग्राउंड में

## संघ के दंड प्रहार महायज्ञ का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खिलचीपुर



राष्टीय स्वयंसेवक संघ द्वारा दंड प्रहार महायज्ञ का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड में किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने एक लाख से अधिक प्रहार किए । सुबह आठ बजे से चले इस महायज्ञ में 115 स्वयंसेवको ने हिस्सा लेते हुवे दंड से 7,5,246 से अधिक प्रहार लगाए यहां आयोजन पिछले वर्षो से संघ सभी शाखा स्थानों पर 16 दिसम्बर को विजय दिवस के अवसर पर करता है ।

इस मौके पर मौजूद संघ के जिला प्रचारक राम दर्शन ने स्वयंसेवको को उदबोधन देते हुवे कहा कि 16 दिसम्बर 1971 को भारत ने पाकिस्तान पर युद्ध मे जीत हासिल की थी वही पाकिस्तान के 93 हजार सेनिको ने भारत की सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया था यह दिन ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है संघ 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रूप में मनाते हुवे दंड प्रहार महायज्ञ का आयोजन किया है उन्होंने स्वयंसेवको को देश के महापुरुष सुभाषचंद्र बोस भगतसिंह के जीवन परिचय से अवगत कराते हुए कहा कि इन महापुरुषों से प्रेरणा लेते हुए सभी को देश हित मे कार्य करना चाहिए। इस मौके पर जिला कार्यवाह मनीष वैष्णव , पंडित रोहित नागर, नगर कार्यवाह नरेंद्र मालाकार सहित स्वयंसेवक मौजूद थे ।



## पाडल्यामाता के छात्र लोकेश नागर का अग्निवीर में चयन

**सारंगपुर।** पाडल्यामाता एवं भाटखेडी बालाजी क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि स्पिरिचुअल विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, पाडल्यामाता के होनहार छात्र लोकेश नागर का चयन भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के अंतर्गत हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर, कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल करना उनकी लगन और संकल्प शक्ति को दशार्ता है। उनकी सफलता यह सिद्ध करती है कि संसाधनों की सीमाएँ कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं। लोकेश ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन एवं विद्यालय के निदेशक मोहन नागर सर के प्रेरणादायक नेतृत्व को दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में मिले नैतिक संस्कार, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच ने उन्हें लक्ष्य तक पहुँचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नवोदय विद्यालय में लेफ्टिनेंट सिसोदिया का प्रेरणादायी करियर मार्गदर्शन

**सुसनेर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में भारतीय सेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट विजय सिंह सिसोदिया का प्रेरणादायी मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में उनके आगमन पर प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक द्वारा पारंपरिक शॉल ओढ़ाकर उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान लेफ्टिनेंट सिसोदिया ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना सहित विभिन्न रक्षा सेवाओं में करियर निर्माण की संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने एनडीए, सीडीएस सहित अन्य रक्षा सेवाओं की लिखित परीक्षाओं की तैयारी की विस्तृत जानकारी देते हुए अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन एवं निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताया।

# भूमाफियाओं से प्रताड़ित कोमा में पलंग पर पड़े दिव्यांग का निधन

### न्याय दिलाने पीड़ित दलित परिवार ने मामले में डीजीपी से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मामले में कॉलोनाइजरों से प्रताड़ित करीब एक वर्ष से पलंग पर पड़े लाचार, बेवश दिव्यांग लक्ष्मण सिंह अहिरवार ने न्याय की गुहार लगाते लगाते आखिरकार मंगलवार दम तोड़ दिया। उसका परिवार न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने के साथ पुलिस प्रशासन के धक्के खा रहा था। भूमाफियाओं ने लक्ष्मण अहिरवार को एक झूठे मामले में फंसाकर जेल भिजवा दिया था जिससे पीड़ित होकर ब्रेनहेमरेज का शिकार हो चुका था।

दरअसल इस मुद्दे को संज्ञान में लेकर पूर्व केबिनेट मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धनसिंह दिव्यांग को देखने पहुंचे थे। इसके बाद राज्यसभा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी समाजसेवी लक्ष्मण अहिरवार से मिलने पहुंचे थे जिन्होंने 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता करने के साथ उनके परिवार को न्याय दिलाने के लिए आश्वासन किया था। उन्होंने इस मुद्दे को सीएम और डीजीपी से मिलकर उच्चस्तरीय जांच कराने की बात भी की थी।


ज्ञात हो कि समाजसेवी लक्ष्मण को न्याय दिलाने के लिए समाजसेवी कांग्रेस पार्षद रामवीर जाटव ने तमाम प्रदर्शन भी किए। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि दोषी कोलोनाइजर शिशुपाल रघुवंशी, अंशुल सहगल, दीपक श्रीवास्तव सहित अन्य आरोपियों पर तत्काल मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए, लेकिन राजनीतिक दबाव में पुलिस ने इस मामले को अनसुना कर दिया था। उक्त लोगों ने ही लक्ष्मण अहिरवार सहित उसके अन्य साथियों पर झूठी एफआईआर कराई थी जिसमें वह निर्दोष साबित हुए हैं। ऐसी स्थिति में अब पुलिस षडंत्रकारियों पर मामला दर्ज क्यों नही कर रही यही सवाल बार-बार पैदा हो रहा है। परिजनों का आरोप है कि प्रशासन आरोपियों को बचाने में जुटा है और पीड़ित परिवार को केवल आश्वासन देकर मामले को टालने की कोशिश की जा रही है। हालांकि आज सुबह मंगलवार उन्होंने जिंदगी और मौत से लड़ते लड़ते अंतिम सांस ली। इस मामले में पीड़ित दलित परिवार ने डीजीपी से उच्च स्तरीय जांच कर लक्ष्मण को न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं इस मामले की लड़ाई लड़ रहे समाजसेवी कांग्रेस पार्षद रामवीर जाटव ने मित्रता का फर्ज निभाते हुए इस सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए एक साल का उनका किराया भी माफ कर दिया है। वह कोमा में थे तब से ही लक्ष्मण को रामवीर ने उनके स्वयं के मकान में रहने के लिए जगह दी थी और उनकी हर स्तर पर मदद की यह कोई बड़ा दिल वाला व्यक्ति ही कर पाता है। आज उनके मित्र के इस दुनिया से चले जाने के बाद पार्षद रामवीर ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इंसाफ की लड़ाई को आगे तक ले जाने की बात की है।



## माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित आनंद मेले का शुभारंभ

**सुसनेर।** माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी समाज द्वारा आनंद मेले का आयोजन किया गया। मेले में समाज की महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए और बढ़चढ़कर सहभागिता की। बच्चों के लिए खेल व लॉटरी की भी व्यवस्था की गई। मेले का शुभारंभ सीनियर सिविल जज श्रीमती अरुंधति परस्ते द्वारा किया गया वहीं समाज के वरिष्ठजनों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मेले का आनंद लिया।

## प्रभात फेरी के सदस्यो ने की पंचमुखी हनुमान जी की महा आरती



**नलखेड़ा।** नगर में अयोध्या के श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री राम संकीर्तन यात्रा नलखेड़ा द्वारा जो प्रभात फेरी का प्रारंभ हुआ था, जो की प्रभात फेरी के सदस्यों द्वारा ठंड गर्मी और बारिश के मौसम में भी बिना किसी रुकावट के 2 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रभात फेरी के सदस्यों द्वारा संगीतमयी प्रभात फेरी नगर में निकालने के बाद चौक बाजार स्थित पंचमुखी हनुमान जी की प्रातः 6:00 बजे महा आरती की गई, जिसमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी उपस्थित थी महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया,साथ ही प्रभात फेरी के सदस्यों ने प्रभात फेरी के ही सदस्यों को प्रभात फेरी के 2 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि हम अब तृतीय वर्षों को भी बिना किसी रुकावट प्रभात फेरी को निरंतर सतत जारी रखेंगे।

## मेहरबान सिंह पटेल मक्सी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्ति पर स्वागत



**मक्सी।** पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कांग्रेस नेता मेहरबान सिंह रामचंद्र पटेल मक्सी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने पर इष्टमित्रों ने स्वागत किया। शीर्ष नेतृत्व का आभार पूर्ण विश्वास है कि आप कांग्रेस की विचारधारा को घर घर तक पहुंचाकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा जनसेवा और संघर्ष की परंपरा को मजबूती देंगे। आपके दिए हुए दायित्व को पूरी ऊर्जा, कर्तव्य निष्ठता एवं ईमानदारी के साथ निभाऊंगा एवं आपकी भावनाओं अनुरूप कांग्रेस की रीति और नीति को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा।

## राधा-कृष्ण मंदिर में त्रिशूल दीक्षांत समारोह का आयोजन

**महिदपुर।** अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल तहसील महिदपुर सिटी द्वारा ग्राम सुहागपुरा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में त्रिशूल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राधा-कृष्ण के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मालवा प्रान्त संगठन महामंत्री संजय यादव, प्रान्त कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार, उज्जैन जिला अध्यक्ष आकाश माली एवं तहसील अध्यक्ष घनश्याम प्रजापत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्यकताओं एवं नागरिकों ने सहभागिता की तथा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। समारोह के दौरान संगठनात्मक मजबूती हेतु तहसील एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन विजय पंडिया द्वारा किया गया। उक्त जानकारी राष्ट्रीय बजरंग दल तहसील अध्यक्ष घनश्याम प्रजापत ने दी।


## जाहिर सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 322/1 रकबा 0.54 हे0 में से रकबा 0.278 हे0, 322/2 रकबा 1.60 हे. में से रकबा 1.229 हे., 324 रकबा 0.86 हे0 में से रकबा 0.633 हे., 337 रकबा 1.49 हे. में से रकबा 0.185 हे0, 323 रकबा 0.11 हे. में से रकबा 0.058 हे. ग्राम बंगरेड, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक 01 पन्नालाल पिता सुखराम, 02 रामेश्वर पिता पन्नालाल, 03 कमलाबाई पिता पन्नालाल जाति सिर्वी, निवासीगण ग्राम बंगरेड, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से लीज पर लेने के इच्छुक है।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 05 (पाँच दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडव्होकेट बड़नगर**
**मो.नं. 9826562344**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ए. यु. स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा देवास (म.प्र.), द्वारा श्री दुलीचंद बागवान पिता श्री पुनाजी बागवान निवासी : ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश, तहसील एवं जिला उज्जैन (म.प्र.), के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति प.ह. नं. 77, भूमि खसरा नं. 661, ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश, तहसील एवं जिला उज्जैन (म.प्र.),

यह की उक्त संपत्ति सयुक्त रूप से स्वामी वासुदेव पिता कन्हैयालाल, उषा बाई पिता कन्हैयालाल, शुभम पिता सुखराम, सोनिया, सपना, चेतना पुत्री सुखराम है उक्त वर्णित संपत्ति भूमि खसरा नं. 661 रकबा 100 वर्गमीटर मेसे 41.63 वर्गमीटर क्षेत्रफल जिसकी चतुसीर्माः- पूर्व को रज्जाक खां का भूखंड, पश्चिम को शेष भाग, उत्तर को - रोड, दक्षिण को रामप्रसाद का भूखंड की संपत्ति श्री दुलीचंद बागवान पिता श्री पुनाजी बागवान द्वारा वासुदेव पिता कन्हैयालाल से जरिये विक्रय पत्र क्रमांक टढ43202201 7अ1681249 दिनांक 06/12/2017 को क्रय की गई विक्रय सुदा संपत्ति में वासुदेव पिता कन्हैयालाल द्वारा अन्य भूमि स्वामी उषा बाई पिता कन्हैयालाल, शुभम पिता सुखराम, सोनिया, सपना, चेतना पुत्री सुखराम से किसी भी प्रकार का राजीनामा, रजिस्टर्ड सहमती के बिना विक्रय की गई है।

सदर संपत्ति पर वर्णित दस्तावेज आदि के माध्यम से या अन्य किसी माध्यम से शेष भूमि स्वामी उषा बाई पिता कन्हैयालाल, शुभम पिता सुखराम, सोनिया, सपना, चेतना पुत्री सुखराम द्वारा किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, डिक्री, अटेचमेंट, दावा, प्रस्तुत किया जाता है तो उसकी समस्त जवाबदारी मुझ क्रेता पक्ष श्री दुलीचंद बागवान पिता श्री पुनाजी बागवान की रहेगी` सो सूचित हो`

इति दिनांक 15/12/2025

**शैलेष कुमार महेश कुमार नागर अभिभाषक**
**कार्यालय :- 154-ए, कालानी बाग,**
**रामनगर चौराहा, देवास (म.प्र.),**

## जाहिर सूचना

भाटपचलाना स्थित कृष्णकुंज विहार कालोनी में EWS एवं छक्क्ञ् भुखण्ड-भवनो के आवेदन आमंत्रित हेतु।

भाटपचलाना स्थित कालोनी कृष्णकुंज विहार में एहर एवं LIG भुखण्डो के विक्रय हेतु कृष्णकुंज विहार कालोनी में आर्थिक रूप से कमजोर आय एवं कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित आवासीय भुखण्डो के आवंटन के लिए पत्र व्यक्तियो द्वारा आवेदन आमत्रित किए जाते है।

आवेदन फर्म कार्यालय कृष्णकुंज विहार कालोनी परिसर भाटपचलाना तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. पर उपलब्ध है जो दिंनाक 19/12/2025 से दिनांक 03/01/2026 तक जमा होगा।

01. आवेदक मध्य प्रदेश का रहवासी हो तथा उसके स्वयं या परिवार के किसी सदस्य के नाम पर कोई आवास भुखण्ड न हो।

02. आवेदक को रहवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, (सक्षम अधिकारी तहसीलदार) द्वारा प्रमाणित हो नोटराइज्ड शपथ पत्र देना अनिवार्य हो।

03. कार्यालय कृष्णकुंज विहार भाटपचलाना तह. बडनगर जिला उज्जैन की कालोनी कृष्णकुंज विहार में उक्त भुखण्डो/भवनों हेतु शासन के निदेर्शानुसार विभिन्न वर्गो हेतु भुखण्डो/भवन आरक्षित किए गए है। आरक्षण अनुसार भुखण्डो/भवनो की सुची फार्म के साथ उपलब्ध कराई जाएगी, इसका अवलोकन कलेक्टर कार्यालय उज्जैन द्वारा कराया जा सकता है। दिनांक 18/12/2025

**नितेश सुहायला एडवोकेट**
**कोर्टपरिसर बडनगर**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शकील खान पिता फकीर मोहम्मद खान जाति मुसलमान, निवासी मिर्जा गालिब पथ बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 357/3/1/1 रकबा 0.17 हे0 स्थित ग्राम बरगाड़ी (बड़नगर-बायपास रोड़), तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को कय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा एक विक्रय अनुबंध पत्र उपरोक्त भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित किया है तथा शीघ्र ही अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक 17/12/2025

**सूर्य परमार, एडव्होकेट**
**39/20 मंगलम परिसर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मोबा. 9977060138**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, राजस्व अभिलेख ग्राम भाटपचलाना तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे एक भूमि खाता सर्वे न. 2060/1 रकबा 0.37 है. भूमि पुष्पाकुवंर पति डुंगरसिंह जी जाति राजपुत निवासी नौगावा तहसील बडनगर के नाम से स्थित है व भूमि सर्वे न. 2060/2 रकबा कृष्णाकुंवर पति पृथ्वीराज जाति राजपुत निवासी नौगावा तहसील बडनगर के नाम से स्थित है व भूमि सर्वे न. 2076 रकबा 0.59 है. भूमि भागवंताबाई पति नंदकिशोर जी निवासी दांतरवा तहसील बडनगर के नाम से स्थित है व भूमि सर्वे न. 2059 रकबा 0.56 है. भूमि भैरूसिंह पिता टीकमसिंह जी जाति राजपुत निवासी नौगावा तहसील बडनगर के आधिपपत्य की स्थित दर्ज चली आ रही है। उपरोक्त वर्णित सम्पूर्ण कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने तय किया है तथा सौदा की बयाना राशि भूमि स्वामियों को अदा कर दी है उक्त भूमि का विक्रय पत्र निष्पादन होना शेष है। यदि उक्त भूमियो के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो या उक्त भूमि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक के पक्ष में बंधक, अनुबंधित, भारग्रस्त हो या उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का ऋणभार बकाया हो तो वह इस जाहीर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण, आपत्ती एवं दस्तावेज मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बादगुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का सम्पूर्ण विक्रय मूल्य अदा कर उक्त भूमि का क्रय दस्तावेज अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेगें तथा किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो पाबंदी करे।

दिनांकः-16/12/2025

**तेजसिंह राठौर अभिभाषक**
**बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. मो. 94250-30605**

न्यूज-कॉलम

## सौतेले पिता को 20 साल की सजा सुनाई

**रतलाम।** कोर्ट ने नाबालिग सौतेली बेटी को हवस का शिकार बनाने वाले पिता को 20साल की सजा सुनाई है। खास बात यह है कि बदनामी के डर और परिजनों के दबाव में आकर पीड़िता कोर्ट में अपने बयानों से पलट गई थी, लेकिन डीएनए रिपोर्ट और घटना के बाद दिए गए बयानों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी माना। कोर्ट ने उस पर एक हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। फैसला षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) राकेश कुमार शर्मा ने सुनाया। अभियोजन के अनुसार, 16 साल की पीड़िता ने 6 जुलाई 2021 को डीडी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि मां ने 7 साल पहले दूसरी शादी की थी। 29 मई 2021 को सौतेले पिता ने मां को मारपीट कर घर से भगा दिया, लेकिन मुझे नहीं जाने दिया। उसी रात उसने मेरे साथ गलत काम किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में उसने मुझे नानी के घर छोड़ दिया।

## चौमुखा महादेव मंदिर पर अब प्रतिदिन होगा अभिषेक

**रतलाम।** श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति ने बागड़ों का वास स्थित अगरजी मंदिर में प्राचीन शिवलिंग श्री चौमुखा महादेव का अब एक-एक सनातनी परिवार बारी-बारी से प्रतिदिन अनवरत अभिषेक करेगा। यह योजना प्रारम्भ की है। इस प्रकल्प संकल्प का विधि विधान के साथ शुभारंभ 1008 स्वामी श्री आनंद गिरि जी महाराज ने श्री राजेश तिवारी परिवार की सुपौत्री सुश्री मीरल के जन्म दिवस पर स्वयं मंदिर पहुंचकर प्रथम अभिषेक कराकर किया। इस अवसर पर महंत श्री नीरज गिरी जी(उज्जैन), पंडित श्री शिव शंकर जी दवे, पुजारी संघ अध्यक्ष पं मुकेश शर्मा, सनातन धर्म के वरिष्ठ पदाधिकारी सर्वश्री रमेश व्यास, रामचंद्र टांक, रमेश पाठक, श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति अध्यक्ष अनिल झालानी सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

## 15-15 किलोग्राम के मछलियों से भरे 28 कार्टून जब्त

**मंदसौर।** जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के ग्राम अजयपुर व काटीया के बीच पुलिस ने एक छोटा हाथी पिक अप वाहन से 15-15 किलोग्राम के 28 कार्टून जप्त किए। इन काटूनों में बर्फ में दबी गांधी सागर डैम से चोरी की गई मछलियां रखी थी, पुलिस प्रकरण में आरोपी जाहिद पिता अब्दुल अजीज ग्राम सुनहेल जिला झालावाड़ राजस्थान को पकड़कर उसके खिलाफ सुवासरा थाने पर विभिन्न धाराओं प्रखंड दर्ज किया हैं।

## प्रतिबंधित चाइनीस डोर के 30 गट्टे जप्त, आरोपी को किया गिरफ्तार

**मंदसौर।** मंदसौर कोतवाली पुलिस ने स्थानीय सनसिटी कॉलोनी अभिनंदन नगर मंदसौर में एक युवक के कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा डोर के 30 गट्टे जब्त किया, जप्त गट्टों की कीमत 18 हजार बताई गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की, इस प्रकरण में आरोपी अरशद शेख पिता रियाज मोहम्मद शेख उम्र 28 वर्ष निवासी चौमेला राजस्थान हाल मुकाम सनसिटी कॉलोनी अभिनंदन नगर मंदसौर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मामला दर्ज किया हैं।

## इनरव्हील क्लब ऑफ रतलाम गोल्ड की चेयरमैन विजिट संपन्न

**रतलाम।** इनरव्हील क्लब ऑफ रतलाम गोल्ड की चेयरमैन विजिट मंडला अध्यक्ष विभा सिंह (304) की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें क्लब अध्यक्ष अनीता खमेसरा, सचिव शीतल गादिया एवं पदाधिकारी शामिल रहे। इनरव्हील प्रार्थना सीमा खंडेलवाल ने प्रस्तुत की। बाल आश्रम के बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंडला अध्यक्ष विभा सिंह ने सेवा गतिविधियों में वरिष्ठों के सहयोग तथा बड़ी सोच के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

## त्रिवेणी मेले में आज शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा 11 से 21 दिसम्बर तक आयोजित ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही खेल प्रतियोगिता के तहत आज 19 दिसम्बर शुक्रवार को त्रिवेणी मेला परिसर स्थित मानस भवन में बॉडी बिल्डिंग (शरीर सौष्ठव) प्रतियोगिता का आयोजन सांय 5 बजे से किया गया है।

# डोडाचूरा तस्करों को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

माननीय विशेष न्यायाधीश महोदय, (एन.डी.पी.एस.) मंदसौर द्वारा आरोपीगण ताजुद्दीन पिता सरदार खान, उम्र 32 वर्ष, निवासी-ग्राम खिलचीपुरा, जिला मंदसौर एवं सेराज उर्फ सिराज पिता इस्माईल खान, उम्र 48 वर्ष, निवासी-05, श्रीजी नगर, थाना सिटी कोतवाली, जिला मंदसौर (मध्य प्रदेश) को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक एक लाख रुपए जुर्माने से दण्डित किया । अभियोजन मीडिया प्रभारी/सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री बलराम सौलंकी द्वारा घटना के संबंध में बताया कि पुलिस थाना नार्कोटिक्स सेल इंदौर, प्रकोष्ठ मंदसौर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खिलचीपुरा, मंदसौर का ताजुद्दीन पिता सरदार खान बोलेरो पिकअप वाहन में भरे तरबूजों के नीचे छुपाकर प्लास्टिक के कट्टों में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरकर बोतलगंज तरफ से जावरा की ओर महू-नीमच रोड फोरलेन मार्ग से दिन में करीब 3 बजे निकलने वाला है, यदि मुल्तानपुरा फंटे पर नाकाबंदी की जावे, तो उक्त व्यक्ति को डोडाचूरा सहित पकड़ा जा सकता है।

उक्त सूचना थाना नार्कोटिक्स सेल इंदौर के रोजनामचे में दर्ज कर सूचना विश्वसनीय होने से मुखबिर सूचना पर कार्यवाही हेतु मय फोर्स अनुसंधान सामग्री सहित शासकीय वाहन से मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचे, जहां नाकाबंदी करने के कुछ समय पश्चात मुखबिर द्वारा बताया गया वाहन आता दिखा, जिसे रूकवाकर देखा, तो उसमें मुखबिर द्वारा बताये हुलिए का व्यक्ति बैठा मिला, जिससे उसका नाम, पता पूछने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम ताजुद्दीन पिता सरदार खान, निवासी ग्राम खिलचीपुरा जिला-मंदसौर (म.प्र.) होना बताया । अभियुक्त ताजुद्दीन के कब्जे के उक्त बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के पीछे वाले लोडिंग हिस्से में भरे तरबूजों को हटाकर देखने पर उनके नीचे प्लास्टिक के कट्टे दिखें, जिनके मुंह सुतली से बंधे थे, जिन्हें खोलकर देखने पर उनमें डोडाचूरा होना पाया गया। अभियुक्त ताजुद्दीन के कब्जे से बरामद कुल 26 प्लास्टिक के कट्टों में डोडा चूरा का तौल करने पर उनका कुल वजन 5 क्विंटल 46 किलोग्राम होना पाया गया, मौके पर वाहन क्रमांक एम.पी. 14 जी बी-0663 जब्त कर जब्ती पंचनामा तैयार किया गया था एवं अभियुक्त को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर मौके पर ही अभियुक्त ताजुद्दीन को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया । नार्कोटिक्स सेल इंदौर में अपराध पंजीबद्ध कर संपूर्ण अनुसंधान उपरांत संबंधित न्यायालय में आरोपीगण के विरुद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया जहां पर प्रकरण के संपूर्ण विचारण उपरांत दिनांक 17 दिमस्बर को आरोपीगण को धारा 8/15 सहपठित धारा 25 एन.डी.पी. एस. एक्ट में 10-10 वर्ष सश्रम कारावास व एक-एक लाख रुपए जुर्माने से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की तरफ से अभियोजन का संचालन उप निदेशक श्री बी.एस. ठाकुर अभियोजन द्वारा किया गया।

# रतलाम का सौभाग्य, बगैर मांगे मिली मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल होने की सौगात : मंत्री श्री काश्यप

## रतलाम की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर है विशिष्ट पहचान: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेंव, सोना और साड़ी के लिए रतलाम की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। इनसे रतलाम की अपनी विशिष्ट पहचान बनी है। रतलाम स्वाभिमानी और पुरूषार्थी लोगों की नगरी है। यहां के लोग काम के आधार पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण सूक्ष्म,लघु, एवं मध्यम, उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रतलाम को इंदौर मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल करने के लिए रतलाम वासियों के द्वारा संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को संबोधित करते हुए एमएसएमई मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि बगैर मांग के रतलाम को मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल किया जाना रतलाम वासियों के लिए सौगात की बात है। रतलाम के प्रभारी मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने वाले मुख्यमंत्री हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रतलाम में औद्योगिक विकास की सभी संभावनाएं पहले से ही असीमित हैं। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए रतलाम को मेट्रोपोलिटिन क्षेत्र में शामिल किया गया है। नागदा और खाचरौद पहले ही शामिल कर लिए गए, ऐसी स्थिति में असीमित संभावनाओं से परिपूर्ण रतलाम को भी शामिल करना ही था। अब इंदौर, उज्जैन के साथ रतलाम के शामिल हो जाने से मेट्रोपोलिटिन रीजन का विकास ट्रिपल इंजन की समन्वित शक्ति से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम वासियों का अभिनंदन के लिए आभार मानते हुए कहा कि मुख्यमंत्री निवास प्रदेश की जनता का ही घर है। एमएसएमई मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश का विगत दो वर्षों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। मेट्रोपॉलिटिन रीजन का विजन मुख्यमंत्री की विकास के प्रति अद्वितीय ललक की परिणीति है। वर्ष 2025 में भोपाल में आयोजत ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, विभिन्न संभागों में आयोजित रीजनल इन्डस्ट्रीयल कॉन्क्लेव और मेट्रोपोलिटिन रीजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मध्यप्रदेश के विकास के प्रति व्यापक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संवाद भवन में रतलाम के संयुक्त व्यापारी संघ, सराफा एसोसिएशन, खेल संगठन, ग्रेन मर्चेंट संघ, बार एसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। समारोह में जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, महापौर रतलाम नगर निगम श्री प्रह्लाद पटेल, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## जेसी बैंक चुनाव हेतु वेरे मजदूर संघ का जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान जारी

**रतलाम।** वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ द्वारा मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के नेतृत्व में जेसी बैंक चुनाव हेतु मजदूर संघ समर्थित प्रत्याशी सचिन मिश्रा एवं राजेन्द्र चौधरी साथ ही जोनल आरक्षित महिला प्रत्याशी रश्मि चौधरी एवं नीलम जाटव के लिए जनसंपर्क किया जिसमें प्रमुख रूप से घर घर जाकर रेलवे कॉलोनी में प्रचार किया गया एवं वेरेमस के कर्मचारी हितों में किए गए कार्यों को बताया गया साथ ही अगले कार्यकाल में जेसी बैंक का लोन 4 प्रतिशत करने हेतु, मोबाईल ऐप शुरू करने हेतु, लोन की राशि बढ़ाने सहित अन्य मुद्दों को कर्मचारियों के बीच रखा गया । सोमवार को मंडल मंत्री अभिलाष नागर के निदेर्शानुसार मंडल में तीन टीम बनाकर चित्तौड़गढ़, सीहोर एवं इंदौर में जनसंपर्क किया गया एवं डीआरएम ऑफिस रतलाम, डीजल शेड,सहित लोकल रतलाम में जनसंपर्क किया गया तथा मंडल की सभी ब्रांचों में पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क कर मजदूर संघ प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की । इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अतुल सिंह राठौड़, सहायक मंडल मंत्री गौरव दुबे, नरेंद्र सोलंकी, मंडल कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह गौतम, सीडब्लूसी सदस्य गौरव संत आदि उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय पेंशनर दिवस पर पेंशनर संगठनों ने जताया असंतोष




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

भारत पेंशनर समाज प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन तथा रिटायर्ड डिप्लोमा इंजिनियर एसोसिएशन की जिला शाखाओं के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला वनमंडलाधिकारी संजय रायखेरे, पूर्व अपर कलेक्टर नरेन्द्र सिंह राजावत सहायक लोक शिक्षण आनंद डावर पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पं. गोपालकृष्ण शर्मा ने की उक्त आयोजन में भारत पेंशनर समाज के संरक्षक डा. रमेशचंद्र देवड़ा कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा तथा जिले की तहसील मंदसौर मल्हारगढ़ सीतामऊ दलौदा शामगढ़ गरोठ एवं भानपुरा तहसील क्षेत्र के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर पेंशनर संगठनों के पदाधिकारियों ने पेंशनरों की समस्याओं एवं मांगों के प्रति सरकार के असंवेदनशील रवैये को लेकर असंतोष व्यक्त किया पेंशनर वर्ग ने अपने सेवाकाल के दौरान प्रदेश और देश के विकास की मजबूत नींव रखी हैं। उन्होंने कहा कि सरकारे पेंशनरों के योगदान और सेवाओं को सम्मानित करने के स्थान पर उनकी उपेक्षा करती आ रही हैं, यहाँ तक कि पेंशनरों के पक्ष में न्यायालयीन निर्णयों की अवहेलना करती आ रही हैं, जिससे पेंशनर्स में असंतोष हैं। इस अवसर पर ७५ वर्ष एवं अधिक आय के पेंशनरों का सम्मान अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किये। अंत में आभार जिला सचिव दिनेश आचार्य ने माना। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# ब्राह्मण समाज और सर्व जन समाज ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



सकल ब्राह्मण समाज और सर्व समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन दिया गया, जिसमें अवगत कराया गया कि आदि शंकराचार्य परंपरा की अवांतर पीठ जो भानपुरा में प्रतिष्ठापित हैं और वर्तमान में इस पीठ के गादीपति शंकराचार्य पूज्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी तीर्थ हैं, आश्रम मठ की कृषि भूमि को कूट रचना कर विक्रय की साजिश के खिलाफ पूज्य शंकराचार्य जी को न्यायालय के दरवाजे खटखटाने पड़े हैं और लगातार उनके शंकराचार्य पद पर आसीन होने के बाद अवांछित तत्व उन पर जानलेवा हमला कर चुके हैं।

शंकराचार्य जी द्वारा स्वयं अपनी जान को खतरा होने का अनेकों बार सभी को संकेत किया है, यही नहीं उन्होंने और भक्त मंडल ने दर्जनों पत्र शासन को सुरक्षा की मांग के लिए लिखे हैं फिर भी कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की जा रही हैं। इसी मुद्दे पर ब्राह्मण एवं सनातन परंपरा के सर्व समाज के द्वारा दिये इस ज्ञापन में मांग की गई कि फर्जी रजिस्ट्री मामले का निराकरण हो न्याय हो और पूज्य शंकराचार्य जी को राजकीय अतिथि का सम्मान देकर सुरक्षा व्यवस्था भी प्रदान की जाए। ज्ञापन देने के पूर्व गांधी चौराहे पर एकत्र ब्राह्मण एवं सर्व जन समुदाय को वरिष्ठ समाजसेवी और पत्रकार डा.घनश्याम बटवाल, शिक्षाविद रमेश चंद्र चंद्रे वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, मठ परिवार के प्रतिनिधि रविन्द्र पांडेय आदि ने विचार व्यक्त करते हुए और शासन से ज्ञापन में उल्लेखित बिंदुओं को तुरंत पूरा करने की मांग रखी। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष पंडित राजेश दीक्षित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, सकल ब्राह्मण समाज के समन्वयक चेतन जोशी, डा. देवेन्द्र पुराणिक, मोहन लाल शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह मंडलोई, नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, भाजपा नेता अनिल कियावत, सुनिल बंसल, उमेश पारिख, अजय कुमार सिखवाल एडवोकेट, शैलेन्द्र सिंह राठौर सहित अनेक महानुभाव सम्मिलित हुए। ज्ञापन एसडीएम एस.के. शाक्य को दिया ज्ञापन वाचन रमेश चंद्र चंद्रे ने किया।

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक एवं प्रेस वार्ता सम्पन्न

**नीमच।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक एवं प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर नीमच जिले में अब तक किए गए विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति तथा उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों ने विकास एवं सेवा के दो वर्ष सरकारी की उपलब्धियां पर आधारित पुस्तकें का विमोचन किया। इस दौरान विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान, न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदाबाई धनगर,जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा,जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश सहित सहित सभी जिलाधिकारी, समिति के सदस्यगण, पत्रकार गण मौजूद थे।

# कृषि मंडी बघाना से ट्रेक्टर-ट्राली चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच श्री अंकित जायसवाल द्वारा अपराध समीक्षा बैठकों के दौरान जिलें के समस्त थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देष दिये गये है।

पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बघाना श्री राधेश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर को कृषि उपज मंडी बघाना से चोरी हुए ट्रेक्टर एवं ट्राली की घटना का 36 घन्टें में पदार्फाश करते हुए 2 आरोपियों को बड़नगर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

घटना दिनांक 16 दिसम्बर को फरियादी सुनिल धाकड़ निवासी ग्राम चडौल थाना जावद द्वारा पुलिस थाना बघाना पर आकर रिपोर्ट की गई कि दिनांक 16 दिसम्बर को मै ग्राम चडोल थाना जावद रहता हूँ। कृषि कार्य करता हूँ। आज मै अपने स्वराज कम्पनी के नीले रंग का ट्रेक्टर सफेद व केसरिया रंग के पट्टे वाली ट्राली से हमारे गांव के गोपाल पिता कन्हैयालाल धाकड व शांतिलाल पिता सुरेशचन्द्र धाकड की मुंगफली कृषि मण्डी बघाना नीमच मे बेचने के लिए सुबह 9 बजे आये थें, मुंगफली को मण्डी मे बेचकर ट्रेक्टर मय ट्राली के मण्डी मे गायत्री कॉम्पलेक्स के सामने 12.30 बजे खडा कर मण्डी के सामने फोटो कापी कराने चला गया करीब एक बजे जहाँ ट्रेक्टर खडा किया वहाँ वापस आया और देखा तो मेरा ट्रेक्टर मय ट्राली के नही मिला फिर मैने व मेरे साथीयो ने मेरे ट्रेक्टर की तलाश आसपास किया तो कोई पता नही चला मेरा ट्रेक्टर कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया है।

दिन दहाड़ें ट्रेक्टर ट्राली चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल द्वारा थाना प्रभारी बघाना को टीमों का गठन कर शीघ्र आरोपियों का पता लगाया जाकर चोरी की वारदात का खुलासा करने संबंधी निर्देश दिये गये।



## प्याज के अच्छे भाव नही मिलने से किसानों में आक्रोश,प्याज अंकुरित होंने लगे

**पिपलिया मंडी।** प्याज उत्पादक किसान इस समय काफी संकट के दौर से गुजर रहा है,अच्छे भाव की उम्मीद में प्याज अंकुरित होने लगे है। किसानों की सूचना पर गुरुवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने क्षेत्र में प्याज उत्पादक किसानों से चर्चा की किसान मुकेश धनगर ने बताया कि मैने डेढ़ बीघा में प्याज बोए थे जिस पर 50 हजार रुपये का खर्चा आया प्याज ओने पोने दामो में बिक रहे थे तो सोचा अच्छे भाव आएंगे तब बेचेंगे लेकिन प्याज खलिहान में पड़े पड़े ही अंकुरित होगये ओर अब यह फेकने काबिल होगये है मुझे शुद्धरूप से 50 हजार रुपये का घाटा हुवा है। किसान बाबूलाल धनगर ने बताया कि मैने 2 बीघा में प्याज बोए थे जिस पर 70 हजार रुपये लागत हुई और सिर्फ 10 हजार रुपये ही मिले मुझे 60 हजार रुपये का घाटा हुवा मेहनत अलग प्याज कम से कम 30 रुपये किलो बिकना चाहिए तब लागत मूल्य मिलने की संभावना रहेगी।

## कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने हरमाला में क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**पिपलिया मंडी।** 18 दिसंबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी ने हरमाला रेतम बैराज डैम स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर उपस्थित होकर चौदह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटते हुए शुभारंभ किया उपरोक्त आयोजन बालाजी क्रिकेट क्लब हरमाला के तत्वाधान में किया जा रहा है जहां मध्य प्रदेश की ३२ क्रिकेट टीमें खेलने हेतु उपस्थित होने वाली है उपरोक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने पर कुंवर शक्तावत का खेल प्रेमियों और ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के द्वारा पुष्प माला पहनाते हुए स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात कुंवर शक्तावत ने अपने उद्बोधन में इस प्रकार के आयोजन करने वाली समिति को धन्यवाद व्यापित किया और इस प्रकार के खेलों से शारीरिक मजबूती के साथ ही साथ मानसिक मजबूती एवं नए उत्साह का सृजन होता है। इस अवसर पर क्षेत्रिय कांग्रेस नेता हरि सिंह पवार,फतेह सिंह पवार,अर्जुन भाई,कुलदीप सिंह,बिट्टू भाई, भारत सोलंकी,गोपाल भाटी,निर्मल डाभी,शांतिलाल पवार,हर्ष पवार, प्रद्युम्न,सोनू पवार,अनिल,अर्जुन सिंह सोंधिया राजपूत, राहुल, लकी,संजय,जीवन सिंह,किशोर आदि अनेक खेल प्रेमियों के साथ ही साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सगराना में दिनदहाड़े, सरेराह महिला पर चाकू से जानलेवा हमला

**नीमच।** समीपी ग्राम सगराना में रलेन स्थित बस स्टॉप पर दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी वगई, जब बस का इंतजार कर रही वर्षीय महिला पर एक युवक ने चाकू से जानलेवा हमला कर । आरोपी ने महिला की गर्दन रेतने कोशिश की, लेकिन महिला ने दिखाते हुए हाथ आगे कर या, जिससे उसके हाथ पर चाकू के गहरे घाव हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमला करने वाला युवक राकेश चंदेल पिता मदनलाल खातों, निवासी जावद है, जो लिंबे समय से महिला पर साथ रहने का दबाव बना रहा था। बुधवार को वह सनक में सगराना बस स्टॉप पर पहुंचा और महिला पर जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ वार कर दिए। खून से सिरफिरे आशिक की हैवानियत महिला को देख वहां मौजूद लोगों ने साहस दिखाया, आरोपी को घेरा और महिला को उसके चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता मूलतः निम्बाहेड़ा की रहने वाली है और वर्तमान में तीन में निवास कर रही है। महिला ने बताया कि उसका आरोपी राकेश के साथ करीब 14 वर्षों से रिश्ता था, लेकिन पिछले तीन वर्षों से वह उससे अलग रह रही थी। अलगाव के बाद से ही आरोपी उसे लगातार धमकियां दे रहा था और साथ रहने का दबाव बना रहा था।

## दो दुर्घटनाओं में दो की मौत, वाहन के अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज

**मंदसौर।** जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं में दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग की जांच पर दोनों प्रकरणों में वाहन के अज्ञात चालक के विरुद्ध संबंधित थानों पर प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक सड़क हादसा सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम बाकली व सालरिया के बीच दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में आरोपी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 14 झेड जी 3047 के अज्ञात चालक ने फरियादी की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, हादसे में कंवरलाल की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक अन्य दुर्घटना जिले के पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र के मऊ नीमच हाइवे पर एमपी होटल पुलिया के पास आरोपी कार क्रमांक एमपी 09 डब्लू जे 9555 के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज और लापरवाही पूर्वक चलाकर स्कूटी को टक्कर मार दी, इस दुर्घटना में आई चोटों से स्कूटी पर सवार पंकज पिता प्रकाश पाटीदार निवासी ग्राम उमरिया की मृत्यु हो गई हो गई।

## प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने जैविक हाट बाजार की सराहना की

**नीमच।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने अपने नीमच प्रवास के दौरान बुधवार को टाउन हाल नीमच में आयोजित जैविक हाट बाजार एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों स्टालों का निरीक्षण कर जैविक हाट बाजार की सराहना की। इस जैविक हाट बाजार में जिले के जैविक किसानों द्वारा उत्पादित जैविक फल, सब्जियां, अनाज, पापड़ ,अलग-अलग प्रकार के शहद ,दालों, जैविक खाद,स्वसहासता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार मिट्टी के बर्तन, लाख की चूडी, बैंग,आटीफिशल ज्वैलरी,चाकलेट, टोपू पनीर, किनोवा, कलर शिमलामीर्च एवं अन्य जैविक उत?पाद तैयार करने वाले प्रगतिशील किसानों द्वारा अपने जैविक उत्पादों की स्टाल एवं प्रदर्शनी लगाई गई है। बांस निर्मित उत्पादों, सामग्री की स्टाल भी किसान कमलशंकर विश्वकर्मा ने लगाई उनके द्वारा निर्मित बांस के टूथ ब्रश आकर्षण का केंद्र रहा।



## शासकीय महाविद्यालय महिदपुर द्वारा 'कॉलेज चलो अभियान' का संचालन

**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर द्वारा सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु प्राचार्य के निर्देशन में शासन के निदेर्शानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 16/12/2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोंसला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,जगोटी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निपानिया राजू में प्रवेश नोडल डॉ राजेश कुमार माहौर द्वारा भ्रमण कर विद्यार्थियों को भी प्रवेश प्रक्रिया से अवगत कराया। डॉ. माहौर ने 12वीं के विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में स्थित सुविधाओं छात्रोपयोगी शासकीय योजनाओं एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्यादेश 14.1 के तहत विषय चयन एवं प्रवेश प्रक्रिया से अवगत कराया। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत मुख्य विषय, गौण विषय, मल्टीडिसीप्लिनरी कोर्स, वोकेशन तथा प्रोजेक्ट वर्क आदि विषयों के साथ प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों को महाविद्यालय में विजिट करने के लिए भी आमंत्रित किया गया। शासकीय उ.मा. वि. घोंसला के प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा सोनी ने विद्यार्थियों को आगे अध्ययन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। शास. उ मा वि जगोटी के प्राचार्य जी आर बमनावत ने विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया को समझ कर विषय चयन करने की प्रेरणा दी साथ ही विद्यार्थियों को उच्चशिक्षा के महत्व को समझाते हुए उच्च अध्ययन के लिए प्रेरित किया। जानकारी डॉ. जाकिरुद्दीन अहिंगर सर ने प्रदान की है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा श्यामपुरा में बालिकाओं के अधिकारों पर कार्यशाला आयोजित




**सुसनेर।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सुसनेर द्वारा बुधवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल श्यामपुरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री रीनु पंत ने उपस्थित बालिकाओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए बताया कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बाल विवाह रोकथाम को लेकर शपथ दिलाई। कार्यशाला में सामाजिक कार्यकर्ता जमील अहमद गाजी ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पोक्सो एक्ट) की जानकारी देते हुए इसकी प्रक्रिया, सुरक्षा उपायों एवं साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों पर विस्तार से समझाया। साथ ही बालिकाओं को साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं पुलिस सहायता 112 के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य जितेंद्र शर्मा, अध्यापक मुकेश सोनी, समस्त शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मधुबाला जैन एवं आंगनबाड़ी सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

## बाल विवाह से बचाव का संकल्प, उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों को दिलाई शपथ



**सारंगपुर।** उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में बाल विवाह से बचाव का संकल्प कार्यक्रम के दौरान बच्चों को शपथ दिलाई। जिसमें स्कूली बच्चों ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा डालता है तथा उनके सपनों को पूरा होने से रोकता है। इसलिए हम संकल्प लेते है कि हम बाल विवाह का विरोध करेंगे। हम मैं ध्यान रखेंगे कि हमारे घर, स्कूल, मोहल्ले या गाँव में किसी भी लडकी या लडके की कम उम्र में शादी न हो। अगर कहीं बाल विवाह होने की बात पता चलेगी, तो हम तुरंत अपने शिक्षक, माता-पिता या पंचायत को बताएंगे। इस मौके पर महिला बाल विकास अधिकारी केदार शर्मा, विजयका पुर्यवंकर, चंदा तोमर, रवि शर्मा, रामेश्वर डागी उपस्थित थे।

## बलोड़ी सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन




**सारंगपुर।** ग्राम बलोड़ी सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ भोपाल की प्रचलित स्थानीय शाखा सेवा सदन आंख जांच केंद्र सारंगपुर के सौजन्य से मुस्कान गुप्ता एवं सहायक आशा कार्यकताओं के सहयोग से बलोड़ी हॉस्पिटल आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुडे हुए गांव नयापुरा, बिग्नोदीपुरा, खासपुरा, नितलडी में निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 86 नेत्र परीक्षण के नेत्र रोगी रजिस्टर्ड किए गए, जिसमें से 22 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद पाया गया। 35 नेत्र रोगियों को चश्मे के नंबर दिए गए। 2 रोगियों को आंख में जाला निकला, 26 नेत्र रोगियों को जाँच के पश्चात नेत्र विशेषज्ञ डॉ.विशाल कुशवाह एवं सहयोगी नीरज विश्वकर्मा के द्वारा रोगियों को आँखों की सुरक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि जिन लोगों की उम्र 40 या उस से अधिक है उन सभी लोगों को छह महीने में आंखों की जाँच करवाते रहना चाहिए, ताकि समय रहते आंखों की विभिन्ना बीमारियों से बचा जा सके।

### किसानों को विद्युत शेड्यूल के कारण कड़कड़ाती सर्द रातों में करनी पड़ रही सिंचाई

# विद्युत पंप के दिए जा रहे बिजली शेड्यूल को बदलने की किसानों ने उठाई मांग

### बोले: किसानों को रही फजीहत, दिन में दी जाए बिजली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत सारंगपुर क्षेत्र के किसानों को इस कड़कड़ाती सर्दी के दिनो में भी रात्रि में ठंडे पानी के बीच रहकर सिंचाई करनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि जब शासन-प्रशासन स्कूलों के समय में बदलाव करता है, सर्दी की शासकीय छुट्टी रखता है तो फिर अब किसानों को रात्रि 2 बजे और सुबह 5 बजे बिजली क्यूं दी जा रही है। किसानों ने मांग की है कि हमें 10 घंटो तक दिन में ही बिजली सप्लाई कर सिंचाई के लिए दी जाए ताकि हमें रातों में इस जमा देने वाली ठंड में ठिठूरना न पड़े।



### शेड्यूल परिवर्तन करने से परेशान

मप्रमक्षेविवि कंपनी सारंगपुर सब डिवीजन के ग्रामीण क्षेत्रो के अंतर्गत आने वाले डिसी में लगने वाले विद्युत पंप की बिजली रात्रि के शेड्यूल में बिजली कंपनी के द्वारा परिवर्तन कर दिया गया है। जिसके कारण किसानों की फजीहत हो रही है। बिजली कंपनी के द्वारा रात्रि में पंप फीडर की शिफ्ट का परिवर्तन कर दिया गया है जिसमें पम्प बिजली रात्रि 09:50 से रात्रि 11:45 तक एवं रात्रि 01:50 बजे से चालू हो रहे है। फिर सुबह 5:20 तक और उसके बाद 11:50 दोपहर से चालू होकर शाम 5:20 तक बिजली दी जा रही है। जबकि रात्रि से कुछ जगह पम्प रात 12:05 से 1:20 बजे तक चलती है एवं सुबह 05:50 से दोपहर 11.20 तक चालू रहती है और दूसरे दिन से 09. 50 रात्रि से चालू की जाती है। इस शेड्यूल के चलते किसानों में रोष व्याप्त है। रात्रि शेड्यूल कारण रात्रि में किसानों को जंगल में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि इससे किसान सही समय पर ना तो जाग सकता है ना ही सो सकता है। किसान वसीम अंसारी, रामबाबू परमार, महेश खाती, संतोष धनगर आदि किसानों का कहना है कि बिजली कंपनी के द्वारा समय परिवर्तन कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि रात्रि में शेड्यूल बदलने के कारण अधिकांश किसान जंगल में रात्रि के समय अपने खेतों पर पहुंच भी नहीं पाते हैं तथा समय का परिवर्तन कर आम किसानों को परेशान किया जा रहा है। जबकि एक और मौसम के परिवर्तन के चलते शीत लहर का प्रकोप दूसरी और बिजली कंपनी के द्वारा रात्रि के विद्युत पंप शेड्यूल के समय में परिवर्तन कर किसानों को परेशान किया जा रहा है।

### क्या बोले किसान

क्षेत्र में बिजली कंपनी के द्वारा जंगल के रात्रि में विद्युत पंप के किए गए शेड्यूल के परिवर्तन को फिर से बदला जाए। ताकि किसान ठिठुरन से बचे। सरकार को किसानों का ध्यान रखना चाहिए।

**चंदर सिंह परमार**

रात्रि दो बजे विद्युत सप्लाई सिंचाई के लिए देना गलत है। या तो रात्रि में 8 बजे रात्रि से चालू करे या फिर पुरे 10 घंटो तक दिन में ही विद्युत सप्लाई विद्युत कंपनी करें। ताकि सर्दी में हमें परेशान न होना पड़े। लेकिन कंपनी और जनप्रतिनिधियों को किसान की जरा भी चिंता नहीं है। किसान ठिठुरने को मजबूर हो रहे है।

**पप्पु कलमोदिया**

रात्रि में शेड्यूल बदलने के कारण अधिकांश किसान जंगल में रात्रि के समय अपने खेतों पर पहुंच भी नहीं पाते हैं तथा समय का परिवर्तन कर आम किसानों को परेशान किया जा रहा है।

**मुकेश गोस्वामी**

किसानों को रात में 2 बजे बिजली दी जा रही है। जबकि एक और मौसम के परिवर्तन के चलते शीत लहर का प्रकोप दूसरी और बिजली कंपनी के द्वारा रात्रि के विद्युत पंप शेड्यूल के समय में परिवर्तन करने से किसानों को मशक्कते आ रही है। सरकार को किसानों की चिंता नहीं है, इसलिए कडकडाती सर्दी में किसान खेतो में खडा रहता है।

**देवनारायण नागर**

### बोले जिम्मेदार

बिजली कंपनी के द्वारा ऊपर से मिले निदेर्शों के अनुसार ही विद्युत पंपों की सप्लाई दी जा रही है। दूसरे सप्ताह में इस में परिवर्तन होता है और रात्रि में तय नियमानुसार सप्ताई हम देते है।

**विद्या सागर सिंह, एई, मप्रमक्षेविविकं, सारंगपुर।**

### कायस्थ समाज द्वारा सामाजिक मिलन एवं स्नेह भोज का कार्यक्रम संपन्न

# समाज के उत्थान के लिए एकजुट होना जरूरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना




कायस्थ समाज तराना द्वारा सामाजिक मिलन एवं स्नेह भोज समारोह का आयोजन निगम धर्मशाला में किया गया। इस एस डी एम बृजेश सक्सेना,ज्योति श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रहे साथ ही आभा निगम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का विकास परिषद विशेष अतिथि दीपक श्रीवास्तव देवास अध्यक्ष विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित में रहे। इस उपलक्ष पर भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना कर महा आरती की गई। साथ पूर्व अध्यक्ष विपुल निगम के 2 वर्ष के कार्यकाल को पूर्ण होने पर वर्तमान में अध्यक्ष पद पर कमल निगम को कायस्थ विकास परिषद के अध्यक्ष की घोषणा कर नियुक्ति पत्र सौंपा गया व आने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया।

इस अवसर पर एस डी एम सक्सेना ने कहा की समाज के उत्थान के लिए समाज को एकजुट होना जरूरी है और समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम से ही समाज संगठित हो सकता है। ज्योति सक्सेना द्वारा योग एवं मूल्य पर आधारित जीवन शैली के माध्यम से मानव रूपांतरण के लिए ज्ञान के महत्व की बात कर सभी समाज को प्रतिदिन ध्यान करने के महत्व को समझाया। आभा योगेश निगम ने कहा कि समाज को एकजुट होने के लिए सामाजिक कार्यों में सहभागिता जरूरी है जिससे विचारों के आदान-प्रदान से व छोटे-छोटे कार्यों से समाज का नाम और महत्व बढ़ता है। दीपक श्रीवास्त तराना ने भी चित्रगुप्त उद्यान का निर्माण करवाने व प्रति गुरुवार भगवान चित्रगुप्त महाराज की आरती करना चाहिए। साथ ही साथ फार्मा ग्लोबल के प्रेसिडेंट विजय पाटीदार ने बच्चों की कार्यशाला निगम धर्मशाला करने की बात कही जिससे बच्चे लाभान्वित होगे।

इस उपलक्ष पर संतोष निगम योगेश निगम संजय निगम रमन निगम गणेश निगम अजय निगम विजय पाटीदार अजय हाड़ा एवं समस्त समाजजन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत कर आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को प्रस्तुत किया संतोष निगम द्वारा आगामी समय में कार्यकारिणी बनाने की भी बात कही जिससे समाज में समय समय पर समाज को एकत्रित किया जा सकेगा इस कार्यक्रम में महिला विंग की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमन निगम, रिंकू निगम नीलू निगम मंजुला निगम स्वाती निगम प्रिया निगम की सर्व सहमति से बनाया और महिला मंडल द्वारा सुमन निगम का स्वागत किया गया अंत में आभार संजय निगम द्वारा माना गया।

## दुध में मिलावटखोरों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा- कलेक्टर

### फूड सेफ्टी की एक भी एफआईआर नहीं होने पर जताई नाराजगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिला स्तरीय स्टेयरिंग समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि मई 2025 से अभी तक जिले में एक भी फूड सेफ्टी कि एफआईआर नहीं हुई हैं। जिस पर कलेक्टर ने गंभीर नाराजगी जाहिर करते हुए दोनों फूड सेफ्टी इस्पेक्टरों को प्रतिमाह रोटेशन बनाकर सेम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा की विभाग द्वारा कोई भी कार्यवाही नही करना चिंताजनक हैं। बैठक में उन्होंने जिला जेल व उप जेल में भी माह में दो बार निरीक्षण करने के निर्देश फूड सेफ्टी अधिकारी को दिए। साथ ही एमडीएम, आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावासों व सभी अस्पतालों में संचालित केंटीनों को भी फूड सेफ्टी लाईसेंस लेने के निर्देश दिए। बैठक में बताया कि जिले में वर्तमान में लगभग 9 हजार फूड सेफ्टी लाइसेंस जारी हुए है जनसंख्या के हिसाब से लगभग 14 हजार लाइसेंस जारी होने चाहिए थे। कलेक्टर ने फूड सेफ्टी अधिकारी को निर्देश दिए कि दुध की संघन जांच करें मिलावट पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि दुध में मिलावट करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

## सांसद खेल महोत्सव में हुए अनेक खेल

**सारंगपुर।** सारंगपुर विकास खंड स्तर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में हुआ, जिसमें खो-खो, बेडमिंटन, रस्साकस और नीबू दौड़ सम्पन्ना हुई। खेल प्रतियोगिता में ब्लाक के कई छात्रों ने हिस्सा लिया। खेला खिलाडियों में उत्साह भरपूर पाया गया। इस मौके पर संयोजक भरत भैरवे, नीलेश गौर, लाल सिंह लोधा आदि ने पूर्ण योगदान दिया। खेल प्रतियोगिता में मुख्य रूप विकास अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्हौरे, सीईओ हेमेंद्र गोविल, बीईओ सुरेश विरमाल, दुरेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## 85 वर्षीय कमला बाई चौहान का निधन



**सुसनेर।** ग्राम कजलास में सौंधिया राजपूत समाज की वरिष्ठ कमला बाई का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा ग्राम कजलास में स्थित उनके निवास से प्रारंभ हुई।शोकसभा में सरदारसिंह रलायती एवं मार्केटिंग अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह कांवल ने अपने संबोधन में उनको विन्रम, मिलनसार, धार्मिक महिला बताकर उनको याद किया। अंतिम संस्कार गायत्री मंत्रोच्चार से किया गया। सरदारसिंह रलायती ने अंतिम संस्कार गायत्री परिवार विधि से सम्पन्न करवाया। मुखाग्नि उनके पुत्र गुमानसिंह चौहान, चंदरसिंह चौहान, नारायणसिंह एवं भगवानसिंह चारों पुत्रों ने दी।

### सुसनेर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, भाजपा नेताओं ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

# लोकसभा स्तरीय स्पर्धा में विजेता अब राजगढ़ में दिखाएंगे हुनर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

विधानसभा स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय परिसर में किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्साकशी सहित विभिन्न खेल स्पधाओं का सफल आयोजन हुआ। इसमें सोयत, नलखेड़ा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।



इस अवसर पर जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह चंद्रावत, मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, सोयत मंडल अध्यक्ष अमित नागर, मोड़ी मंडल अध्यक्ष बजरंग पाटीदार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, जितेंद्र सांवला, लक्ष्मण सिंह कावल, गिरजा शंकर राठौर, भूपेंद्र शास्त्री, कालू सिंह नाहरखेड़ा, आदित्य शर्मा (सांसद के निजी सहायक), बाबूलाल यादव, पार्षद प्रदीप सोनी, प्रदीप दागी (सोयत), मितेश व्यास जिला खेल समन्वयक राजगढ़, खेल समन्वयक सोनू पाटीदार, जिले के शासकीय व अशासकीय खेल समन्वयक सहित अनेक पदाधिकारी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### विजेता रहे खिलाड़ी

खो-खो प्रतियोगिता में सुसनेर विजेता तथा नलखेड़ा उपविजेता रहा। कबड्डी में सुसनेर ने प्रथम व सोयत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में नलखेड़ा विजेता एवं खेरिया उपविजेता रहा। बैडमिंटन एवं कुश्ती सहित अन्य खेलों के विजेता खिलाड़ी अब लोकसभा स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राजगढ़ जाएंगे।

## मिथुन यादव बने भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

**भौरासा।** प्रदेश में हाल ही में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा 780 ब्लॉक अध्यक्षो का ऐलान किया गया है वही प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन



उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा जिलों के अंतर्गत नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो की नियुक्ति की गई। इसी क्रम मे पूर्व कैबिनेट मंत्री सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा व देवास जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी एव पूर्व देवास शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी की अनुशंसा पर सोनकच्छ विधानसभा के भौंरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर मिथुन यादव को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है मिथुन यादव पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के कट्टर समर्थकों में माने जाते हैं यह अपनी पार्टी के लिए हमेशा तत्पर्य रहते हैं इनके ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर इष्टमित्रों के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

## पाटीदार समाज के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया



**सुसनेर।** पाटीदार समाज के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णकांत पटेल का पाटीदार समाज व अन्य समाज जनों ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु पाटीदार के निवास पर हार माला से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्णकांत पाटीदार ने सभी समाज जनों से खेती के साथ व्यापार धंधे में भी आने के साथ ही अन्य समाज जनों से भी मिल जुल कर रहनें का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला पाटीदार समाज के अध्यक्ष कैलाश पटेल, कांग्रेस विधानसभा संगठन मंत्री आशिक हुसैन बोहरा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सरदारसिंह सारखा, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र वेदिया, अमन पाटीदार, शेलेद् पाटीदार, रघु पाटीदार, बिट्ठल पाटीदार श्याम नगर, जगन्नाथ पाटीदार सहित जीवन पाटीदार युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष मंदसौर, नंदकिशोर पाटीदार, राधेश्याम बालोत नलखेड़ा, ललित पाटीदार सुसनेर, राकेश पाटीदार, कन्हैयालाल कुलमी व समाज एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**खिलचीपुर ।** विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमें एथलेटिक्स ,गुल्ली डंडा,वालीबाल ,क्रिकेट आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। क्षेत्र के समस्त हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों से खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ विकासखंड शिक्षा अधिकारी चुन्नीलाल दांगी ,उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिलचीपुर के प्राचार्य बालकृष्ण दांगी ,क्रीड़ा अधिकारी शाहिद खान ,जिला खेल प्रतिनिधि श्री तिवारी तथा अन्य कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## गौशरण भक्त मण्डल पिछले 10 वर्षो से जनकल्याण कार्य में अग्रणी



**ब्यावरा।** नर सेवा ही नारायण सेवा को सार्थक कर रहे नगर की सामाजिक धार्मिक पंजीकृत संस्था गौशरण भक्त मण्डल ने वर्तमान में कम्बल वितरण अभियान चला रखा है जो कि समाज के जरुरतमंदो को गर्म वस्त्र वितरित कर रहे। नगर की सामाजिक धार्मिक पंजीकृत संस्था गौ शरण भक्त मण्डल के कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर के सानिध्य में पिछले 10 वर्षों से सेवा कार्य में अग्रणी समय समय पर समाज के बीच जाकर नशा मुक्ति अभियान, पौधारोपण अभियान, गौसेवा, राष्ट्रसेवा जैसे कार्यो के प्रति समर्पित है, गर्म वस्त्र वितरण अभियान के अवसर पर संत रोहित नागर, प्रदीप शर्मा, रामगोपाल मीना, आचार्य द्वारका प्रसाद, भाजपा उपाध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी, राजेन्द्र पराशर, ब्रजेश त्रवेदी, मोहन गुर्जर, सुरेश यादव, पीडी, रामेश्वर दांगी, ब्रजमोहन शर्मा, मुकेश कुशवाह, कमल गोड़, मनीष मीना, संजय मीना, मुकेश बेंजो आदि उपस्थित रहे।

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने हाल ही में एक फैशन इवेंट में हिस्सा लिया है। उन्होंने शानदार ड्रेस में रैंप वॉक की है। सोशल मीडिया पर उनका वीडियो वायरल है।

## कलरफुल ड्रेस में मृणाल का रैंप वॉक, अदाओं से जीता फैंस का दिल





अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी बेहतरीन अदाकारी के साथ अपने जबरदस्त लुक और स्टाइल के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में वह एक फैशन इवेंट में नजर आईं। यहां उन्होंने खूबसूरत ड्रेस में रैंप वॉक किया। अभिनेत्री के लुक की काफी तारीफ हो रही है। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आइए डालते हैं एक नजर।

### वायरल हो रहा मृणाल ठाकुर का वीडियो

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि मृणाल ठाकुर ने कलरफुल ऑफ शोल्डर ड्रेस में गौरी एंड नैनिका के लिए रैंप वॉक किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रैंप वॉक करते हुए मृणाल ठाकुर काफी खुश हैं। वह चेहरे से शानदार एक्सप्रेशन दे रही हैं।

### मृणाल ठाकुर का वर्कफ्रंट

मृणाल ठाकुर हिंदी के अलावा मराठी और तेलुगु फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वह आखिरी बार बॉलीवुड फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में नजर आई थीं। जल्द ही वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में', 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का हिस्सा होंगी।

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों फिल्म 'धुरंधर' का बोलबाला है। यह 450 करोड़ के क्लब में शामिल होने की तरफ बढ़ रही है। जानिए फिल्म का बुधवार का कलेक्शन।

## 450 करोड़ के क्लब में शामिल होने की तरफ बढ़ी 'धुरंधर'




रणवीर सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'धुरंधर' को रिलीज हुए आज तेरहवां दिन है। इसने हर दिन बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। फिल्म 400 करोड़ के क्लब में शामिल हो चुकी है। अब इसकी निगाहें 450 करोड़ के क्लब पर हैं। आइए जानते हैं फिल्म ने बुधवार को बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन किया है?

### 'धुरंधर' का तेरहवें दिन का कलेक्शन

5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'धुरंधर' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 28 करोड़ रुपये से खाता खोला। पहले हफ्ते में इसने 207.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे रविवार को फिल्म ने 58 करोड़ रुपये की कमाई की। यह इसका अब तक का सबसे ज्यादा कलेक्शन है। बुधवार को खबर लिखे जाने तक इसने 15.77 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इन आंकड़ों में बढ़ोतरी हो सकती है।

### 450 करोड़ के क्लब की ओर

फिल्म के टोटल कलेक्शन की बात करें तो इसने खबर लिखे जाने तक 427.52 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। बीते कल फिल्म 400 करोड़ के क्लब में शामिल हो चुकी है। अब इसकी नजरें 450 करोड़ के क्लब में शामिल होने पर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 250 करोड़ रुपये है। बजट के हिसाब से फिल्म अच्छा कलेक्शन कर रही है।


### 'धुरंधर' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन

'धुरंधर' के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 639 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ने की तरफ बढ़ रही है। इस साल रिलीज हुई विक्की कौशल की 'छावा' ने 797.34 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' है।

### फिल्म की स्टार कास्ट

'धुरंधर' में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और सारा अर्जुन हैं। इसकी कहानी एक भारतीय जासूस पर आधारित है। फिल्म की कामयाबी को देखकर मेकर्स ने इसके दूसरे पार्ट 'धुरंधर 2' के रिलीज का एलान कर दिया है। यह अगले साल 19 मार्च को रिलीज होगा।

### सोनाली बेंद्रे की पोस्ट में अक्षय खन्ना को देख कर यूजर्स हुए खुश, शेयर किए 'धुरंधर' के मीम




सोनाली बेंद्रे की अदाकारी वाली फिल्म 'दहेक' 17 दिसंबर 1999 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म को रिलीज हुए आज 26 साल हो चुके हैं। इस मौके पर सोनाली बेंद्रे ने फिल्म वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है। पोस्ट पर यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं और सोनाली की तारीफ कर रहे हैं। इसी के साथ यूजर्स अक्षय खन्ना को भी याद कर रहे हैं।

सोनाली बेंद्रे की पोस्ट पर जहां यूजर्स अभिनेत्री की तारीफ कर रहे हैं, वहीं वह अक्षय खन्ना को भी याद कर रहे हैं। कई यूजर्स ने कमेंट बॉक्स में अक्षय खन्ना के 'धुरंधर' के मीम शेयर किए हैं। एक यूजर ने पूछा है 'आप सभी को भी बॉलीवुड के अक्षय खन्ना की याद आ रही है क्या?' एक और यूजर ने लिखा है 'हर जगह अक्षय खन्ना। ईमानदारी से कहूं तो यह एक्टर की काबिलियत के साथ इंसाफ है।' एक और यूजर ने लिखा है 'अक्षय खन्ना'। इसके साथ उन्होंने दिल वाला इमोजी कमेंट किया है।

रानी मुखर्जी के फैन देश ही नहीं दुनिया भर में मौजूद है। हाल ही में रानी मुखर्जी से मिलने के लिए एक फैन इंडोनेशिया से आई। सोशल मीडिया पर रानी मुखर्जी और उनकी फैन का वीडियो वायरल है।

एक्ट्रेस की वजह से बदला अपना नाम

## रानी मुखर्जी से मिलने इंडोनेशिया से आई फैन

रानी मुखर्जी अपनी वुमन सेंट्रिक फिल्मों के लिए ज्यादा जानी जाती हैं। महिला दर्शकों को उनकी फिल्में पसंद आती हैं। देश नहीं विदेश की महिलाएं भी रानी की फैन है। हाल ही में एक फैन इंडोनेशिया से खासतौर पर रानी मुखर्जी से मिलने के लिए आई। वह रानी मुखर्जी से मिलकर काफी खुश हुईं।

### प्रेग्नेंट होने के बावजूद रानी मुखर्जी से मिलने पहुंची फैन

वायरल वीडियो में जब रानी मुखर्जी से यह इंडोनेशिया फैन मिलती है तो काफी खुश नजर आती है। वह एक्ट्रेस के साथ सेल्फी लेती है। साथ ही बताती है कि वह प्रेग्नेंट है। इसके बावजूद वह रानी मुखर्जी से मिलने आई क्योंकि वह उनकी बहुत बड़ी फैन है। यहां तक कि रानी मुखर्जी के नाम पर इस फैन ने अपना लास्ट नेम बदल दिया है। अपने लास्ट नेम को मुखर्जी कर लिया है। इस फैन का नाम लीना मुखर्जी है। यूजर्स ने भी रानी मुखर्जी और उनकी फैन की इस खास मुलाकात को खूब पसंद किया। हार्ट इमोजी का रिएक्शन देकर रानी मुखर्जी और उनकी फैन पर प्यार बरसाया।

### रानी मुखर्जी की आने वाली फिल्में

साल 2023 में रानी मुखर्जी ने फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नार्वे' की थी। इस फिल्म के लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड भी मिला। तीन साल से उन्होंने कोई फिल्म नहीं की। लेकिन अगले साल वह फिल्म 'मदार्नी 3' और 'किंग' में नजर आएंगी। 'मदार्नी 3' रानी मुखर्जी की 'मदार्नी' फ्रैंचाइज का ही अगला पार्ट का है। वहीं 'किंग' फिल्म में शाहरुख खान के साथ वह अभिनय कर रही हैं। रानी और शाहरुख काफी समय बाद एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे।




# Sport

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांचवां टी20 मुकाबला शुक्रवार को होगा। शुभमन गिल का इस मैच में खेलना तय नहीं है, ऐसे में टीम प्रबंधन संजू सैमसन को एकादश में शामिल कर सकता है।

## टी20 सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत

### बुमराह की होगी वापसी; संजू सैमसन का खेलना तय?

अहमदाबाद। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा। भारतीय टीम इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। भारत के पास वनडे के बाद टी20 सीरीज जीतने का भी अच्छा अवसर है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द हो गया था।

### कप्तान सूर्यकुमार की फॉर्म चिंता का विषय

यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस सीरीज को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फॉर्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए।

**हर्षित को मिलेगा मौका?:** तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं, जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि बुमराह की वापसी के बाद हर्षित को प्लेइंग-11 में मौका मिलता है या नहीं। अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के लिए चुनौती पेश करेगी।




### गिल का खेलना संदिग्ध

दूसरी तरफ, उपकप्तान शुभमन गिल पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं।

### चौथा टी20 रद्द होने पर शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा, तिरुवनंतपुरम में मैच कराने की मांग की



**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा टी20 मुकाबला कोहरा के चलते रद्द हो गया। अब इसे लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को घेरा है। थरूर ने लखनऊ में वायु गुणवत्ता की आलोचना की है और ऐसी परिस्थिति में अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए हैं।

**थरूर ने बीसीसीआई से तिरुवनंतपुरम में मैच कराने कहा:** थरूर ने एक्स पर लिखा, क्रिकेट प्रशंसक लखनऊ में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मैच के शुरू होने का व्यर्थ ही इंतजार कर रहे थे। उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में व्याप्त घने कोहरे और 411 अदकहोने के कारण दृश्यता इतनी खराब है कि क्रिकेट मैच संभव नहीं है। उन्हें यह मैच तिरुवनंतपुरम में आयोजित करना चाहिए था जहां अदकलगभग 68 है।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीसरा एशेज टेस्ट मैच एडिलेड में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 371 रन पर ऑलआउट हुई। इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही, लेकिन बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने टीम की पारी को संभाले रखा है।

## ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दिखाया दम, स्टोक्स-आर्चर ने इंग्लैंड को संभाला

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीसरे एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। इंग्लैंड ने स्टंप्स तक पहली पारी में आठ विकेट पर 213 रन बनाए हैं और वह फिलहाल ऑस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे चल रहा है। दिन के खेल की समाप्ति तक बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर क्रीज पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 371 रन बनाए थे।



### इंग्लैंड को लगे शुरूआती झटके

इससे पहले, कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन ने शानदार गेंदबाजी की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड को पहली पारी में शुरूआती झटके दिए। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद उतरी इंग्लैंड को जैक क्रावले और बेन डकेट ने अच्छी शुरूआत दिलाई।

### स्टोक्स-ब्रूक के बीच हुई साझेदारी

शुरूआती झटकों के बाद स्टोक्स और हैरी ब्रूक ने इंग्लैंड को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 56 रनों की साझेदारी हुई जिससे इंग्लैंड का स्कोर 120 रन के पार पहुंच गया। यह साझेदारी और बड़ी होती उससे पहले ही ग्रीन ने ब्रूक को आउट कर दिया। ब्रूक 63 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद स्टोक्स ने जैमी स्मिथ के साथ मिलकर पारी को संभाला और दोनों के बीच 32 रनों की साझेदारी हुई। कमिंस ने फिर स्मिथ को आउट किया जो 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर बोलैंड ने पहले विल जैक्स को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई जो छह रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने फिर ब्राइडन कार्स को खाता खोले बिना आउट किया।

**ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी:** विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के करियर के तीसरे शतक और उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में अच्छा स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन आठ विकेट पर 326 रन से शुरूआत की।

## विजय हजारे ट्रॉफी के लिए कर्नाटक की टीम घोषित

**बंगलूरू।** कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट के लिए टीम घोषित कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की नीति के तहत केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल और प्रसिद्ध कृष्णा को इस टूर्नामेंट के लिए कर्नाटक टीम में जगह मिली है। बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों को विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का निर्देश दिया है।



**मयंक अग्रवाल के नेतृत्व में उतरेगी टीम:** कर्नाटक को ग्रुप ए में झारखंड, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, त्रिपुरा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के साथ रखा गया है। टीम अपने लीग मैच अहमदाबाद में खेलेगी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट में टीम के नहीं पहुंचने के बावजूद मयंक अग्रवाल को कप्तान बनाए रखा गया है। करुण नायर उपकप्तान हैं।

**विजय हजारे ट्रॉफी के लिए कर्नाटक की टीम:** मयंक अग्रवाल (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर, आर स्मरण, केएल श्रीजीत, अभिनव मनोहर, श्रेयस गोपाल, वैशाख विजयकुमार, एल मनवंत कुमार, श्रीशा एस अचार, अभिलाष शेट्टी, बीआर शरत, हर्षित धरमानी, ध्रुव प्रभाकर, केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा।

विश्व नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने अपने लंबे समय के कोच जुआन कार्लोस फरेरो से अलग होने की घोषणा की। फरेरो के मार्गदर्शन में अल्कराज ने छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर टेनिस की दुनिया में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

## टेनिस जगत में बड़ा बदलाव, अल्कराज-फरेरो की सफल जोड़ी बिछड़ी; खत्म हुई सात साल की साझेदारी

**नई दिल्ली।** विश्व के शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने अपने लंबे समय से कोच रहे जुआन कार्लोस फरेरो के साथ सात साल की सफल साझेदारी समाप्त करने का फैसला किया है। फरेरो वही कोच हैं जिन्होंने अल्कराज को पुरुष टेनिस के शिखर तक पहुंचाया।

### 15 साल की उम्र से फरेरो ने दी अल्कराज को कोचिंग

अल्कराज ने बुधवार को सोशल मीडिया पर इस फैसले की घोषणा की। वहीं फरेरो ने अलग बयान में अपने शिष्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे इस साझेदारी को जारी रखना चाहते थे। फरेरो ने अल्कराज को 15 साल की उम्र से कोचिंग दी, जिसके दम पर स्पेनिश स्टार ने कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। इनमें दो फ्रेंच ओपन, दो विंबलडन और दो यूएस ओपन शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 24 एटीपी टूर खिताब अपने नाम किए, जिनमें आठ मास्टर्स 1000 ट्रॉफियां शामिल हैं।



22 वर्षीय अल्कराज ने लिखा, 'सात साल से ज्यादा समय साथ बिताने के बाद, जुआनकी और मैंने कोच और खिलाड़ी के रूप में अपनी यात्रा को यहीं समाप्त करने का फैसला किया है। मेरे बचपन के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए धन्यवाद। जब हमने यह सफर शुरू किया था, तब मैं बस एक बच्चा था। आपने कोर्ट के अंदर और बाहर, हर कदम पर मेरा साथ दिया। मैंने इस यात्रा के हर पल का भरपूर आनंद लिया।'

### 'अलविदा कहना कभी आसान नहीं होता'

फरेरो के साथ ही अल्कराज 2022 में 19 साल की उम्र में यूएस ओपन जीतकर एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 बनने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। फरेरो ने कहा, 'आज का दिन मुश्किल है। ऐसे मौकों पर सही शब्द ढूंढना आसान नहीं होता। अलविदा कहना कभी आसान नहीं होता, खासकर तब जब इतने अनुभव साथ साझा किए हों। हमने कड़ी मेहनत की, साथ बढ़े और अविस्मरणीय पल जिए।'

## न्यूज कॉलम

### कारुण्य पेलिएटिव केयर के लिए आयुष डॉक्टरों की ट्रेनिंग

**इंदौर।** कैंसर, लकवा जैसी गंभीर बीमारियों के लिए भारत सरकार, राष्ट्रीय आयुष मिशन जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर जिले में कारुण्य प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई है, जिसमें इंदौर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गंभीर बीमारियों के मरीजों को घर पहुंच इलाज एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी, ताकि वह अपना जीवन आसानी से बिता सके। इस कार्य के लिए 55 आयुष डॉक्टर को शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में ट्रेनिंग दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अजीत पाल सिंह चौहान प्राचार्य एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. हंसा बारिया, जिला आयुष अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. नीरज कानूनगो, डॉ. अजीत ओझा एवं डॉ. अनुराग भट्ट ने पेलिएटिव केयर पर व्याख्यान दिया। कारुण्य प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. अखलेश भार्गव विभाग अध्यक्ष शल्य तंत्र ने बताया कि कैंसर एवं अन्य बीमारियों के लिए घर-घर आयुष चिकित्सा पहचाना उद्देश्य है एवं रोगों के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी, ताकि बीमारियां न हो। कार्यक्रम के पश्चात आभार प्रदर्शन डॉ. शेखर पटेल के द्वारा किया गया।

### अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री सील



**इंदौर।** देपालपुर क्षेत्र के ग्राम जलोदिया पार में स्थित भूमि सर्वे नम्बर 162/2 एवं 163/2 भूमि स्वामी आदित्य राज पिता बहादुर सिंह चावड़ा के स्वामित्व की भूमि पर अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री संचालित होने की सूचना प्रशासन को प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी देपालपुर राकेश मोहन त्रिपाठी के निर्देशानुसार कार्यपालिक दण्डाधिकारी नागेन्द्र त्रिपाठी के द्वारा निरीक्षक पुलिस थाना देपालपुर रंजीत सिंह बघेल एवं अन्य पुलिस टीम व राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से मौके का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त स्थल पर बिना वैध अनुमति, लाइसेंस के पटाखा निर्माण संबंधी गतिविधियाँ की जा रही थीं, जो नियमों के विरुद्ध हैं। निरीक्षण के समय मौके पर कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं पाया गया। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से मौके पर कोई संसाधन उपलब्ध नही थे। मौके पर उपलब्ध सामग्री, (पटाखा सुतलीबम) 13 बोरी व पटाखा बनाने की सामग्री लगभग 05 बोरी (100 कि.ग्रा.) स्थल पर पाई गई, जो कि सील किया गया तथा नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया। पंचनामा एवं सीलिंग की कार्यवाही पुलिस एवं राजस्व अमले की उपस्थिति में संपन्न की गई। उक्त अवैध गतिविधि विस्फोटक अधिनियम एवं अन्य संबंधित नियमों का उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

### अवैध रूप से संग्रहित बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर किये जप्त

**इंदौर।** सार्वजनिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अवैध रूप से गैस सिलेंडरों के क्रय-विक्रय, भण्डारण, परिवहन तथा उपयोग करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत सांवेर क्षेत्र में दो स्थानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संग्रहित बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर जप्त किये गये। जिले के ग्राम सोलसिंदा तहसील सांवेर में अवैधानिक रूप से एलपीजी गैस सिलेण्डरों के भण्डारण की सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम सांवेर घनश्याम धनगर के मार्गदर्शन पर तसीलदार पूनम तोमर द्वारा मय पुलिस बल के जांच की गई। जिसमें ग्राम सोलसिंदा की भूमि सर्वे नम्बर 330/2/1 जो कि रियाजुलहसन पिता रईसउल हसन के खेत में निर्मित टीन शेड में घरेलु गैस के 22 एलपीजी सिलेण्डर रखे हुए पाए गए।

### विकास में सबका सम्मान, सबका योगदान

**इंदौर।** भोपाल में विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया गया, जो आत्मनिर्भर एवं विकसित मध्य प्रदेश-2047 के विजन को समर्पित रहा। इस विशेष सत्र की चर्चा की शुरूआत नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने की। सदन को संबोधित करते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि मध्य प्रदेश के विकास में सभी का महत्वपूर्ण और सम्माननीय योगदान रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश आज जिस मुकाम पर खड़ा है, वह सामूहिक प्रयासों, दूरदर्शी नीतियों और निरंतर विकास कार्यों का परिणाम है। उन्होंने इस दिन को सार्थक और ऐतिहासिक चर्चा का दिन बताते हुए कहा कि ऐसे विमर्श से यह सुनिश्चित होगा कि वर्ष 2047 तक मध्य प्रदेश एक पूर्णतः विकसित प्रदेश के रूप में उभरे और विकसित भारत के निर्माण में उसकी निर्णायक भूमिका हो।

### राज कुशवाह से भाई-बहन जैसे रिश्ते, शिलॉन्ग कोर्ट में लगाई जमानत याचिका

# राजा हत्याकांड में सोनम का दावा- मैं शादी से खुश थी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मामले की मुख्य आरोपी और राजा की पत्नी सोनम की जमानत याचिका शिलॉन्ग कोर्ट में दायर किए जाने की पुष्टि हुई है। इसकी जानकारी सोनम के भाई गोविंद ने दी है।

जमानत याचिका में सोनम ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा है कि वह शादी से खुश थी। उसने राज कुशवाह के साथ अपने संबंधों को भाई-बहन जैसा बताया है। सोनम के भाई गोविंद के मुताबिक, उन्हें जमानत याचिका दायर होने की सूचना तो मिली है, लेकिन याचिका की शर्तों और कोर्ट की कार्यवाही की विस्तृत जानकारी नहीं है। उन्होंने वहां के वकील से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी।



**सोनम समेत चार आरोपी जेल में बंद**

इधर, मृतक राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने आरोप लगाया है कि सोनम की जमानत याचिका के पीछे उसके परिवार के लोग मदद कर रहे हैं। बता दें कि राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम सहित चार आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं। मामले में कुछ गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं, जबकि अन्य के बयान अभी होना बाकी हैं।

**जमानत याचिका को लेकर राजा के परिवार में आक्रोश**

नवंबर में राजा के भाई विपिन रघुवंशी दो बार शिलांग कोर्ट में उपस्थित होकर बयान दर्ज करा चुके हैं। ऐसे समय में सोनम की जमानत याचिका लगाए जाने की जानकारी मिलने के बाद राजा के परिवार में गहरा रोष है। परिवार का कहना है कि जब तक पूरे तथ्य सामने न आ जाएं, तब तक जमानत का प्रयास न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है।

**सहेलियां हुई थी कोर्ट में पेश**

ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की दो सहेलियां सात दिन पहले अदालत में पेश हुई थीं। गुरुवार को शिलॉन्ग कोर्ट में चली सुनवाई में दोनों युवतियां इंदौर से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुईं। दीपांशी और प्रियांशी की पेशी के लिए सरकारी वकील ने कोर्ट से मांग की थी। उन्हें इसका नोटिस 27 नवंबर 2025 को मिला था। यह सरकारी वकील का दूसरा नोटिस था। पहले नोटिस पर दोनों शिलॉन्ग में उपस्थित नहीं हुई थीं।

# राऊ क्षेत्र में फटाखों के अवैध रूप से विक्रय करने पर दुकान सील

### सुरक्षा संबंधी मानकों का पालन नहीं करने पर एक फीड प्रोडक्शन यूनिट भी सील की गई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इन्दौर**

जिले में अवैध रूप से संचालित गतिविधियों के विरुद्ध कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज राऊ क्षेत्र के प्रशासनिक अमले ने दो स्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की है। पटाखों का अवैध रूप से विक्रय किए जाने पर एक पटाखा विक्रय संस्थान को सील किया गया है। साथ ही एक अन्य कार्रवाई में सुरक्षा संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर ग्रो वेल फीड प्रोडक्शन यूनिट को भी सील कर दिया गया है।

राऊ क्षेत्र के एसडीएम गोपाल वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान अवैध रूप से पटाखों का विक्रय करते पाए जाने पर चांद सितारा पटाखा हाउस के विरुद्ध कार्रवाई की गई और प्रतिष्ठान को सील किया गया। इसी तरह एक अन्य निरीक्षण की कार्रवाई में ग्रो वेल फीड प्रोडक्शन यूनिट में आवश्यक अनुमति एवं निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जाना पाया गया, जिस पर प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए यूनिट को सील किया गया। इसके साथ ही कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है कि जनसुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं शासकीय नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कलेक्टर वर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रशासन की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**किराये से देना है**
माधवपुर मक्सी रोड पर 1500 स्क्वेयर फीट का गोदाम किराये से देना है। 1500 स्क्वेयर फीट की सुविधा अलग से है।
8519054456

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
**कटे कान जुड़वाएं**
**किडनी की पथरी का अंत तुरंत**
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

Hippo
**BIGG BOSS**
Capsule
NO SIDE EFFECT
For Enquiry : 9244262582
2 कैप्सूल रात को गरम दूध के साथ | लम्बे आनंद भरे पलों के लिए | आयुर्वेदिक, केवल पुरुषों के लिए

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवन्तिका वर्गीकृत**
10 दिन 1000/-
20 दिन 1500/-
1 माह 2000/-
- सम्पर्क करें -
0734-4041777
0731-4085777
77710-90777
विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

**बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान**
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

**इन्दौर क्लिनिक**
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800
शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है**
(25 वर्षो से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

**सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता**
**ए.के. ट्रेडर्स**
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

**प्लाट बेचना है**
खुली भूमि उत्तर से दक्षिण, पूर्व की ओर 95.8 फीट, पश्चिम की ओर 106 फीट और पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर 102.7 फीट, दक्षिण की ओर 99 फीट कुल एरिया 10275 वर्गफीट, जिसके उत्तर में रोड के बाद माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में सुन्दरबाई का मकान और नागूलाल का मकान, पूर्व में रामाजी जाट की गली उर्दूपुरा रोड, पश्चिम में रस्सी गली मुन्सीपल नम्बर पुराना 5/1317, नया नम्बर 12 लाल बाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन जो कि जाधव गुवाड़ी के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करना है।
सम्पर्क सूत्र - 9425002108 ब्रजलाल रांका

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**दैनिक अवन्तिका**
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित हो और कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ निःशुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com